जम्बू द्वीप में छः खंड होने से धातगी खंड पुष्करार्द्ध खंड इनकी ... संख्या होने से तिस प्रमाणे कुलगिरी तिनों के विषै ३० चैत्य जानना तथा धाती ... पुष्करार्द्ध में दो दो इक्षुकार पर्वत हैं तिन चारों के ऊपर चार चार चैत्य जानना ... समय खेत्र के सीमाकारी मानुषोत्तर पर्वत के ऊपर चार चार दिशा में चार चार चै... तथा नन्दीस्वर नामें अष्टम द्वीप वहां पर ५२ चैत्य हैं सो इस प्रकार हैं पूर्व दिशा नन्... श्वर के मध्यदेश में अंजनवरणा अंजनगिरि पर्वत है उसके चार चार दिशा में चा... बावड़ी के मध्य में चार स्वेत वर्णदधि मुख पर्वत है तथा उसी के चारों दिशा में दो दो ... होने से आठ आठ प्रमाणें रतिक पर्वत रहा है यह सब मिलाने से पूर्व दिशा में १३ ... होते हैं इसी तरह से दक्षिण, उत्तर, पश्चिम यही तीनों दिशा में कह गये माफिक ... तेरह तेरह पर्वत मिलाने से ५२ पर्वत होते हैं तिनों के ऊपर एक एक चैत्य होने से ५२ ... चैत्य होते हैं तथा ग्यारहवें कुंडलदीप में चार दिशा में चार चैत्य जानना तथा तेरवें ... रुचिक द्वीप में चार दिशा में चार चैत्य है इस तरह से सर्व संकलना करके तिर्च्छे लोक ... ६३ अधिक ८ सौ चैत्य होते हैं उन चैत्यों के भीतर चार ऊपर ५ हजार बिम्ब की ... ख्या होती है यहां भी एक एक चैत्य में १०८ बिम्ब होने से अब उर्ध्वलोक में सौ... देवलोक सेती लेके पांच अनुत्तर तक ८४ लाख ९७ हजार २३ इतना विमान ... ना एक एक विमान में एक एक चैत्य होने से ८४ लाख ९७ हजार २३ इतने चैत्य ... नके भीतर बिम्ब कितने हैं सो कहते हैं ५१ करोड़ ७६ लाख ७८ हजार ४ सौ ... म्ब हैं एक एक चैत्य १०८ बिम्ब होने से इस प्रकार तीन लोक में रहे हुए ... जिन सम्बन्धी चैत्य तथा बिम्बों की संख्या मिलाने से सत्तान्वे सहस्सा इत्यादिक ... में संख्या बतलाई सो दिखाई यहां पर चैत्य तथा बिम्ब की संख्या अविसंवाद ... भाना तथा कितनेक आचार्य विसमवाद स्थान को अंगीकार करके ऊपर ... ये हैं संख्या उसकी अपेक्षा करके अधिक भी चैत्य और बिम्ब की संख्या ... ी है सो दिखलाते हैं संघाचार नामें चैत्य वन्दन भाष्यवृत्ता में लिखा है॥

...कोडी लक्खवी सयरी अहोयतिरी येदुती सपण सयरा ...सीलक्खा सगनवई सहस्सेते वीसु वरिलोये तेरस कोडी- ...कोड़ी गुण नवई सट्ठिलक्ख अहलोये तिरये तिलक्ख ...ई सहस्स पडिमा दुस्सय चत्तावावननं कोडीसयं ...ईलक्ख सहस चउयाला सत्तसया सट्ठिजु आसासय ...उवरिलोये॥

अर्थ—७ करोड़ ७२ लाख अधोलोक में चैत्य रहे है भवन भवन
संख्या जानना अब तिरछे लोक में ३२ से ७५ ऊपर इतने चेत्य हैं पांच मेरु
दन्ता पर्वत जम्बू सालमलीका आदि लेके दस वृक्ष ८० वस्कार गिरि
वैताढ गिरि ३० कुल गिरि चार इच्छुकारगिर और मानसोतर पर्वत नन्दी
गिरि, रुचिक पर्वत इत्यादिक अविसंवाद स्थानों के विखै चार सौ त्रेसठ पहि
है उसी प्रमाण जानना बाकी संख्या करके चैत्य विसंवाद ठिकानों में वरते
है पांच मेरु की अपेक्षा करके पांच भद्रसाल वन के विखै आठ आठ कूट है
जुदे जुदे एक २ चैत्य अंगीकार करने से ४० चैत्य जानना तथा तीन सौ
संख्या प्रमाण तथा गंगा, सिन्धु आदि नदी प्रपात कुंड के विखै तीन सौ ८
है तथा ८० प्रमाणे पद्म द्रहादिकों में ८० चैत्य जानना तथा ७० प्रमाणे
महानदी के विखै ७० चैत्य जानना तथा ५ देव गुरू के विखै ५ उत्तर कुरु
जानना तथा हजार कंचन गिरी के विखै एक हजार चैत्य जानना तथा
गिरी के विखै वीस चै य जानना तथा वीस वैताढ में याने गोल वैताढ में
जानना तथा जम्बू सालमी आदि मूल दस वृक्षों के विखै दस चैत्य जा
प्रथम अविसवादी स्थान के चैत्य गिनाये है लेकिन उनके परिकर भूत
प्रमाणे जो लघु जम्बू को आदि लेके किणों के विखै उक्त प्रमाण चैत्य ग्रहण
३२ राजधानी के विखै ३२ चैत्य जानना ये विसम्वाद स्थान की संख्या
३२ सै ७५ अधिक चैत्य जानना अब उर्ध लोक में ८४ लाख ९७ हजार
चैत्य कहे प्रति विमान में एक एक चैत्य होने से इस प्रकार प्रथम गाथा का
अब दो गाथा कर के कह गये है चैत्य उन्हों का अनुक्रम कर के विंव संख्या
अधोलोक के विखै १३ सौ कोटि ५१ कोटि ६० लाख प्रतिमा हैं एक एव
१८० विंव संख्या अङ्गीकार करने सेती तथा तिरछे लोक में ३ लाख ९३ ह
४० प्रतिमा जानना तथा नन्दीश्वर द्वीप रुचिक कुंडल द्वीप वगैरह में ६० चैत
प्रत्येक प्रत्येक १ सौ २४ अङ्गीकार करने से वाकी के स्थानों में रहे हुए २
चैत्यों के विखै जुदे जुदे १ सौ २० अङ्गीकार करने से जानना यथा ऊपर लो
५२ कोटि अधिक १ सौ कोटि ९४ लाख ४४ हजार ७ सौ ८ इतनी सा
रही है वारह देव लोक के विखै जो चैत्य है उन्हों में जुदे जुदे १८० विंव
करने सेती जानना तथा नौग्रिवेक पंचानुत्तर के विखै जो चैत्य है उन्हों के
१२० विंव अङ्गीकार करने से जानना ये दूसरी तीसरी गाथा का अर्थ कहा अब
रीति से सर्व चैत्य तथा विंवों की संख्या निरूपण दो गाथा द्वारा करते हैं।

पन्नते पंचधनु सयाई आयाम विखं भेणं सातिरे गाई पंच धनु सयाई उढ उच्चत्तेणं सव्वरयणा मये येथणं अट्ठसयं जिण पडिमा यन्नत्ता ॥

अर्थ—उनों का वर्णन करते हैं—

गाथा—तासिणं जिण पडिमाणं इमे आरुये वर्ण वासे पन्नत्ते तं जहातवणिज्ज मया हत्थ तलपादत लो अंका मयाई नक्खाई अन्तों लोहिअक्ख पडिसे काई कणगा मईयो जंघाओ कणगा मयाऊ जाणूं कणगा मयाऊ उरू कणगा मइयो गाय लट्ठिओ तवणि ज्जमया चुच्चुआ तवणिज्य मयाओ नाभियो रिट्ठमई रोमराइओ तविणिज्य मयासिर वत्था सिल्लप्पवाल मया ओट्ठा फलीहमया दन्ता तविणिज्य मई ओजिहा ओत वणिज्य मई तालुआक णगमइयो नासिकाओ अतोलोहि अरक पडि सेगाआ अंकाम-याणी अत्थीणी रिठा मइयाओ ताराओ रिट्ठामयाणी अत्थि पत्ताणी रिट्ठा मईयो ताराओ रिट्ठा मइयो भंमुहाओ कणगा मया सवणा कणगा मइओ निल्लाड पट्टिआओ वैरामइओ सीस घड़िओ तविणिज्य मइओ केशन्त केश भूमि ओरिट्ठा मया उवरि मुघया तासिणंजिण पडिमाणं पिट्ठओ पत्तेयं पत्तेयं छत्तधरं पडिमा ओहि मरयय कुन्दी दुप्पगा साईस कोरंट मल्लदामाई धवलाईआय वत्ताई सलिलं धारे माणे ओचिट्ठंति तासिणं जिण पडि माणं उभ ओपासे पत्तेय चामरधारा पडिमाओ पन्नत्ताओ चंदप्पभवइ वेरु लाय नाणा मणि रयण खचिय चित्तडंडाओ सुहरययदीह वालाओ संख कुंद दग रयय अमयम हियफेण पुंजस

निगासा ओचा मरायोगहाय सलिलंविय माणाओ चिट्ठंत्ति तासिणं जिण पडिमाणं पुरओ दो दो नाग पणिमा ओ भूय पडिमाओ जिण जख पडिमाओ कुंधधार पडिमाओ सन्निखिताओ चिट्ठंतिताओणं सव्वरैणा मईयो अच्छाओ जावपडिरुआओ तत्थणं तासिणं जिण पडिमाणं पुरओ अट्ठसयं घन्टाणं अट्ठसयं भिंगाराणं येवं आयं साणं जावलोम हत्थ पुष्प चंगेरिणं लोम हत्थ पुष्प पडल गाणं तेलस मुग्गाणं जाव अंजण समुगाणं अट्ठसयं धूव कडुच्च गाणं चिट्ठई ॥

अर्थ—इस प्रकार जम्बूद्वीप गत सर्व सिद्धायतनों के विखै प्रत्येक २ जिन प्रतिमा १०८ छट्टे उपांग वगैरह में दिखलाई है इसी के अनुसार तीनों लोकवर्ती सर्व सिद्धायतनों के विखै प्रत्येक १०८ ही जानना चाहिये इस कारण से कम्म भूमि इत्यादिक स्तोत्र के विखै यही संख्या रक्खी है परन्तु जो इस में कमती या वेशी चैत्यादिक कहांगे तो न्यूनाधिक कहने में तो महा दोप पैदा होजाता है ये वात सत्य है परन्तु इसी लिये स्तोत्र के अन्त में तीन लोकवर्ती सकल सास्वती असास्वती जिन चैत्यों को नमस्कार करना जङ्किंचनामतित्थं इत्यादिक गाथा कही है इस वास्ते कोई भी दोप नहीं तत्व का निर्णय केवलीवावहुश्रुत जानते हैं विवाद में सिद्धी नहीं सम्यक्त दृष्टियों को तो इस प्रकार विचारना चाहिये ।

गाथा—तमेवसच्चं निसंकं जंग जिण वरेदहं पव्वेईयं ॥

अर्थ—सोई सत्य है शंका रहित है सो सर्वज्ञों का कहा हुआ अव कहते हैं कि अविसंवाद स्थानों को अङ्गीकार कर के तीन भुवन में रहे हैं सास्वते जिन चैत्य उन का ऊंचा ही वगैरह का प्रमाण कहते हैं वहां पर वारदेव लोक नवग्रैवेक पंचानोत्तर के विखै तथा नन्दीश्वर कुंडल तथा रुचक नामें तीनों द्वीपों के विपय जो जिन चैत्य हैं वह ऊंचासपणे कर के ७२ जोजन प्रमाणे लम्बासपणें में एक सौ जोजन प्रमाणे और चौड़ा पचास जोजन प्रमाणे जानना तथा कुल गिरी देव गुरु उत्तर कुरु मेरुवन गजदन्तागिरि वखार इनुकार मानसोतर के विपय तथा असुरादि दस निकायों के विपय रहे हैं जो तिन उन का ऊंचापणा ३६ जोजन का जानना ५० जोजन का दीर्घपणा २५ जोजन

का प्रथुलपणा तथा दीर्घ वैताढ़ के विषय मेरु चूलिका तथा जम्बू आदिक वृक्षोंके विषय जो जिन चैत्य हैं सो ऊंचाईपणें मे १२ से ४० धनुक प्रमाणे जानना लम्बाई में दो कोस प्रमाणे जानना चौड़ाई एक कोस की जानना तथा फिर कहते हैं कि नन्दीश्वर रुचक कुंडल इन तीनों द्वीपों में ६० चैत्य रहे हैं उन्हों के प्रत्येक २ चार दरवाजे जानना इन से विनरिक्त याने और अन्य द्वीपों में वहां पर सास्वते जिन चैत्य हैं उन्हों के तीन तीन दरवाजे जानना फिर भी विशेषता दिखलाते हैं सास्वते जो जिन बिंब हैं वो रिसभानन चन्द्रानन वारिषेन और वर्धमान ये चार नाम सेती सास्वते जानना इतने कर के सास्वते चैत्य संबंधी वृत्तांत कहे. अब भक्तीकृत असास्वते चैत्य हैं इन के गुण दोष आदिक निरूपण करते हैं भालनासा मुखारविंद और नख हृदय नाभी गुह्य जांघ गोड़ा पिंडरी चरण इत्यादि ११ स्थानों के विषय वास्तुक ग्रन्थोक्त प्रमाणे नेत्र कान कांधा हाथ तथा अंगुली वगैरह सर्व अवयवों कर के अद्भुतिनम चतुर संस्थान संस्थित पालथी काऊ सग कर के विराजमान सर्वाङ्ग सुन्दर विधिपूर्वक चैत्यादिको मे [illegible] इस प्रकार श्री जिन बिंब की पूजा करे तो सर्व भव्य जीवों के वांछित पदार्थ की सिद्धी होवे कहे हुए लक्षणों से विपरीत होवे तो अशुभ [illegible] जानना चाहिये तथा यथोक्त लक्षण सहित होवे बिंब परन्तु एक सौ वर्ष से पहली के हैं [illegible] अवयवों कर के दूषित हैं तो पूजा के योग्य नहीं परन्तु जो उत्तम पुरुषो ने [illegible] चैत्य में स्थापन किये हैं बिंब को मगर एक सौ वर्ष से आगे का तथा [illegible] भी है तौभी पूजने में दोष नहीं वही बात ग्रन्थांतर मे बतलाई है।

गाथा—वरस सया ओ उड्ढं जं बिंबं उत्तमेहीं स[illegible] [illegible]।
विपुजई तं बिंबं निष्फलं [illegible] ॥

अर्थ—एक सौ बरसके ऊपर जिस जिन बिंबको उत्तम पुरुषोंने स्थापित [illegible] उपांग रहित भी होजावे तोभी पूजा करना चाहिये फिर भी [illegible] नाक नख प्रमुख वगैरह भंग होगया होवे [illegible] आधार परिवार [illegible] में [illegible] धातु लेपादिक बिंब [illegible] [illegible] दुःख होना [illegible] पेट दूबला होवे [illegible] [illegible]

पैदा नहीं होता तथा राजा का भय होवे स्वामी का नास या द्रव्य का नाश होवे तथा शोक सन्तापादिक अशुभार्थ सूचकपणे सेती इस वास्ते सज्जनों के अपूज्य हैं यथा योग्य अङ्गधारक शांत दृष्टि वाले जिन प्रतिमा उत्तम भावसूचक तथा शांति सौभाग्य की वृद्धि कारक इत्यादि शुभार्थ देने वाली प्रतिमा को पूजना चाहिये हमेशा जिस में आनन्द मङ्गल होवे. अब कहते हैं कि गृहस्थ लोगों को अपने घर में जिस प्रकार पूजा करना लायक योग्य प्रतिमा कही है सो दिखलाते हैं।

गाथा—समया वलि सुत्ताओ लवो वल कंठ दंत ।
लाहाणं परिवार माण रहियं घंरमि ना पुयण विम्व ॥

गृहस्थ जो हैं उन को पेश्तर दिखला आये हैं दोष रहित १ अंगुल से ११ अंगुल तक उनमान धारक परिवार सहित सोना रूपा रत्न पीतलमयी सर्वाङ्ग सुन्दर जिन प्रतिमा अपने घर में सेवा करना उक्त परिकर तथा मान कर के रहित भी होवे तथा पाषाण लेप दांत काष्ट लोहमयी तथा चित्रामयी इत्यादिक पूर्वोक्त प्रतिमा की अपने घर में पूजा नहीं करना चाहिये तथा घर देरासर की प्रतिमा सामने वलविस्तार नहीं करना तो क्या करना चाहिये भाव से हमेशा स्नान करवा के तीन काल में पूजन करना चाहिये तथा ११ अंगुल से अधिक प्रमाणे जिन मूर्ती होवें तो मन्दिर में पूजा करना परन्तु घर देरासर में नहीं तथा ११ अंगुल से हीन प्रमाणे मूर्ती होवे तो मन्दिर में भी स्थापित नहीं करना तथा विधि माफिक पूजा करने वाले को तथा जिन विंव वनवाना तथा दूसरेसे उपदेश देके वनवाना इस प्रकार मनुष्योंके सर्वदा रिद्धी वृद्धी होतीहै यहां पर जिन विंव विचार के वारह में वहुत कुछ वक्तव्यता है सो पंडित जन वड़े ग्रन्थ से जान लेना इतने कर के पांच प्रकार के चैत्य की वक्तव्यता कही अव तिस के विनय का स्वरूप लिखते हैं।

श्लोक—द्वित्रि पंचाष्टादि भेदैः प्रोक्ता भक्ति रनैक धा ।
द्विविधा द्रव्य भावा भ्याम त्रिविधागांदि भेदतः ॥ १ ॥

व्याख्या—यहां पर विनय भक्ती वहुमानता लक्षण सो पहिले दिखला आये हैं परन्तु तिस के भीतर भक्ती के दो भेद भी हैं तथा तीन भेद भी हैं फिर पांच भेद भी हैं तथा आठ भेद भी हैं परन्तु भक्ती अनेक प्रकार की हैं तहां पर द्रव्य १ और भाव २ करके २ प्रकार की भक्ती जानना तथा अङ्ग १ अग्र २ और भाव ३ तहां पर अङ्गपूजा जल विलेपन पुष्प आभरणादि करके होतीहै तथा दुःखसे पाताहै ऐसा सम्यक्त रत्न स्थिर करने वाले विवेकवान गृहस्थ खुद शुचि होके प्रथम वादरजीवों के जैणा के लिये शुद्ध वस्त्रादि करके श्री जिन

समान मुद्रा सहित हैं श्री जिन विंब का प्रमार्जन कर के कपूर १ पुष्प २ केसरा दिसहित गंधोदक वा केवल निर्मल जल कर के स्नान करवाना तथा कपूर केसर चन्दनादिक उत्तम द्रव्य कर के विलेपन करना फिर पुष्प पूजा करना तहां पर सामान्य फूलों कर के पूजा नहीं सोई श्लोक में दिखलाते है।

श्लोक—नशुष्कैः पूजयेद्देवं कुसुमैनमहीगतैः नविशीर्णफलैस्पृष्टै नाशुभैं र्नाविकाशिभि ॥ १ ॥ पूति गंधीन्य गंधानि अम्ल गंधानि वर्ज्जयेत कीट कोशापविध्धानि जीर्ण पर्यू पिता निच ॥ २ ॥

व्याख्या—शुष्क फूलों कर के तथा जमीन पर गिरे हुए फूलों कर के तथा सड़े हुए फूलों का फरश होजाने से तथा अशुभ अविकाशी तथा खुशवो में फरक पड़ गया हो तो तथा खराब गंध आती हो तो तथा कीड़ा और सर्प वींद डाला हो तथा सड़ा हुआ तथा पुराना फूल इत्यादि मनाई है तथा फिर भी लिखते है कि—

श्लोक—हस्तात्प्रस्खलितं क्षितौनिपतितं लग्नं कुचित्या दयोर्य-न्मुर्द्धोर्ध्वगतं धृतं कुवसनैना भैरधोयदधृतं स्पष्टं दुष्ट जनैर्धनै भिहतंयद्दूषितं कीटकै स्त्याज्यंत कुसुमं दलं फलमथो भक्तै जिनप्रीतये ॥ ३ ॥

व्याख्या—हाथ सेती चूक गया तथा जमीन पर गिर गया होतथा पैरों में लग गया हो सिर से ऊंचा चला गया हो खराब वस्त्र में रक्खे भये हैं तथा नाभी से नीचे भाग में धरे हुए हों दुष्ट पुरुषों का फर्श होगया हो छेद पड़ गया हो तथा जानवर के खाये भये हों इस तरह के फूल नहीं चढ़ाना चाहिये जो जिन भक्ती के प्रेमी है और प्रेम रङ्ग में भींगे हुए हैं ऐसे सम्यक्तियों को फूल चढ़ाना नहीं चाहिये अगर दोष युक्त पुष्प चढ़ाए तो वो नीचपणा को प्राप्त होवे सो श्लोक द्वारा दिखलाते हैं.

श्लोक—पूज़ां कूर्वन्नङ्ग लग्नै धरायां पतितैः पुनः यः करो त्यर्च्चनंपुष्पै रुचिष्टः सोभिजायते ॥ ४ ॥

व्याख्या—जो फूल पूजा करती समय में अपने शरीर से लग गया हो तथा जमीन पर गिर पड़ा हो अगर ऐसे फूलों से पूजा करे उन को उच्छिष्ट कहते हैं याने वे

फूल फूटे होगये इस में कहने का मतलब यह है कि बतला आये हैं दोषों कर के रहित इस प्रकार फूल पूजा करने से जिनराज की पूजा के योग्य जानना उस फूल पूजा के प्रभाव सेती धनसार सेठ की तरह से समस्त सुक्ख रिद्धी वृद्धी आदि लौकिक लोकोत्तर सुक्ख जिस से भव्य जीवों के घर में प्रगट होता है तथा दारिद्र शोक सन्तापादिक सब दूर होजाते हैं यह फल तो इस लोक के बतलाये मगर परभव में मोक्ष का सुक्ख मिले अब यहां पर धनसार सेठ का वृत्तांत कहते हैं। कुसुमपुर नाम का नगर में धनसार नामे सेठ तीनों काल में भगवान की पूजा वगैरह क्रिया में उत्कृष्ट था एक दिन अर्ध रात्रि के समय उस सेठ के दिल में विचार पैदा हुआ मैं ने निश्चय कर के पूर्व भव के विषय सधर्म करणी करी थी जिस के बल से बढ़ती भई रिद्धी मिली अगर इस भव में भी धर्म करणी कर लेऊं तो परभव के बीच में सुक्ख मिले अगर तत्व कर के देखते हैं तो रिद्धी का स्वभाव चंचल है हाथी के कान की तरह से इस वास्ते इस लक्ष्मी को सफल करने के वास्ते परभव में सुख रिद्धी के वास्ते श्री जिन राज का मन्दिर बनवाऊंगा कारण शास्त्र में भी मन्दिर बनवाने का बड़ा फल लिखा है और बड़े पुन्य की प्राप्ति दिखलाई है इस वास्ते मन्दिर बनवाने रूप कार्य कर के अपना मनुष्य जन्म सफल करना चाहिये सकल सामिग्री पाने का सार यही है कि इस माफिक विचार करते बाकी सर्व रात्रि पूर्ण करी और सवेरे का समय हुआ जब वह सेठ अपने न्याय से पैदा किया हुआ द्रव्य उस द्रव्य को खरच करने के वास्ते बावन देहरी मंडित श्री जिनराज का मन्दिर बनवाना शुरु करा तब तिस सेठ के पुत्र हमेशा बहुत द्रव्य खर्च होता हुआ देख के इस माफिक बोले कि अहो पिता जी आप ने यह क्या सकल द्रव्य का नाशक निरर्थक कार्य क्यों शुरू करा है हम को तो ये काम रुचता नहीं अगर जो नवीन मंदिर को नहीं बना के अगर दागीना बनवाओ तो कोई कालांतर में मतलब तो देने वाले होवे तो भी अच्छा समझें तो भी सेठ तिन पुत्रों का वचन सुन अनसुने के माफिक कर लिया बढ़ते हुए परिणामों कर के द्रव्य खरच कर के समस्त मन्दिर तैयार करवाया मगर जिस वक्त पूर्ण हुआ कर्मों के उदय सेती सर्व द्रव्य खरच होगया तब अपने पुत्र अन्य मिथ्यात्वी लोग कहने लगे कि इस ने मन्दिर बनवाया तब इस का धन चला गया तो भी सेठ तो जिन धर्म ऊपर निश्चल चित्त होके अपने द्रव्य के अनुसार थोड़ा २ पुन्य तो करता ही है इस माफिक काल जाते हुए एक दिन में सेठ का धर्माचार्य तहां पर पधारे वन्दना करने के वास्ते सेठ गये तब गुरु महाराज बोले अहो सेठ तुम्हारे सुक्ख है तब सेठ बोला कि आप की कृपा से हमेशा सुख है मगर जिन मन्दिर बनवाने से इस का धन चला गया इस माफिक धर्म की निन्दा कर रहे हैं यह बड़ा भारी दुःख ये मेरा द्रव्य गया उस का

ताता है मगर स्वामी ज्ञान वल कर के देखिये मेरा इस भव में अन्तराय मिटेगा कि नहीं यह वचन सुन कर के प्रसन्न हो के ज्ञान वल कर के शुभ का उदय होना ऐसा गुरू महाराज ने देख के धर्म उन्नति करने के वास्ते तिस सेठ को नवकार मंत्राधिराज विधि सहित दिया सेठ भी अच्छे दिन में देव घर में मूल नायक जी के विंव के आगे वैठ के तेले की तपस्या कर के जाप करने लगा पारने के दिन एक अखंडित उत्तम सुगंधि पुष्प माला श्री जिनराज के गले में स्थापन कर के स्तवना करने लगे तव तक उन के आगे धरणेंद्र प्रगट होके वोला कि हे सेठ तुम्हारी भक्ती से प्रसन्न हुआ कुछ मन वंछित मांगो तव सेठ भी स्तुति पूर्ण कर के कहने लगा कि जो तुम प्रसन्न भये हो तो प्रभू के गले में चढ़ाई है फूलोंकी माला तिस का पुन्य मैंने पैदा किया तिस के अनुसार फल देना चाहिये तव धरनेन्द्र वोला कि तिस माफिक देने की शक्ती तो ६४ इन्द्रों की भी नही है इस वास्ते और मांगो तव सेठ वोला कि माला के भीतर के एक फूल का फल देओ तव इन्द्र वोला कि यह भी मेरी शक्ती नहीं है तो तिस के पत्र का फल दो तव इन्द्र वोला कि मेरी शक्ती विलकुल नही है तव सेठ वोला कि इतनी शक्ती तुम्हारे में नहीं है तो तुम अपने ठिकाने चले जाओ तव धरनेन्द्र ने विचार किया कि देवता का दर्श निष्फल नहीं होता है इस वास्ते सेठ के घर में रत्न का भरा हुआ कलशा स्थापन कर के अदृश्य होगया सेठ भी वहां से उठ कर और जहां गुरू महाराज थे तहां पर जाके वन्दना सहित सर्व हाल कह के अपने घर में जाके पारणा करा फिर श्री जिन धर्म की निन्दा करने वाला लड़का उन को वुलवा के पहिले हुआ था वृत्तान्त सव कह के वह द्रव्य दिखला के श्री जिनराज के पुष्प पूजा की महिमा का आनन्द तो दिखला के सर्व कुटुम्ब को श्री जिन धर्म में स्थिर कर के जावज्जीव सुखी भोगी का त्यागी हुआ इतने कर के पुष्प पूजा के ऊपर धनसार का दृष्टान्त कहा ॥ अव आभरण पूजा कहते है विवेकी प्राणी श्री जिनराज के विंव के विषय स्वर्णके रत्न के चक्षु तथा श्री वत्स हार कुंडल वाजुवंध छत्र मुकुट तिलकादिक नाना प्रकार का आभूषण खुद चढ़ावे वा अन्य को उपदेश देके चढ़वावे दमयन्ती की तरह से शुद्ध भाव से चढ़ाना चाहिये कि जैसे पूर्व भव में दमयन्ती का जीव वीरमती नामें थी सो रत्न के तिलक करवा के अष्टापद पर्वत के ऊपर २४ तिर्थंकरों के ललाट के विषय चढ़ाये थे तिस पुन्य के प्रभाव सेती जिस के लिलाट में अन्धकार में सहज प्रकाश हुआ जिस तिलक के प्रभाव सेती जिस समय निकलती थी अन्धकार में उद्द्योत होगया है इस माफिक तीन खंड के मालिक नल राजा की दमयन्ती पटरानी भई इस तरह से और भी भव्य जीव आभरण पूजा कर के नाना प्रकार का सुक्ख पावे इति अङ्ग पूजा कही ॥ अव दूसरी अग्र पूजा कहते

हैं नैवेद्य, फल, अक्षत, दीपादि द्रव्य कर के होनी है तहां पर नैवेद्य कैसा प्रधान, खाजा, मोदक, भक्त, वस्तु तथा फल, नारियल, बीजोरा, अक्षत अपने खाने से भी उत्तम अखंड उज्जवल शालि प्रमुख धान्य श्री जिनराज के आगे चढ़ाना तथा प्रभू के आगे प्रधान जयणा पूर्वक उत्तम घृत का दीपक करना चाहिये परन्तु विवेकियों को उस दीपक कर के घर का काम नहीं करना अगर जो उस दीपक से घर का काम करे तो देवसेनकी माताकी तरहसे तिर्यंच योनी को प्राप्त होवे और दुख भोगे कहा भी है—

श्लोक—दीपं विधाय देवानांमग्रत; पुनरेवहि गृह ।
कार्यं न करत्तव्यं कृते तीरियंग भवंभजेत् ॥ १ ॥

अर्थ—देवों के आगे दीपक कर के अगर उस दीपक से घर का काम करे तो तिर्यंचगती को जाके भजै अब यहां पर देव सैन की माता का दृष्टांत दीपक पुजा पे दिखलाते हैं इन्द्रपुर नगर अजीत सैन नामें राजा देव सैन नामें सेठ परम श्रावक था सदैव धर्म कार्य कर के सुख कर के काल पूर्ण कर रहा था अब तिस ही पुर में एक धन सैन नामें ऊंट का वाहक याने ऊंट फेरने वाला रहता था तिस के घर में एक ऊंटनी देवसैन के घर में निरन्तर आती थी धनसैन ने लकड़ी वगैरह से ताड़ना करी परन्तु वह ऊंटनी उस के घर में नहीं रहै तब देवसैन जिस का मन कि दया से भींजा हुआ चित्त था मोल ले के उस ऊंटनी को ग्रहण कर के अपने घर में रक्खा एक दिन के वक्त में तहां पर धर्म घोषाचार्य पधारे तब बहुत भव्य जीव गुरू महाराज को वंदना करने के लिये गये देव सैन सेठ भी तहां पर गया तब गुरू महाराज ने धर्म उपदेश दिया वो इस प्रकार है—

गाथा—धर्मो जगत; सार; सर्व सुखानां प्रधान हेतुत्वात् तस्पोत्पत्ति र्मनुजात् सांर ते नैवमानुष्यं १ अपिलभ्यते सुराज्यं लभ्यंते पुरवराणिरम्याणिनहिं लभ्यते विश्रुध; सर्वज्ञोक्तो महा धर्म्म; १

अर्थ—धर्मोपदेश गुरू महाराज ने कहा कि अहो भव्य जीवो यह धर्म तीन जगत में सार भूत है सर्व सुखों का प्रधान कारण है तिस धर्म से ही मनुष्यों की उत्पत्ति है इस लिये मनुष्य जन्म का सार एक धर्म है और कुछ भी नहीं फिर धर्म कर के राज्य पावे फिर तिस धर्म कर के मनोहर रमणीक पुर मिले इस वास्ते सर्वज्ञों का कहा भया उत्तम धर्म है ऐसा दूसरा धर्म नहीं [illegible]

गाथा—न धम्मकज्जा परमत्थि कज्जं नपाणीहिंसा परमं अकज्जं।
न पेमरागो परमत्थि बंधो नवोहिलाभो परमत्थि लाभो॥

अर्थ—धर्म सिवाय अन्य कार्य अच्छा नहीं प्राणी की हिंसा वरोवर अकृत्य नहीं मराग के वरोवर वंधनहीं वोधिलाभ के वरोवर उत्कृष्ट लाभ नहीं इस वास्ते भव्य ीवों प्रमाद छोड़ करके श्री जिन धर्म के विषय प्रीत करो जिस करके तुमारा सब काम सिद्ध हो जावे अब उपदेश के वाद देवसैन सेठ गुरू महाराज से पूछा स्वामी एक मेरे ऊंटनी वर्त्ते है वा मेरे मकान विगर कही भी जाती नही और जगे नही रहती इसका या कारण है तब आचार्य ने कहा कि ये ऊंटनी पूर्व भव्य में तेरी माता थी एक दिन वक्त में इसने श्री जिनाग्रै का दीपक वुझाके उस दीपक करके अपने घरका काम करा पके अंगारों से चूला जलाया कितनेक काल वाद मरगई आलोचना नही करी तिसकर्म वश से तीय ऊंटनी भई पूर्व भव के स्नेह करके तेरा घर नहीं छोड़ती है ये वात नके सब सेठ लोग वगैरह देव सम्वन्धी वस्तु उपभोग करने का ऐसा फल जान करके सका त्याग करने मे वलवंत भये तव गुरू महाराज को नमस्कार करके अपने २ ठेकाने गये यह प्रदीपाधिकार में देवसैन की माता का दृष्टान्त कहा इस दृष्टान्त को सुन रके संसार से डरने वाले भव्य जीवों को देवका दीपक करके घरका काम नहीं करना व निरमायल द्रव्य थोड़ामात्र भी नही ग्रहण करना देव संवंधी श्री खंड करके तिलक ही करना देव सम्वन्धी जल करके हाथ पैर नही धोना देव द्रव्य व्याज करके नहीं लेना और भी देव वस्तु अपने कार्य में नहीं लाना ये दूसरी अग्र पूजा कहीं २॥

अब तीसरी भाव पूजा कहते हैं वो भाव पूजा जिनको वंदना करनी स्तवन पढ़ना तहां पर प्रथम चैत्य वंदन करना उचित स्थान में वैठके चैत्य वंदन करना शक्रस्तवादिक पढ़ना तथा लोकोत्तर गुणके धारक सद्भूत तीर्थ करके गुणका वर्णन दूसरों से सुनाना तथा हृदय कमल में श्री जिनेन्द्र को स्थापन करके तिनों के गुणों को स्मरण करना तथा प्रभु के आगू नाटक वगैरा भाव पूजा करने से लंकेश की तरह से अखंड भाव प्रते धारण करणा जैसे लंकेश्वर कहिये लंका का ईश्वर याने मालिक राजा रावण एक दिनके वक्त में अष्टापद पर्वत के ऊपर भरत ने करवाया अपने २ वर्ण सहित चौवीस तीर्थंकरो के मन्दिर में द्रव्य पूजा करके मन्दोदरी रानी को आदि लेके सोला हजार रानी सहित नाटक हो रहा था तव वीणका तार टूट गया तव जिन गुण गायों का एक रंग उसका भंग होने से डर करके अपने जांघ की नस खैंच करके तहां साधी भक्ती मे भंग पड़ने नहीं दिया तिस भक्ती करके रावण ने तीर्थ कर गोत्र पैदा करामहा

ंदेह क्षेत्र में तीर्थंकर होगा इस प्रकार और भी भव्य जीव जिन भक्ती में यत्न करें
ो तीर्थंकर पद पाना कठिन नहीं तथा—

गाथा—गंधव्व नट्ट वाइय लवण जलारत्तियाइदीवाई ।
जंकिच्चंतंसव्व विउरई अग्ग पुयाए ॥ १ ॥

अर्थ—गांधर्व याने गाना नाटक वाजित्र लूण जल आरती दीपक वगैरा यह सब प्रग्र पूजा में है इस वास्ते नाटक भी अग्र पूजा में कहा गया कारण भाव पूजा में है इस ास्ते अग्र पूजा में दिखलाया ये तीसरी भाव पूजा कही यह करके तीन प्रकार की ूजा कही अब पांच प्रकार की पूजा कहते हैं फूलादि करके पूजा १ उन्हों की आज्ञा २ न्हों का द्रव्य रखना ३ उत्सव करना ४ तीर्थ यात्रा करनी ५ श्री जिनेन्द्र देवकी भक्ती पांच तरह की होती है तहां पर केतकी चंपा जाई जुई शत पत्रादिक नाना प्रकार के पुष्प धूप दीप चंदनादिक करके जो पूजा करनी तिसको प्रथम भक्ति कहते हैं॥ १॥ तथा श्री जिनेन्द्र देवकी आज्ञा मन वचन काया से पालन करनी ये दूसरी भक्ति है सर्व धर्म कार्य में मूल कारण जिनाज्ञा है तिस जिन आज्ञा विगर सर्व धर्म कार्य निरर्थक जानना चाहिये इस वास्ते जिनाज्ञा में यत्न करना सोई शास्त्र में लिखा है ॥

गाथा—आणा इतवो आणा इसंजमो तहयदाण माणाए।
आणारहिउधम्मो पलालपूलव्व परिहाई ॥ १ ॥

अर्थ—आज्ञा में तप आज्ञा में संजम दाण माण इत्यादिक कृत्यों में आज्ञा की मुख्यता है आज्ञा करके रहित धर्म है वो घास के पूले की तरह से त्यागन करने योग्य है फेरभी आज्ञा की पुष्टिता दिखलाते हैं ॥

—भमिओ भवो अणंतो तुह आणा विरह जीविहिं पुण
भमियव्वो तेहिं जेहिं नंगीकया आणा ॥ २ ॥ जोन
कुणइतुह आण सो आण कुणइतिहुअणजणस्स
जो पुण कुणइ जिणणं तस्साणा तिहु अणेचेव ॥ ३ ॥

अर्थ— अणंतेहि भवमें भमरहा है तुमारी आज्ञा विगर जीव फेर भी आज्ञा रहित होके घूमना पड़ेगा जिसने आज्ञा अंगीकार नहीं करी उसको घूमना पड़ेगा ॥ २ ॥ हे परमेश्वर आपकी आज्ञा नहीं करते हैं वो तीन लोक में मनुष्यों की आज्ञा में रहेगा अगर

जो कोई भगवान की आज्ञा में रहेगा तो तिस की आज्ञा तीन लोक के आदमी पालेंगे ॥ ३ ॥ तथा देव सम्बन्धी द्रव्य को अच्छी तरह से रखना बढ़ाना ये तीसरी भक्ति है इस संसार में अपने द्रव्य की रक्षा करने वाले तो बहुत हैं मगर देव द्रव्य की रक्षा करने वाला कोई उत्तम स्तोक होंगे जो देव द्रव्य की रक्षा करने के लिये उद्यम कर रहे है वे प्राणी इस लोक में और परलोक में सुख श्रेणी के भजने वाले होंगे जो देव द्रव्य भक्षण करते हैं वे दोनों जगह भयानक दुःख के भजन वाले होगें सोई शास्त्र में लिखा है ॥

गाथा—जिण पवयण बुढि करँ प्पभावगं नाणदंसण गुणाणं ।
भरकं तो जिण दव्वं अणंत संसारि ओ होई ॥ १ ॥

व्याख्या—जिन प्रवचन की वृद्धि करना तथा ज्ञान दर्शन गुण की प्रभावना करें मगर जिन द्रव्य करके खाने वाला अन्त संसारी जान चाहिये ॥

गाथा—जिण पवयण बुढि करं पभावगं नाणदं सणगुणाणं ।
रक्खंतो जिण दव्वं परित्त संसारि ओ होई ॥ २ ॥

व्याख्या—जिन प्रवचन की वृद्धि करने वाला ज्ञान दर्शन गुण की प्रभावना करने वाला तथा जिन द्रव्य की रक्षा करने वाला होगा तो प्रमाणो पेत्ते संसार बाकी जानना चाहिये ॥ २ ॥

गाथा—जिण पवयण बुढिकरं । पभावगं नाण दंसण गुणाणं ॥
बढंतो जिण दव्वं । तित्थयरत्तं लहइ जीवो ॥ ३ ॥

व्याख्या—जिन प्रवचन की वृद्धि करने वाला ज्ञानदर्शन गुण की प्रभावना करने वाला जिन द्रव्य को बढ़ाने वाला अपूर्व २ द्रव्य इकट्ठा करे तथा पनरे कर्मदान खोटा व्यापार वर्ज्जनरूप सद्व्यवहार करके द्रव्य बढ़ाना अच्छा है कारण धर्म तो आज्ञा में है सोई लिखा है गाथा द्वारा दिखलाते है ॥

गाथा—जिणवर आणारहिअं । वद्धारंताविकेवि जिण दव्वं ॥
बुड्डिंति भव समुद्दे मूढा मोहेण अन्नाणी ॥

व्याख्या—जिन राज की आज्ञा रहित कितनाक जिन द्रव्य की वृद्धि करते हैं मगर संसार में डूबने का काम करते है मूर्ख मोह और अज्ञान करके तथा फिर भी इस की पुष्टि करते हैं गाथा द्वारा लिखते हैं ॥

करने लगा इकवीस उपवासों करके प्रसन्न हुवा यक्ष कहने लगा हे भाई दोनों संध्या मेरे अगाड़ी हजार चांदले वाला सोनेकामोर नाटक करेगा नाटक हुये वाद हमेसा एक सोनेकी पांखमोर पटकेगा तिस पांख को लेजाना प्रसन्न हो के कितने दिन तक तो पांखें ग्रहण करी इस तरह से नव सै पांख तो हांथ लगी वाकी एक सै पांख रह गई तव इस निपुण्यक के दुष्ट कर्मों ने प्रेरणा करी तिस से विचारने लगा एकेक पांख लेने के वास्ते वहुत रोज तक जंगल में रहना पड़ेगा इस वास्ते येक मुट्ठी से सव उखाड़ लेऊं तो अच्छा है तिसी दिन मोर नाच कर रहा था उसकी पांख को एक मुट्ठी करके उखाड़ने लगा तितने तो वो मोर कउवे का रूप वनाके उड़ करके चला गया पहिली ग्रहण करी थी जौनवसै पांखें वो भी चली गई अव वहां पर विचारने लगा कि ॥

श्लोक–देव मुल्लंघ्ययत्कार्यं । क्रीयते फलवन्ना तत् ॥
सरोभ श्चातके नासं । गलरंध्रेण गच्छति ॥१॥

कर्मों को उल्लंघन करके जो काम करते हैं तो फलदाई नहीं होता धिक्कार है मुझको वहुत जल्दी करने से काम विगड़ता है जंगल में घूमता हुवा एक ज्ञानी मुनीराज को देखा उनको नमस्कार करके अपने पूर्व भवका स्वरूप पूछा तव गुरू महाराज सर्व यथावस्थित पूर्व भवका स्वरूप कहा और तेने देवद्रव्य खाया ऐसाकहातव प्रायश्चित्त मांगा निपुण्यक ने तव मुनी वोले कि अधिक २ देव द्रव्य देना तथा उसकी रक्षा करना वढ़ाना येही कार्य है इस दुष्ट कर्म का इलाज फेर अखीर में सर्व सामिग्री सहित भोग रिद्धी सुक्ख और लाभ प्राप्त होवें ऐसा सुन करके निपुण्यक ने नियम करा कि प्रथम खाया था देव द्रव्य उससे एक हजार गुण अधिक देव द्रव्य सें अदा न होऊंगा तव एक साधारण वस्त्र भोजन से निर्वाह करना ऐसा नियम अंगीकार करा मुनिराज के सामने निर्मल श्रावक का धर्म अंगीकार करा जवसे जो रूजगार करे उसमें फायदा होता जावे उस में से देव द्रव्य भी उतारता जाता है इस तरह से थोड़े से दिन में देव निमित्त दस लाख काकिणी देके रिण रहित होगया अनुक्रम से वहुत द्रव्य पैदा करा फेर अपने घर गया तिस शहर में सर्व में मुख्य हुया आपने मंदिर वनवाया तथा और भी जिन मंदिरों के विषय अपनी शक्ति और भक्ती करके हमेसा महा पूजा प्रभावनादिक करनी तथा देव द्रव्य रक्षा धर्म इस माफिक अर्हत की भक्ति रूप प्रथम स्थानक अराधन करके तीर्थ कर गोत्र पैदा करा अवसर में गीतार्थ गुरू के पास दीक्षा अंगीकार करी तहां पर सिद्धांत का अध्ययन करना अनुक्रमसे गीतार्थ होके सधर्म देशनादि करके वहुत भव्य जीवों को प्रतिवोध देके आखिर में अनशन सहित काल धर्म करके सर्वार्थ सिद्ध विमान में देवपणा भोगके महा विदेह क्षेत्र में तीर्थ कर रिद्धी भोग करके मोक्ष जायंगे

यह देव द्रव्य अधिकार में सागर सेठ का दृष्टान्त कहा ये तीसरी भक्ति कही अब उत्सव रूप चौथी भक्ति कहते हैं जो भव्य जीव है सो अपनी आत्मा करके अट्ठाहि महोछव स्नात्रमहोछव चैत्यविंब प्रतिष्ठादिक उत्सव करते है तहां श्री पर्युशण पर्व के विषै कल्प सूत्र वाचना तथा प्रभावनादिक उत्सव करना वोभी जिन शासन की उन्नति है इस वास्ते उसको भी पूजा कहना चाहिये सो लिखते हैं श्लोक द्वारा ॥ यतः ॥

श्लोक–प्रकारेणाधि कांमन्ये। भावनातः प्रभावनां॥
भावना स्वस्यलाभाय। स्वान्ययोस्तु प्रभावना॥ १ ॥

व्याख्या—प्रकारान्तर करके अधिक मानना चाहिये भावना से प्रभावनां कों कारण भावना तो अपने लाभ के वास्वे है भावना प्रभावना दोनों को फल देने वाली हैं॥ या उत्सव रूप चौथी भक्ति कही ॥ ४ ॥ अब तीर्थ यात्रा रूप पांचवी भक्ति कहते है ॥

श्री शत्रु जय गिरिनार आबु अचलगढ़ अष्टापद सम्मेद शिखर आदि सकल तीर्थों के विषय जिन वंदन करना तिस क्षेत्र को दर्शन करने को जाना तिसको तीर्थ यात्रा कहते हैं ये भी जिन भक्ति है तहां पर सकल तीर्थ में मोटा तीर्थ श्रीशत्रु जय तीर्थ है उस वरोवर तीन लोक में भी अन्य तीर्थ नहीं सोई श्लोक द्वारा दिखलाते हैं॥

श्लोक–नमस्कार समोमंत्र। शत्रुं जय समो गिरि॥
वीतराग समो देवो। न भूतोनभविष्यति॥ १ ॥

व्याख्या—नमस्कार वरोवर कोई मंत्र नहीं शत्रुंजय वरोवर गिरि नहीं वीत राग वरोवर देव नहीं नही हुये और नहीं होगा श्री शत्रुंजय तीर्थ को फर्शण से महा पापी प्राणी भी देव लोक मुक्ति के सुख के भाजन हो गये है सुकृत करने वाले इस तीर्थ पर अल्प काल में सिद्ध हो गये हैं सोई वात दिखलाते है॥

श्लोक–कृत्वापाप सहस्राणि। हत्वाजंतु शंतानिच॥
इदंतीर्थ समासाद्य। तीर्यचोपि दिवंगतः॥ १ ॥

व्याख्या—हजारों पाप करने वाला हजारों जानवर मारने वाला इस तीर्थकों सेवन करने वाले तीर्यच भी देवलोक को गये है॥ १ ॥

श्लोक—एकै कस्मिन पदेदत्ते । शत्रुंजय गिरिं प्रतिं ॥
भव कोटि सहस्त्रेभ्यः । पातकेभ्यो विमुच्यते ॥ २ ॥

व्याख्या—एकैक कदमशत्रुजयगिरी के सामने रखना हज़ारों कोटी भव के पाप सेती दूर हो जाता है ॥

गाथा—छट्ठेणं भत्तेणं अप्पाणएणंत्र सत्तजत्ताजो ।
कुणइसत्तुंजे सोतइय भवे लहइ सिद्धिं ॥ ३ ॥

व्याख्या—छट्ट भक्त की तपस्या पाणी रहित अगर सात यात्रा जो शत्रुंजय की करते हैं वो तीसरे भव में सिद्धी में पहुंचे निस वास्ते जो प्राणी दुर्लभ मानुष जन्म पाकरके श्री सिद्धाचल यात्रा करते हैं वे अपना जन्म सुफल करने वाला जानना जो फिर तिस माफिक सामग्री के अभाव करके आप यात्रा कर सक्ते नहीं मगर और यात्रा करने वालों की अनुमोदना करते हैं धन्य है यह प्राणी जीव सो श्री सिद्धाचल प्रते अपनी नज़र करके देखते हैं अपने शरीर करके फर्श करते हैं तथा अपने हाथ करके श्री रिषभस्वामी की पूजा करते हैं फिर अन्य को उपदेश देते हैं यह बात फिर पुष्ट करते हैं ॥

श्लोक—वपु पवित्र्रं कुरुतीर्थयात्रया । चित्तं पवित्री कुरुधर्म वांछाया ॥
वित्तं पवित्री कुरुपात्र दानत । कुलं पवित्री कुरु सच्चरित्रतः॥१॥

व्याख्या—शरीर काहे से पवित्र होता है कि तीर्थ यात्रा करने सेती, चित्त पवित्र काहे से होता है कि धर्म की वांछा करके, द्रव्य पवित्र करो सुपात्र दान देने सेती उत्तम प्रकार करके अच्छे चरीत्र करके कुल की पवित्रता होती है ॥ १ ॥ तथा मोक्ष रूप में हल में चढ़ने वालो को सुखसेती प्रधान पांवडियों की तरह से विराजमान श्री विमलाचल तीर्थ प्रत्येकवमें अपने नेत्र युगल करके कब देखूंगा कबमैं अपने शरीर का फर्शना करूंगा तिस तीर्थराज प्रते देखे विगर मेरा जन्म वृथा जा रहा है इत्यादिक भावना अपने दिल में विचार करै तथा भावन करते हैं जो प्राणी अपने ठिकाने बैठे हैं वे तीर्थ यात्रा का फल प्राप्त करते हैं तथा जो प्राणी सकल सामग्री सहित है मगर वे तीर्थ यात्रा नहीं करते हैं वे अज्ञानी और दीर्घ संसारी जानना चाहिये तथा श्री शत्रुंजय पर्वत ऊपर थोड़ा भी पुन्य करने से मोटे फल का कारण समझना चाहिये यह बात तीर्थों द्वारा में दिखलाई है सो गाथा लिखते हैं ॥

गाथा- नवितं सुवन्नभूमी । भूसण दाणेण अन्नतित्थेंसु ।
जंपाव इ पुन्य फलं । पूयान्हवणेण सत्तुंजें ॥ १ ॥

व्याख्या—और तीर्थों में सोने की जमीन तथा दागीणा अन्य तीर्थों के विषय फल मिलता है मगर केवल शत्रुंजय ऊपर तो पूजा स्नान करने से बड़ा लाभ होता है तथा तीर्थ यात्रा करने वालों को छैरीकार पालना अवश्य उचित है जिस छैरीकारों के पालने से मनवांछितफल अधिक तर होता है अब वे छैरीकार दिखलाते हैं। एक अहारी १ भूमासंथारी २ पैदल चारी ३ शुद्ध सम्यक्त धारी ४ सचित्त अपहारी ५ ब्रह्मचारी ६ यह बात श्लोक द्वारा दृढ़ करते हैं ॥

श्लोक—एकाहारी भूमि संस्तारकारी पदभ्यांचारी शुद्ध सम्यक्तधारी ।
यात्रा कालेयः सचित्तापहारी पुन्यात्मा स्याद्ब्रह्मचारी विवेकी ।१।

व्याख्या—एक दफे भोजन करना १ जमीन पर सोना २ पैदल चलना ३ शुद्ध सम्यक्त सहित ४ सिचत्त का त्यागी ५ और ब्रह्मचारी ६ इस प्रकार तीर्थ यात्रा में छः रीकार पालना चाहिये वोही पुण्यात्मा है तथा फिर भी तीर्थ राज की महिमा दिखलाते हैं.

श्लोक—श्री तीर्थपांथरजसाविरजी भवंति तीर्थेषुवं भ्रमणतोनभवेभ्रमंति ।
द्रव्यव्ययादिहनराःस्थिरसंपदःस्युपूज्याभवंति जगदीशमथार्च यंतः

व्याख्या—श्री तीर्थ राज जाने का रास्ता उस की रज के फर्श होने से कर्मरूप रज रहित भव्य जीव होजावे जो प्राणी तीर्थ करने के लिये घूमता है वो संसार में बहुत नहीं घूमेगा जो प्राणी तीर्थ में द्रव्य खर्च करता है उस का धन और सम्पदा थिर रहेगी तथा जगदीश कहिये तीन जगत के मालिक उन की पूजा करने से जगदीश समान हो जावे ॥ १ ॥ इत्यादिक तीर्थ यात्रा का फल जान कर के भव्य जीवों को शत्रुंजयादिक महा तीर्थ उन की यात्रा के विषय उद्यम करना चाहिये और अपना द्रव्य सफल करना चाहिये तथा तीर्थ जाने वाले साधर्मी हैं मगर उस के पास द्रव्य नहीं होवे तो उन को द्रव्य देके यात्रा में मदद देना तथा फिर तीर्थ यात्रा करने वाले भाई में द्रव्य धन सेठ की तरह से तीर्थ उन्नति करना मगर अपना नहीं दिखाना या सम्यक्त्व का व्यवहार है तीर्थ उन्नति के ऊपर धन सेठ का दृष्टांत कहते हैं हस्तिनापुर नामें नगर में अनेक कोटि द्रव्यों का मालिक धन सेठ नामें परम श्रावक रहता था वो सेठ एक दिन रात्रि समय में धर्म जागरण कर रहा था उस वक्त में अपने दिल में ऐसा विचार करा कि मैंने पूर्व जन्म में

सुकृत किया था इस सबब से मनुष्य जन्म पाया तथा आर्य क्षेत्र जाति कुल रूप धन सम्पदा वगैरः सब मिली तथा भगवान वर्धमान स्वामी का धर्म भी मिला मगर जबतक श्री विमलाचल गिरनार आदि महातीर्थ श्री रिषभ देव श्री नेमिश्वर भगवान तीर्थ के मालिक उन्हों का दर्शन वंदन पूजन सत्क्रया में नेम किया तबतक प्रधान सोना मणि माणिक्य स्वजन मकान वगैरः सब वृथा है इस वास्ते तीर्थ राजों को फर्श करना चाहिये ऐसा विचार कर के सवेरे के वक्तमें सेठ सब की सलाह लेके तीर्थयात्रा जाने के वास्ते डुंडी पिटवाते हुए तथा बहुत संघ इकट्ठा किया तब फिर वो सेठ भी अच्छे दिन में हस्तिनापुर सेती निकल कर के बहुत संघ करके सहित तहां से शासन के मालिक श्री महावीर स्वामी के चैत्य का दर्शन करने के वास्ते चल रहे हैं रास्ते में ठिकाने २ बड़ी रिद्धी कर के चैत्य पूजन करते हुए पुराने चैत्य का उपचार करते हुए मुनियों के चरण कमल को वंदना करते हुए तथा साधर्मी वात्सल्व करते हुए दया कर के सहित दीन दुखी प्राणियों को वांछितार्थ देते हुए अनुक्रम कर के सुख सहित श्री शत्रुंजय पहाड़ पर आते हुए तब धन सेठ बड़ी रिद्धी करके श्री युगादि जिनेन्द्र देव प्रतें वंदना पूजना तथा अट्ठाहिम होछव करके सिद्ध क्षेत्र फर्श करके अपना जन्म सुफल हुवा मान कर के तहां से चल कर के अनुक्रम कर के श्री गिरनार नामें पहाड़ पर पहुंचे तहां पर मूल नायक जी महाराज यादव कुल के मंडन सर्व ब्रह्मचारियों में चूडामणि रत्न के समान श्री नेमिनाथ जिनेन्द्रप्रतें तीन प्रदिक्षणा देके प्रणाम नमस्कार करके सुगंधमई जलला कर के स्नान करवाया पीछे रस सहित गोशीर्ष चंदनादि द्रव्य का विलेपन करवाया तथा उत्तम वस्त्र सहित मणिकनक रत्न के दागीणा इत्यादिक द्रव्य से नेमि भगवान को सुशोभित करे तथा पंच वर्णारस सहित खुसबूदार फूलों की माला प्रभू के गले में विराजमान करी है तथा फिर अगाड़ी आठ मङ्गल बणाया तथा नालेर है फल चड़ाना धूप लेवण दीप चढ़ाना छत्र चामर चंदनादिक बड़ी ध्वजा का विस्तार करा है जहां पर नाना प्रकार की पूजा भक्ती कर के साढ़े तीन करोड़ रोमराजी विकस्वर होगई है जिस की इस प्रकार होके सेठ श्री नेमिनाथ स्वामी के मुख कमल तरफ देख रहा है तितने वहां पर क्या हुआ सो कहते हैं महाराष्ट मंडल के भीतर मलय नामें पुरकारहणेंवाला कोटि द्रव्य का मालिक स्वेतांबर काद्वेषी वो ठीक दिगम्बर पाखंड का भक्त वरुण नामें सेठ बड़े संघ करके सहित तहां गिरनार ऊपर आया अब तहां पर धन सेठ ने रचना करी है श्री नेमिनाथ स्वामी की ध्वजा तिस प्रतें देख कर के अपने दिल में बड़ा द्वेष लाके वो वरुण नामें सेठ ऐसा बोला हा हा इति खेदे यह तत्व कर के रहित है स्वेतांबर का भक्तों ने इन निग्रन्थ भगवान को ग्रन्थ सहित कैसे कर दिया इस प्रकार मिथ्या

बुद्धि धारक उसी वक्त कपड़े गहणा पुष्पादिक भगवान के विंब से दूर करवाया हाथी पग कुंड से जल भगवान के विंब को स्नान करवाया इस माफ़िक अविधि कर रहा था वरुण वामें सेठ तिस अविधी को धन सेठ देख कर के आपस में दोनों के वहुत वचन विवाद हुआ तव दोनों सेठ महा द्वेष सहित अपने २ परिवार सहित उसी वक्त पर्वत से नीचे उतरे तहां से गिरनार नगर का मालिक श्री विक्रम राजा तिन के नजदीक पहुंचे तहां पर दोनो संधपती परिवार सहित अपने २ तीर्थ की स्थापना करने के वास्ते आपस में वड़ा विवाद हुआ तिस वक्त मे लोगों के मुख सेती सुना हकीकत विक्रम राजा जल्दी आके दोनों की लड़ाई दूर करवा के ऐसा कहा कि सवेरे तुम्हारा विवाद दूर करूंगा इस समय कोई भी लड़ाई मत करो ऐसा कह के अपने २ ठिकाने गये दोनों सेठ अपने स्थान को पहुंचे वहां पर विचारने लगे कि सवेरे के समय मे किस का तीर्थ स्थापन करेंगे राजा वगैरः ऐसा मन में है दुःख जिस के तिस कर के रात को नींद नहीं आई केवल शासन देवी का ध्यान है जिस को ऐसे धन सेठ को रात्रि के समय में शासन देवी प्रकट होके इस प्रकार कहा।

गाथा—वरसिठसिट्ठ धम्मिठ जिठसुपइठ समयल धट्ठा।
भयनठ मामणागवि नियमणेकुण सुदुक्खमिणं॥ १ ॥
जंकिंचियवंदणमझे गाहं उज्जिंतसेलइच्चाइं ।
परिक विय निवस हाए जयं धुवंतुझदाहामि॥ २ ॥

व्याख्या—सेठ में प्रधान है धर्मिष्ट है मोटा है सुप्रतिष्ठित है समय सहित अर्थ को जानने वाले हैं तुमारा भय गया अपने मनमें कोई प्रकार का भय मत करो जो चैत्य वंदन के अन्दर गाथा है उज्जिंत से लसिहरे इत्यादिक उसमें डाल करके तुमारा सहाय करके तुमको निश्चय करके जय दिलायेगे ऐसा शासन देवी का वचन सुन करके वड़ी खुशी होके सुख सेती सेठ को नींद आगई अब सवेरे की वक्त में राजा दोनों संघपती अपने पास वुलवाया अपनी २ हकीकत कहने लगे तव राजा बोला कि तुम दोनों जिन मत के जानने वाले जिन धर्म पर श्रद्धावान जिनवर प्रवचन के प्रभावना करने वाले तुम दोनों प्रवीण होके विना विचारे ऐसा काम किस वास्ते करा तव धन सेठ बोला कि हे स्वामी अपने तीर्थ पर हम लोक वस्त्र गहिणादि करके हम पूजा करते हैं वो उनको यह दुराशय विधंश करने वाला कौन है तव वरुण सेठ वोला कि हे राजन हम लोक हमारे तीर्थ पर किसी को अविधि नहीं करने देंगे अब इस माफ़िक दोनों सेठों का वचन सुन

करके संशय में प्राप्त होके राजा बोला कि कौन जानता है यह तीर्थ किस का है तब धन सेठ बोला कि हे स्वामी हमारा ही यह तीर्थ है और हमारे चैत्यवंदन में प्राचीन गाथा उज्जिंत से लसिहरे इत्यादिक है अगर जो तुम लोकों को अप्रतीत होवे तो हमारे संघ के बीचमें सर्व बालक जवान तथा वृद्ध प्रतें इस वक्त में चैत्य वंदन सूत्र पढ़वावो तब वरुण बोटिक भक्त बोला कि कौन जाने इनने नवीन गाथा बनवा के लोगों को सिखा दी होगी तब राजा को प्रतीत आने के वास्ते एक अपना पुरुष भेज करके परम वेग सांड़नि पर सवार करवा के सिए वल्ली नामें गाम सेती शीलादिक गुणो करके प्रसिद्ध परम जिन धर्म रागि धनदेव सेठ की पुत्री प्रतें जल्दी तहां पर बुलवाई बाद दोनों संघ स्वेतांबर और दिगंबर के सामने राजा उस पुत्री से पूंछा हे पुत्री तुझ को चैत्य वंदन आता है तब वो लड़की बोली स्वामी उत्तम प्रकार से आता है अगर आता है तो जल्दी कहदे तब वो कन्या भी राजा की आज्ञा पाकर के अत्यंत गंभीर स्वर करके सकल चैत्य वंदना पढ़ती दफे यह गाथा आई ।

गाथा—उज्जिंत सेलसिहरे । दिक्खानाणं निसीहिया ॥
जस्स तंधम्मचक्क,वट्टिं । अरिट्ठनेमिनमं सामित्ति ॥ १ ॥

व्याख्या—उज्जिंत सेल शिखर नाम गिरनार पहाड़ का है इस पर दिक्षा कल्याणक ज्ञान कल्याणक निर्वाणक कल्याणक तिस धर्म चक्रवर्ती अरिष्ट नेमिनाथ स्वामी प्रतें नमस्कार करता हूं इस माफिक बात सुन करके विक्रम राजा सकल लोक सहित हरख से उल्लसित हो गया है मन जिन का ऐसा विक्रम राजा बोला स्वेतांबर संघ जयवंतार हो निश्चय करके यह तीर्थ इन स्वेतांबरीयों का है अब वरुण सेठ हारखा के अपने संघ सहित लोगों के मुख सेती दिगंबर निन्दा और स्वेतांबर प्रसंशा सुन करके दिलगीर हो के अपने ठिकाने गया अब उसी दिन से लेके या गाथा चैत्य वंदन में पढ़ते है या गाथा अव्रती देवता की रचना करी भई विरति वंतो के पढ़ने योग्य नही मगर शासन की उन्नति के कारण से गीतार्थों ने मना नही करी लाजिम है सज्जन लोगों को पढ़ना पूर्वाचार्यों का अंगीकरी भई बात को कोई अन्यथा करे तो तिस को सिद्धान्त में बड़ा भारी दंड कहा है सो इस माफिक श्रीभद्रबाहु स्वामी कहते है ।

गाथा—आयरिय परंपरएण । आगयं जोउच्छेयबुद्धिए ॥
कोवय इच्छय वाई । जमालिनासंसनासिहित्ति ॥ १ ॥

व्याख्या—आचार्यों का परंपरा को तुच्छ बुद्धी वाले उच्छेदन करे तो उसका

नमाली की तरह से निन्हव जानना चाहिये अब विक्रम राजा ने बहुत सत्कार सन्मान और दान पूर्वक धन सेठ को सीख दी फेर भी धन सेठ दूसरी दफे अपने संघ सहित गेरनार पहाड़ ऊपर गये तहां पर श्री नेमि जिनेन्द्र भर्ते प्रधान वस्त्र गहणा फूलादिक से विशेष पूजा करके याचकों को दान देके अष्टाह्निम महोत्सव करके तहां से चल करके अपने संघ सहित अनुक्रम करके हस्तिनापुर नगर में आया तहां पर राजा वगैरः सब लोगों ने बहुत सन्मान करावो धन सेठ बहुत काल तक श्रावक धर्म पाल करके बहुत जैन शासन की प्रभाना करके आखिर में सुगती का भजने वाला हुवा यह तीर्थ यात्रा अधिकार के ऊपर धनसेठ का दृष्टान्त कहा ॥ इतने करके पांचमी भक्ति रूप पांच प्रकार की पूजा कही ॥ ५ ॥ अब यहां पर अष्ट प्रकारी पूजा निरूपण करते हैं.

गाथा—वर गंध धूवचुरक रकएहिं। कुसुमेहिं पवरदीवेहिं ॥
नेवज्ज फलजलेहिय। जिण पूया अठहाहोई ॥ २ ॥

व्याख्या—प्रधान गंध उत्तम चंदनादि द्रव्य धूपादि द्रव्य से मिले हुवे अगर कपूर कस्तूरी इत्यादिक द्रव्य उत्पन्न सुगंध द्रव्य तथा अखंड उज्वल शाल्यादिक धान्य स्वस्तिक करने के वास्ते तथा पुष्प पांच वर्ण सुगंध पुष्प प्रधान दीपक घृत सहित स्वर्ण मयी दीपक नैवेद्य लड्डू आदि लेके फलनालेर आदि जल निर्मलपवित्र पानी ताना इनपूर्वोक्त आठों द्रव्यो करके जिन पूजा होती है इस वास्ते यह अष्ट प्रकारी पूजा ॥ ८ ॥ अब आठ द्रव्यों का प्रत्येक फल दिखलाते हैं ॥

गाथा—अंगंसुगंधंवन्न। रूवंसुहंचं सोहग्गं ॥
पावइपरम पयंपिह। पुरिसोजिणगंधपूयए॥

व्याख्या—शरीर में खुशबोई खुबसूरती सुख और सौभाग्य अनुक्रम से परम पद प्राप्त होगा जिस करके जो पुरुष भगवान की गन्ध पूजा करता है उसमें इतना गुण मिलता है ॥

गाथा—जिण पूयणेण पुञ्जो। होई सुगंधो सुगंध धूवेण ॥
दीवेणदित्तमंतो। अरकउअरकए हित्तु ॥ २२ ॥

व्याख्या—जिन पूजा करने से पूज्यपना पावे सुगंध धूप चढ़ाने से [illegible]

सुगंध होवे तथा भगवान के दीपक चढ़ाने से दीप्तिवंत शरीर तेज वान होवे भगवान के सामने अक्षत कहिये क्षय नहीं भया ऐसा चांवलों का स्वस्ति करना अक्षत पूजा करने से अक्षय सुख मिलता है ॥

गाथा—पूयई जो जिण चंदं । तिणि विसंझा सुपवर कुसुमेहिं ॥
सो पावइ सुर सुक्खं । कमेण मुक्खं सया सुक्खं ॥ २३ ॥

व्याख्या—तीनों ही संध्या में प्रधान फूलों करके जो जिन चन्द की पूजा है उसको देवलोक का सुक्ख मिले अनुक्रम करके मोक्ष का सुक्ख कैसा है जिस स्थान में केवल सुक्ख ही दुःख का अन्त भाव जानना चाहिये ऐसा प्राप्त करे ॥

गाथा—दीवाली पव्वंदिणे । दीवं काऊण वध्य माणगे ॥
जो ढोवई वरस फले । वरसं सफलं भवेतस्स ॥ २४ ॥

व्याख्या—दीवाली पर्व के दिन वर्धमान स्वामी के आगूं दीपक चढ़ाना सफलता के लिये जो दीपक चढ़ाते है तथा उत्तम फल चढ़ाते हैं उस के चढ़ाने से गा वरस भर सफल हो गया ॥

गाथा—होय इवहुभत्ति जुओ । नेवज्जं जोजिणंद चंदाणं ॥
भुंजइ सोवर भोए । देवा सुर मणु अनाहाणं ॥ २५ ॥

व्याख्या—बहुत भक्ति युक्त होके जो जिनेन्द्र चन्द्र के आगूं नैवेद्य चढ़ावे प्रधान भोग मिले और देवता तथा असुर तथा मनुष्य नाथ कहिये उत्तम राजा का सुख प्राप्त होवे ।

गाथा—जोढोय इजलभरियं । कलसंभत्तीइवीय रागाणं ॥
सोपावइ परम पयं । सुपसत्थं भाव सुद्धीए ॥ २६ ॥

व्याख्या—जो प्राणी भक्ति पूर्वक जल का कलसा भर करके वीतरागदेव चढ़ावे तो वो पुरुष परम पद याने मोक्ष पद में जावै उत्कृष्ट भाव शुद्धी होवे तो सर्व जिन पूजा भव्य जीव मन वचन काया से करोगे तो फल का कारण अवश्य है कहा

ी है शुद्ध भाव करके स्तोक मात्र भी जिन भक्ति करो तो भी बड़े फल का कारण समझना चाहिये सोई भाव शुद्धी ऊपर एक श्लोक दिखलाते है देखो कितना बड़ा ारी फल कहा है केवल भाव शुद्धी का वो श्लोक यह है।

श्लोक–यास्याम्यायतनं जिन स्यलभते ध्यायं चतुर्थ फलं ।
षष्टं चोत्थित उद्यतोष्टम मथोगंतुंप्रवृत्तो ध्वनि ॥
श्रधालु दर्शमे वहिर्जिनगृहे प्राप्तस्ततो द्वादशं ।
मध्ये पाक्षिकमीक्षिते जिन पतौ मासोववासं फलं॥ १ ॥

व्याख्या—में परमेश्वर के मन्दिर में दर्शन करने के वास्ते जाउं ऐसा ध्यान करने ा एक उपवास का फल मिलता है दर्शन के लिये उठा उस वक्त में दो उपवास का ल मिलता है तथा दर्शन को जाणें के लिये मौजूद हुवा उस वक्त तीन उपवास का ल मिलता है रस्ते के बीच में पहुंचने से श्रावक को चार उपवास का फल मिलता है जेन घर में पहुंचे बाद पांच उपवास का फल होता है मूल मंडप में पहुंचने से पन्दरा पवास का फल मिलै तथा जिन पती को नजर से देख लेवे तो एक मास उपवास का ल मिलता है इत्यादिक भाव शुद्धी करके फल जानना चाहिये केवल मुख्यानी भाव ी है इतने करके अष्ट प्रकारी पूजा दिखलाई अब आदि शब्द सेनी सतरे प्रकारी ूजा भी दिखलाई है तथा इक वीस प्रकारी पूजा भी दिखलाते हैं न्हवण पूजा १ वेलेपन पूजा २ वस्त्र युगल पूजा ३ गंध पूजा ४ पुष्प पूजा ५ माल पूजा ६ चूर्ण पूजा७ ा सक्षेप ८ ७ ध्वज पूजा ८ आभरण पूजा १० पुष्प घर पूजा ११ अष्ट मंगल १२ धूप ३ गीत १४ नाटक १५ वाजित्र १६ गुलाब जल १७ अबइक वीस प्रकारी पूजा दा ाद दिखलाते हैं ॥

जल पूजा १ चन्दन पूजा २ भूषण पूजा ३ पुष्प पूजा ४ वास पूजा ५ ूप पूजा ६ फल पूजा ७ दीप पूजा ८ अक्षत पूजा ९ नैवेद्य पूजा १० पत्र पूजा ११ ुपारी फल पूजा १२ गुलाब जल पूजा १३ वस्त्र पूजा १४ छत्र पूजा १५ चामर पूजा १६ ाजित्र पूजा १७ गीत पूजा १८ नाटक पूजा १९ स्तुति पूजा २० भंडार वृद्धि पूजा २१ इतने करके इक वीस प्रकारी पूजा का भेद दिखलाया इस तरह से १०८ तक से ाठ पूजा का भेद है सो और ग्रन्थों से जानना [illegible] विनय है [illegible] वेनय का यह तीसरा भेद जानना बाकी रह गया विनय के भेद [illegible] ग्रन्थ से ान लेना अब [illegible] सेनी न शुद्धि निरूपण करते हैं जिन [illegible]

स्थित ३ तहां पर जिन कोण वीतराग देव १ जिन मत किसको कहना स्यातशष्ट सहित तीर्थकरों का फिरमाया भया यथा-वस्थित जीव अजीवादिक तत्व जिनमत कहते है २ ॥ तथा जिनमत स्थिती तथा जिनमत से रहे हुये अंगीकार है परमेश्वर का प्रवचन कहिये शासन उनको अंगीकार करने वाला साधू १ २ और धर्म आदिक इन तीनों को छोड़के संसार में कुछ भी नहीं है सब असार है का मतलब यह है कि वो पूर्वोक्त जिनादिक तीन पदार्थ सार है और सब कचरा है विचारना करने से सम्यक्त शुद्ध होता है इस वास्ते इन तीनों को तीन शुद्धि कहते तथा प्रकारान्तर करके यहां पर तीन शुद्धि फेर भी दिखलाते हैं ॥

गाथा—मणवयण कायाणं । सुद्धी समत्त साहणा तत्थ ॥
मण सुद्धी जिण २ मय । वज्जम सारं मुणइलोए ॥ १ ॥
तित्थंकर चलणाराहणेण । जंमझसिझइनकज्जं ॥
पत्थेमितत्थनन्नं । देव विसे संचवयसुद्धी ॥ २ ॥
छिज्जंतो भिज्जंतो पीलिज्जंतो । विड्झमाणोवि ॥
जिणवज्ज देवयाणं । ननमइ जो तस्सतणु सुद्धी ॥ ३ ॥

व्याख्या—मन १ वचन २ काया ३ इन तीनों करण शुद्धि करना सम्यक्त साधनभूत जानना इन तीन करण शुद्धी से सम्यक्त पैदा होता है तथा जिनमत छोड़ करके सर्वलोक को असारपणों मानते हैं तव मन सुद्धी होवे या प्रथम कहा ॥ १ ॥ तथा तीर्थंकर महाराज के चरण आराधन से मेरा काम सिद्ध नहीं तो इस कार्य में अन्य देव की प्रार्थना करता नहीं कहने का मतलव यह है कि भक्ति करके अपना काम न हुवा तो फिर अन्य से होना नहीं इस माफिक मुख भाषण करना उसको वचन सुद्धी कहते हैं ॥ २ ॥ तथा शस्त्रादि करके काट भेदन कर डाले आग से जला डाले मगर जिन राज देव को छोड़ करके मन काय काया करके नमें नहीं तिसको तीसरी तनु शुद्धि कहते हैं यह तनु शुद्धि तीसरी कही अब पांच दूषण निरूपण करते हैं शंका १ सांता इत्यादि। तहां पर शंका कहते हैं रागद्वेष रहित यर्थार्थ उपदेशक इस माफिक सर्वज्ञों का कहा हुवा जो वचन है उनमें

संशय करना उसको संका कहते हैं वो संका तो सम्यक्त का नाश करने वाली है इस वास्ते सम्यक्तियों को त्याग करना चाहिये लौकीक में भी संका करने वाले का काम सिद्ध नहीं होता जो संका नहीं करता है उसका काम अवश्य ही सिद्ध हो जायगा दो व्यवहारी का दृष्टान्त कहते हैं. एक नगर में दो जना व्यवहारी रहते थे वो दोनों जणें पूर्व कृत कर्म सेती जन्म के ही दरिद्री भये अन्यदा इधर उधर घूमरहे थे तब वहां पर एक सिद्ध पुरुष को देख करके अपने धन सिद्धि के वास्ते तिस सिद्धि की सेवा करने लग गये वो भी एक दिन की वक्त उनकी सेवा से प्रसन्न होके उन दोनों को कंथा दो दिवी इस माफिक कहा इन कंथावों को छै महिना तक गले में धारण कर के रक्खो अखीर में पांच सै मोहोर हमेसा देवेगी अब दोनों जणें कंथा लेके अपने ठिकाने गये उन दोनों व्यवहारी मांय से एक व्यवहारी नें दिल में विचार करा कि कौन जानता है ये कंथा छै महिना वाद फल की देने वाली होगी वा नही इस माफिक एक विचार पैदा हुवा शंका तथा लज्जा करके उस कंथा को त्याग दी तथा दूसरे ने शंका भी नहीं करी और लज्जा भी नहीं करी छै महिना तक गले में रक्खी तिस करके वड़ा रिद्धि वाला हो गया तिस के रिद्धि का विस्तार देख करके कंथा को त्याग करने वाला वणीया परचाताप करने लगा और दूसरा वणिया जावज्जीव तक सुखी भोगी त्यागी भया इस वास्ते भव्य जीवों को उत्तम पदार्थ में किंचित मात्र भी शंका नहीं करना यह शंका करणे ऊपर दो वणियों का दृष्टान्त कहा ॥ १ ॥ तथा कांक्षा अन्य २ दर्शन की अभिलापा करनी परमार्थ करके भगवान अर्हंत का कहा हुआ आगम पर विस्वास नहीं रक्खा तो यो भी सम्यक्त में दूषण जानना चाहिये इस वास्ते सम्यक्तियों को त्याग करना चाहिये कहा भी है लोकीक में कांक्षा करने वाला मनुष्य वहुत सा दुःख का भजने वाला होता है ऐसा दिख रहा है अब कांक्षा ऊपर दृष्टान्त कहते हैं ॥ एक नगर में कोई भी ब्राह्मण वसता था वो निरन्तर धारा नामें गोत्र देवी की आराधना करता था कोई वक्त में लोगों ने कहा कि चामुंडा वड़ी चमत्कारी देवी है उस का प्रभाव सुन करके तिसको भी आराधना करने लगा इस तरह से दोनों देवियों की उपासना करते हुये कितना काल गमाया अब एक दिन के वक्त में वो ब्राह्मण कोई ग्राम जा रहा था मार्ग में जल्दी करके आया चौतरफ से नदी का पूर उस करके वहता जाता था मगर वाहर निकलने को समर्थ नहीं हुआ दौड़ २ हे धाराकुल देवि दौड़ २ चामुंडा देवि मेरी रक्षा करो इत्यादिक वचन करके दोनों देवी का स्मरण करने लगा तब दोनों देवी ईर्षा करके आई मगर उन दोनों मांय से एक ने भी ब्राह्मण की रक्षा करी नहीं तहां पर आर्त रौद्रध्यान ध्याता हुवा जल मे डूब के मर गया ब्राह्मण इस वास्ते हित इच्छा वालों को कांक्षा नहीं करना

चाहिये तथा अन्य भव्य को भी कांक्षा नहीं करनी इतने करके कांक्षा ऊपर एक ब्राह्मण का दृष्टान्त कहा ॥ २ ॥ तथा तीसरी विचिकित्सा भी जिनाज्ञा के अनुसारे शुद्ध आचार धारक साधू मुनीराज वगैरे उत्तम पुरुषों की निंदा करना सो भी सम्यक्त में दोष लगाने वाली है इस वास्ते त्याग करना उचित है कारण सम्यक्त रत्न के धारक और तिस में यत्न करने वालों को अगर जो दूषण वाला भी है मगर सम्यक्ती दोष प्रकाशित नहीं कर सक्ते बलके निंदा करनी तो दूर रही तिस में निर्दोष मुनीराज की निंदा तो सर्वथा त्याग करना मुनासिब है तथा जो फेर श्रावक नाम धरा के दूसरों के आगूं अपने गुरवों का अवर्णवाद करते हैं तथा महा मंगल के कारण भूत गुरु वादिक को सामने आते हुवे देख करके अमंगल हो गया कैसे मेरा कार्य सिद्ध होगा इत्यादिक मन में विचार करने वाले महा मूर्ख जिन प्रवचन से मूं फेर के बैठने वाला एकान्त मिथ्यात्वी महा दुष्कर्म बांधने वाला जानना चाहिये क्या बहुत कहें तिन पुरुषों की इस भव में और पर भव में सिद्धिक भी होने की नहीं ॥ ३ ॥ विचिकित्सा दिखलाई ॥

अब कुदृष्टि प्रसंशा रूप चौथा दूषण दिखलाते हैं तथा खोटी है दृष्टि दर्शन जिनों की उनको कुदृष्टि कहते हैं ऐसे कौन कुतीर्थ तिनों की प्रशंसा तारीफ करनी उनको कुदृष्टि प्रशंसा कहते हैं उन का भी त्याग करना चाहिये जो सकल कुतिर्थियों का कुछ अतिसयादिक देख करके कहे कि इनका मत उमदा है इस में इस माफिक अतिशय वान रये हुये हैं इत्यादिक प्रशंसा करने वाले महा मूर्ख हैं मतलब विगर शुद्ध सम्यक्त रूप रत्न को मैला करते हैं यह कुदृष्टि प्रशंसा चौथा दूषण जानना ॥ ४ ॥ अब पांचवां दूषण कहते हैं कुदृष्टि संसर्ग याने उस कुदृष्टियों से आलापसंलापकरणा परिचय रखना यह कुदिष्टि संसर्ग पांचमा दूषण है यह कुदृष्टि संसर्ग भी सम्यक्त में दूषण देने वाला है इस वास्ते त्याग करना उचित है शुद्ध दृष्टि वाले साधू वगैरे से हमेसा परिचय रखना चाहिये अन्यथा नंदमणिकार की तरह से पाया हुवा सम्यक्त रूप धर्म मगर कुदृष्टि परिचय से चला गया इस वजे से पांचवां दूषण कुदृष्टि परिचय के ऊपर नंद मणिकार का दृष्टान्त कहते हैं । राजगृह नगर में एक दिन की वक्त श्री वर्धमान स्वामी समवसरे तव श्रेणिकराजा को आदि लेके श्रावक लोक वंदना करने वास्ते गये तब सौधर्म देवलोक में रहने वाला दुर्दुरांक नामे देवता चार हजार सामानिक देवता के परिवार सहित महावीर स्वामी प्रतें वंदना करने के लिये आया और सूर्याभि देवता की तरह से श्री वीर प्रभु के आगू वत्तीस वध नाटक करके अपने देवलोक में गया तब श्री गौतम स्वामी ने प्रश्न पूछा कि हे भगवान इस देवने ऐसी रिद्धि कौन पुन्य करणें से पाई सो फरमाइये तव भगवान ने फरमाया इस पुर में एक धनवान नंद मणिकार सेठ रहता

था वो एक रोज हमारे मुख से धर्म सुन करके सम्यक्त पूर्वक श्रावक धर्म अंगीकार करा बहुत काल तक पालन करा अब कदाचित कर्म योग्य करके तथा कुदृष्टियों की संगते करके तिस माफिक साध्वादिक के परिचय के अभाव सेती तिस के मिथ्या बुद्धि बढ़ने लगी उत्तम बुद्धि धीरे २ मंद होने लगगई अब मिश्र परिणामों करके काल पूर्ण कर रहा है वो सेठ एक दिन ग्रीष्मकाल की मोसममें अष्टमतप सहित पोषध किया तब तीसरे दिन मध्य रात्री में प्यास में पीडित होके आर्त्तध्यान उत्पन्न हुआ फेर ऐसा मन में विचार करने लगा ॥

श्लोक—धन्यास्तएव संसारे। कारयंति वहूनिये ॥
वापी कूपादि। कृत्यानिपरोपकृतिहेतवे ॥ १ ॥

व्याख्या—धन्य हैं वेई संसार में बावड़ी कुवा वगैरे कृत्य करते हैं बहुत से पापी कूप वगैरे बनवाते हैं पर उपगार के वास्ते ॥ १ ॥

श्लोक—धर्मोपदेशके श्चापि। प्रोक्तोसौधर्म उत्तम ॥
येत्वाहुदुष्टतामत्रतदुक्ति। द्रश्यते वृथा ॥ २ ॥

व्याख्या—धर्म उपदेश देने वालों ने भी यह धर्म उत्तम कहा है जो लोग इस कृत्यों को खराब बताते हैं सो उनका कहना वृथा है ॥ २ ॥

श्लोक—ग्रीष्मर्त्तौ दुर्वलासत्वा। स्तृषार्त्ता वापीकादिषु ॥
समागत्य जलं पीत्वा। भवंति सुखनोयत ॥ ३ ॥

व्याख्या—ग्रीष्मरितू याने जेठ असाढ़ यह दोनों मास ग्रीष्म रितु में कहा है गोया धूप रितू में दुर्वल सत्व प्राणी भूत जीवादिक प्यास में पीडित होके उन पूर्वोक्त बावड़ी कुवा तालावादिकों में पानी पीने के लिये आते हैं तहां पर जल पीके सुखी हो जाते है इस वास्ते यह काम भी धर्म का है ॥ ३ ॥

श्लोक—अतोहमपिच प्रात। वापी मेकां महत्त राम् ॥
भावार्थ तो कथानक से जानना अब मृगसुंदरी का वृत्तान्त कहते हैं श्री पुर नगर के विषै श्रीषेण राजा तिस के देव राज लड़का वो यौवन उमर में पूर्व भव के खोटे कर्म के वस सेती कोढ़ी हो गया तब सात वर्ष तक नाना प्रकार के इलाज किये मगर रोग हटा नहीं तब वैद्यों ने भी छोड़ दिया तब तिस के दुक्ख में दुखी होके राजा विचार ने लगा जो कोई मेरे पुत्र को रोग रहित कर देवे तो तिस कों आधा राज्य दे देऊं ऐसा विचार के ढूंडी पिट वाई तब तहां पर एक यशोदत्त नामें सेठ धन वान रहता था तिस के शील वगैरे गुणों करके सहित लक्ष्मीवती नाम कन्या तिसने उस ढूंडी को मनाई करके बोली मैं राज पुत्र कों रोग रहित करूंगी तब राजा अत्यंत आदर करके बुलवाई तब वा भी पिता सहित जल्दी राजा के महल में जा करके शील के प्रभाव सेती अपने हाथ का फर्श करने से तिस राज कुमर का कोढ दूर कर दिया तब प्रसन्न हुवा राजा अपनी प्रत्तिज्ञा पालने के वास्ते तिस कन्या प्रतें बड़े उत्सव करके अपने पुत्र प्रतें परणाई याने सादी करी राजा खुद पुत्र प्रतें राज्य ऊपर बैठा करके गुरु महाराज के पास में दीक्षा ग्रहण करी तब दोनों स्त्री भर्त्तार सुखें करके राज्य पालने लगे अब एक दिन के वक्त तहां पर ज्ञानी आचार्य पधारे तब राजा रानी परिवार सहित वंदना करने के वास्ते गये तब गुरु महाराज ने देशना दी तब देशना के बाद तिन दोनों ने रोग पैदा होने का कारण पूछा तब गुरू महाराज बोले भो राजा पूर्व भव में खोटे कर्म करे थे उस के उदय सेती तेरे शरीर मे मोटा रोग उत्पन्न भया अब पूर्व भव कहते हैं वसंतपुर नगर में मिथ्यात्व में मोहित बुद्धि वाला देव दत्त नामें व्यवहारी रहता था तिस के धन देव ॥ १ ॥ धन दत्त ॥ २ ॥ धनमित्र ॥ ३ ॥ धनेश्वर ॥ ४ ॥ ऐसे चार पुत्र भये तिन के विषय धनेश्वर लड़का एक दिन के समय में व्यापार करने के वास्ते मृगपुर नगर गया तिस नगर में एक जिन धर्म पालने में उत्कृष्ट जिन दत्त नामें सेठ बसता था तिस के मृग सुंदरी नामें कन्या थी तिस ने बालक उमर में गुरू महाराज के पास में तीन अभिग्रह याने नियम ग्रहण करा प्रथम तो जिन राज की पूजा करना ॥ १ ॥ तथा साधू को दान देना ॥ २ ॥ बाद भोजन करूंगी । मगर रात को भोजन करूंगी नहीं ॥ ३ ॥

अब एक दिन के वक्त में अति अद्भुत रूप की धरने वाली तिस मृग सुंदरी प्रते देख करके वो धनेश्वर वनियें का लड़का तिस कन्या के ऊपर दृढ राग वान हो गया मगर मिथ्या दृष्टि है इस वास्ते तिस को सेठ ने कन्या नहीं दी तब वो कपट से श्रावक हो करके तिस कन्या को परण करके अनुक्रम से अपने नगर गया तहां पर धर्म की ईर्षा करके और मिथ्या मती थाई इस वास्ते तिस मृग सुंदरी के जिन पूजादिक ध

कार्य को मना करता भया तव तिस के अपने नियम में स्थिर चित्त था इस वास्ते तीन उपवास हो गया चोथे दिन घर के दरवाजे पर आया गुरू महाराज तिनों से अपने नियम रखने का उपाय पूछा तब गुरू महाराज गुण विचार करके बोले हे भद्रे तूं चूलै के ऊपर चंद्रवा बांधा कर तिस करके पांच साधू को आहार देने का फल तथा पांच तीर्थ को नमस्कार करने का जितना फल उतना फल होगा तब तिसने भी गुरू महाराज की आज्ञा करके तिसी माफिक किया तब श्वशुरे को आदि लेके लोग विचार ने लगे कुछ याका मण कर रही है ऐसा विचार करके धनेश्वर के आगू हकीकत कही तब तिसने क्रोध करके तिस चंद्रवे को जला दिया तब तिसने दूसरा बांधा तिस को भी इस माफिक सात चंद्रवा जलाया तब तिस का स्वरूप देख करके खेदातुर होके शुशरा बोला हे भोली किस वास्ते तकलीफ कर रही है तब वा बोली जीवदया के वास्ते तब फेर शुशरा रोष करके बोला अगर जो तेरे को जीव दया पालनी है तो पिता के घर चली जा तब वा बोली में कुल वान की पुत्री हूं कुलटा की तरह से इकेली जाऊं नहीं कुटुंब सहित तुम पिता सहित तुम पिता के घर छोड़ आवो तब कुटुंब सहित शुशरा तिस को लेके मृगपुर नगर प्रते चला रस्ते में एक गांव में शुशरे के पक्ष वालों ने पाहूनों की भक्ती के वास्ते रात में भोजन बनाया तब भोजन के वास्ते सर्व तैयार भया मगर मृग सुंदरी अपने नियम को याद करती भोजन मे तैयार नहीं भई तब शुशर को आदि लेके उनको अच्छी बुद्धि पैदा भई तब मृग सुंदरी से आग्रह से उन लोगों ने भी भोजन नहीं किया तिस वक्त में जिस के घर में रसोई भई थी उन के कुटुंब वालों ने भोजन कर लिया अब सवेरे के वक्त में तिन संबन्धी लोगों को मरा भया देख करके शुशरा वगैरे इधर उधर देखने लगे तित ने तो अन्न की थाली में सांप की सांकल पड़ी भई देखी तब सर्व लोगों ने विचार किया रात्रि की वक्त में अन्न के वर्तन में धूमें जैसा काला सांप पड़ गया इससे मर गया पीछे सर्वों ने मृग सुंदरी से क्षामणा करी तब मृग सुंदरी बोली भोआर्य लोगों इस वास्ते मै चूलै ऊपर चंद्रवा देती हूं और रात को भोजन नहीं करती तब मृग सुंदरी के वचन से प्रति बोध पाके और जीवित दान सेती साक्षात कुल देवी की तरह से मृग सुंदरी को मान करके सर्व पीछे आया और मृग सुंदरी के उपदेश करके श्रुश्रावक याने उत्तम सोभनीक श्रावक हो गया तब मृग सुंदरी और धनेश्वर दोनों बहुत काल तक धर्म आराधन करके आखिर में समाधि सहित काल करके देव लोक के सुख भोग करके तुम दोनों भया तैंने पूर्व भव में सात चन्द्रवा जलाए थे इस सवव से तेरे शरीर में कोढ रोग पैदा हो गया तथा तिन खोटे कर्मों की निन्दा

करने से बहुत क्षय कर दिया मगर अंशमात्र रह गया तिस वास्ते यहां पर मात्र कुछ व्याधि भई तब राजा रानी इस माफिक गुरु महाराज के मुख संती पूर्व भव सुनने से जाती स्मरण ज्ञान पैदा हो गया फेर संसार से विरक्त होके पुत्र प्रतें राज्य बैठा के दीक्षा ग्रहण करके आखिर में देवलोक में गया यह अनर्थ दंड के ऊपर याने विरमण दूर होने का अनर्थ दंड विरमण पर मृग सुंदरी का वृत्तांत कहा इस माफिक और भी भव्य जीव चूले ऊपर चंद्रवा देने से अनर्थ दंड से दूर होना अब इस व्रत की भावना दिखाते हैं ॥

—चिंते अव्वंच नमो । सअट्ठ णाइंच जेहिं पावाइं ॥ साहूहिं वज्जियाइं । निरट्ठ णाइंच सव्वाइं ॥ १ ॥

व्याख्या—श्रावक ने ऐसा विचार करना चाहिये कि नमस्कार हुवो सर्व साधु महाराज को जिनों ने सार्थक और निरर्थक या अर्थ दंड और अनर्थ दंड उनदोनों का जिनों ने त्याग किया है ऐसे मुनि धन्य हैं ॥ १ ॥ तथा और जगे भी कहा है सो दिखलाते हैं

तुल्ले विउ अर भरणे । मूढ अमूढाण अन्तर इत्थ ॥ एगाण नरय दुक्खं । अन्ने सिंसासयं सुक्खं ॥ २ ॥

व्याख्या—पेट भरने में दोनों बरोबर हैं कोन गोया मूर्ख और चतुर यह दोनों ही मगर एक को नरक का दुक्ख और एक को देव लोक का सुक्ख मिलता है ॥ २ ॥ इतने करके तीसरा गुण व्रत भावित किया ॥ ८ ॥

अब चार शिक्षा व्रतों का अवसर आया तहां पर शिक्षा वारंवार होना और मन को समझाने शिक्षा याने शीख याने यादी कर वाना तिस मई है प्रधान व्रत तिन को शिक्षा व्रत कहते हैं जैसे शिष्य है सो विद्या अभ्यास वारंवार करता रहे तिसी तरह से श्रावक भी इन व्रतों को वारंवार अभ्यास करे अब इन व्रतों के विषै जो प्रथम व्रत सामायक व्रत निरूपण करते हैं तहां पर राग द्वेष रहित होके जीव को ज्ञानादिक का लाभ होना वोही है प्रयोजन जिस में इस माफिक क्रिया अनुष्टान जिस के उस को

सामायक तिस रूप जो व्रत तिस कूं सामायक व्रत कहते हैं सो इस माफिक दिखलाते हैं ॥

—सामाय इमिह पढमं । सावज्जे जत्थवज्जिउंजो
गे ॥ समणाणं होइ समो । देसेणं देस विर
ओवि ॥ ५० ॥

व्याख्या—यहां सामायक नाम प्रथम शिक्षा व्रत का है जिस माफिक के करने सेती देश विरती भी पापके व्यापार को मन वचन काया करके त्याग किया और सर्व विरती जैसा हो जाता है सो किसमाफिक होता है सो दृष्टान्त देके बतलाते हैं ॥ देशें करके उपमा दी जाती है याने एक देश करके जैसे चंद्र मुखीया स्त्री है मगर सब शरीर तो चन्द्र जैसा नहीं मगर मुखमें शीतल ता गुण चन्द्र समान लिवा है मगर सर्व शरीर को उपमा नहीं तथा फेर भी बतलाते है कि समुद्र तरह से यह तालाब भरा हुवा है इस माफिक देश करके उपमा दी गई है नहीं तो साधू और श्रावक के वड़ा अन्तर है सो दिखलाते है तथा साधू उत्कृष्ट बारे अंग की विद्या पढ़ते है तथा श्रावक जो है सिर्फ दस वैं कालिकका छज्जीवणी अध्ययन पढ़ता है तथा साधू उत्कृष्ट करके सर्वार्थ सिद्धि विमान में उत्पन्न होता है और श्रावक बारमें देव लोक में उत्पन्न होता है तथा साधू मरे बाद देव गती या सिद्धी गती में जाते हैं तथा श्रावक के तो सिर्फ देव लोक ही हैं तथा फेर साधू के चार संज्वलन कषाय की चौकड़ी रहती है तथा वर्जित भी होता है तथा श्रावक के आठ प्रत्याख्याना वरण संज्वलना भी होता है तथा फेर साधू के पांच महा व्रत समग्र होता है और श्रावक के तो इच्छा प्रमाणं होता है तथा साधू के एक वक्त ग्रहण करी भई सामायिक जावज्जीव रहती है तथा श्रावक के वारंवार अंगीकार करी जाती है तथा साधू के एक व्रत खंडन होने से सर्व व्रत खंडन हो जाता है आपस में सापेक्ष धर्म रहा है इस वास्ते तथा श्रावक के इस माफिक नहीं है अब कहते हैं सामायिक कहां पर करना चाहिये ऐसी शंका लाके कहते हैं ॥

—मुनिः समीपे जिन मंदिरे वा । गृहे थवायत्र निरा
कुलस्यात् ॥ सामायिकंतत्रक रोति गही ।
सुगुप्ति युक्तः समित श्चसम्यक् ॥ ५८ ॥

व्याख्या—गृहस्थ याने श्रावक प्रथम मुनिराज के पास सामायक करे जिस के

अभाव से जिन मंदिर में एकान्त स्थान आसातना रहित अगर दोनों के अभाव से अपने घरमें करे अथवा बहुत क्या कहें जिस जिस क्षेत्र के विषै वा शून्य घर मार्गादिक में आकुलता रहित तिस ठिकाने में गुप्ति करके युक्त और समिति सामायिक करे तथा जिन मंदिर में सामायिक करै उससे साधू के पास धर्म वार्ता करके विशेष लाभ का कारण है इस वास्ते जिन मंदिर सेवी मुनि पास करना तथा फेर भी विशेपता दिखलाते हैं जो श्रावक घर वगैरे में सामायिक करै तो भी श्रावक सामायिक लेके बैठा है और अंगीकार कर के तो भी समिति गुप्ति करके गुरू महाराज के पास में आके तिन के साक्षी से सामायिक उच्चारण करता माफिक अल्प रिद्धि वाला उसकी विधि रही है तथा बड़ी रिद्धि वाले राजा सामायिक करणें के वास्ते साधू के पास आकरके सामायिक अंगीकार अगर सामायिक करके तो उनके पिछाड़ी जाने से हाथी घोड़ा सिपाईयों करके करण की क्रिया लगती है वा क्रिया किसको कहते हैं विशेष करके इस चर्चा के वा आवश्यकचूर्णि देखना अब सामायिक में रहने वाले का कृत्य दिखलाते हैं॥

श्लोक— सामायकस्थः प्रवराग मार्थं । प्रच्छेन्महात्मा चरितंस्मरेच्च ॥ आलस्य निद्रावि कथादि दोषान् । विवर्ज्जयेत् शुद्ध मनादमालुः ॥ ५६ ॥

व्याख्या—श्रावक सामायिक में रहा हुवा उत्तम आगम अर्थ मते पूछै तथा महा के चरित्र मतें स्मरण करे और आलस्य नींद तथा राज कथादि कवि कथा त्य करे दयावान शुद्ध मन वाला त्याग करे तथा आलस्य को आदि लेके दोष दिखल हैं॥ आलस १ निद्रा २ पालखी ३ तथा थिर आसन नहीं ४ नजर हिलाना ५ काम से दूसरे काम में मत लागना ६ तथा दीवाल के साहरे बैठे नहीं ७ तथा उपांगको छिपावै नहीं ८ तथा शरीरमें मैल उतारै तथा विछावना करैनहीं ९ तथा अंगु वगैरे को मरोड़ नहीं तथा खाजखिणें नहीं॥ यह बारे काया का दूपण कहा अब प्रकारे वचन का दूषण लिखते हैं॥ तथा खराब वचन १ विगर विचार से बोलना बात वचन ३ जैसे दिल में आवे वैंसाई वचन निकाल देना ४ प्रशंसा वचन ५ कल ६ तथा विकथा ७ तथा हास्य वचन ८ तथा जल्दी करके बोल देना ९ तथा जा आना बतलाना १० यह दस वचन के दोष॥

अब दस मन के दोष कहते हैं॥ तथा अविवेकपण १ तथा यश कीर्ति के अ

लापी २ तथा लाभ के अर्थी ३ तथा अहंकार ४ तथा भय ५ तथा नीयाणें की यांछा ६ तथा संशय ७ तथा रोष ८ तथा अविनय ९ और अभक्ति १० यह दस मनके दोष ॥ यह सर्व वत्तीस दोष सामायिक में त्याग करना तथा गृहस्थ त्रस और थावर जीव राशि के ऊपर हमेसा तपै भये लोह के गोले समान रहा है मगर अंतर्मुहूर्त मात्र सामायिक में रहा हुवा तब तक निश्चय करके मित्रता रही है सो इसी को श्लोक द्वारा दिखलाते हैं ॥

श्लोक—किंचगृही त्रसथावर जंतुराशिषु । सदैवतप्ता
यसगोल कोपमः ॥ सामायिकावस्थितएष
निश्चितं । मुहूर्त्तमात्रं भवती हतत्सखः ॥ ६० ॥

व्याख्या—इस संसार के विषै गृहस्थ त्रसथावर जीव समुदाय के विषै जीवों को तपाने वाला जानना याने तपा भया लोह के गोले जैसा वर्त्ते है तथा सामायिक में रह के यह गृस्थ दो घड़ी तक निश्चय करके उन जीवों का मित्र होता है आरंभ छोड़ने से यहां पर पाप कारी योगों का पच्चण किया है इसमाफिक सामायिक का काल अंतर्मुहुर्त्त प्रमाणें सिद्धान्त में नहीं कहा तो भी जान लेना चाहिये तथा पच्चक्खण का काल तो जघन्य करके अंतर्मुहुर्त्त का दिखलाया नवकार सीके पच्चखांण की तरह से अब यहां पर दृष्टान्त दिखलाते हैं ॥

—सदैव सामायिक शुद्ध वृत्ति । मानोपमाने
पिसमान भावः ॥ मुनिःस्वर श्री दम दंत संज्ञो
वभूवभूत समृद्धि भोगी ॥ ६१ ॥

व्याख्या—हमेसा सामायिक में शुद्ध वृत्ति रखना इस वास्ते मान अपमान में बरोबर व्यापार रहा है जिस का मन इस माफिक श्री दम दंत नामें मुनीश्वर सम्यक समायिक स्वरूप करके उत्तम रिद्धी के भोगने वाले भये इस वास्ते सामायिक में रहा हुवा भव्य जीव ऐसे स्वरूप वाला होता है सो दिखलाते हैं ॥

—निंदप संसासु समो । समोय माणा व माण
कारीसु ॥ समसयण परियण मणो । सामाइय
संग ओजीवो ॥ १ ॥

व्याख्या—कोई निंदा करे कोई प्रशंसा करे तथा कोई स्वजन है और कोई पर जन है कोई मान करे अपमान करे मगर सामायिक में बराबर जानना चाहिये अब यहां पर दमदंत का वृत्तान्त कहते हैं हस्त शीर्ष नगर में दमदंत नामें राजा बहुत बलक रिद्धि करके सहित सुख सेती राज्य पालता था तिस अवसर में हस्ति नागपुर के विषे पांडव और कौरव राज्य पालते थे तिनों के और दमतंत के साथ में सीमा के निमित्त एक महा विवाद भया तब एक दिन के वक्त में दमदंत राजा जरासंध की सेवा करने को गया तब पिछाड़ी से पांडव और कौरव तिस के देश का भंग कर दिया तब या हकीकत सुन करके कोपायमान दमदंत होके जल्दी से बहुत बल लैके हस्तिनाग पुर के ऊपर चढ़ के आया तहां पर दोनों के आपस में बड़ा भारी जुद्ध भया मगर कर्म वस से पांड़व और कौरव हार गया दमदंत जितया करके विजय ढकायाजित्र बजा के अपने ठिकाने आया तथा कितने काल गये बाद वो दमदंत राजा एक दिन शाम के वक्त में पांच वर्णा बाद लोका स्वरूप देख करके वैराग्य सें संसार के स्वरूप को तिस माफिक असार समझ करके प्रत्येक बुद्धपने से दीक्षा अंगीकार करी तब ग्रामा नुग्राम विहार करके एक दिन हस्तिनाग पुर में पोल के बाहिर काउसग्गमें रहा तब राजवाड़ी में जाते पांड़वों ने मार्ग में तिस मुनी प्रतें देख करके पूछा कि यह कौन सा मुनी है तब सेवक बोला कि हे महाराज दमदंत राजा रिषि है यह तब पांडव जल्दी से घोड़े से उतर करके हर्ष सहित तीन प्रदक्षिणा देके दोनों वल्कि तारीफ करके आगूं चले तिन के बाद कौरव आया तिन में बड़ा दुर्योधन था तिसने उसी माफिक प्रश्न पूछा तब सेवक लोगों से दमदंत को जान करके अहो इति आश्चर्य यह तो हमारा वैरी है इस का वो मूं भी न देखना चाहिये इत्यादिक खोटे वचनों से तिरस्कार करके क्रोध सहित साधू के सामने बीजोरे का फल फैंक करके आगूं चला तब जैसे राजा करे वैसे ही प्रजा करे इस न्याय करके पीछाड़ी फौज वाले लोगों ने काष्ट धूल पत्थर फैंक करके मुनी के चौतरफ से चौकी के बतौर कर दिया अब पांडव भी अपनी इच्छा से वन क्रीड़ा करकै पीछा लौट करके रस्ते में मुनी के ठिकाने तिस वृत्त करके लोगोंसे प्रसरन पूर्वक सर्व कौरवों का चौंतरे को देख सोय चरित्र जान करके जल्दी तहां आ करके पत्थर वगेरे दूर करवाया तिस दमदंत राज रिषि प्रतें विधि पूर्वक वंदना नमस्कार करके अपने ठिकाने गया तब पांडवों ने तो इस माफिक मान किया और कौर वों ने अपमान किया तो भी मुनि राजतो दोनों के ऊपर मन करके समभाव रक्खा मन करके भी राग द्वेष नहीं किया तब मुनिराज बहुत काल तक चारित्र आराधन करके आखिर में उत्तम गती के भजन

वाले भये इस माफिक दम दंत राज रिषि का वृत्तान्त कहा इस तरह और भी भव्य जीव अपनी गुणों की अभिलाषा रखने वाला सामायिक में थिर मन परिणाम होना चाहिये अब इस व्रत की भावना दिखलाते हैं ॥

—धन्ना ते जिय लोए। जावज्जी वंकरंति जेसमणा ॥
सामाइयं विसुद्धं। निच्चं एवं विचिंतिज्जा ॥ १ ॥
कईआणु अहंदिक्खं। जावज्जीवं जहट्ठि ओ
समणो॥ निस्सं गोविह रिस्सं। एवंच मणेण
चिंतिज्जा ॥ २ ॥

व्याख्या—धन्य है मुनि महाराज इस लोक में जावज्जीव तक सामायक करते हैं अत्यंत शुद्ध का यादि जोगों कर इस माफिक श्रावक को चिंतवन करना चाहिये ॥ १ ॥ तथा मैं दिक्षा कब लूंगा जावज्जीव तक मुनी जैसे रहते हैं तिस माफिक संग रहित कब विचरूंगा ऐसा विचार ना चाहिये ॥ २ ॥
इतने करके भावित किया प्रथम शिक्षा व्रत ॥ ९ ॥

अब दूसरा देशाव काशिक व्रत निरूपण करते हैं ॥ जो मोकले रक्खे भये नियम उनों का देश करके संक्षिप्त विभाग करके अवकाश गोया स्थान तिस करके दूर होना देशाव काशिक तिस रूप जो व्रत तिस को देशाव काशिक व्रत कहते हैं अब इस को विवरे वार वतलाते हैं ॥ व्रत को अंगीकार करती वक्त में ग्रहण करा है जीवित अवधि तक दिशा व्रत का वाथवा प्राणातिपात से दूर होना सर्व व्रतों को जो निरन्तर संक्षेप करना तिस को देशाव काशिक व्रत कहते हैं सोई दिखलाते हैं ॥

—पुव्वंग हियस्स दिसा वयस्स। सव्वव्वयाण
वाणुदिणं। जो संखे वो देसा ॥ वगासियंतं वयं
विइयं ॥ ६२ ॥

व्याख्य—प्रथम ग्रहण करा है देशाव काशिक व्रत उनको हमेसा संक्षेप करना तिसको देशाव काशिक व्रत दूसरा कहते हैं ॥ ६२ ॥ अब यहां पर वृद्ध ऐसा जाने हैं दिग् व्रत संक्षेप करना तथा शेष व्रत भी संक्षेप करना ओल खांण करके देख लेना ने

पामपि संक्षेपस्य अवश्यंक र्सव्यत्वात् प्रति व्रतं चदि वस पक्षादि अवधि करके संक्षेप करना भिन्न व्रतत्वे द्वादस व्रतानीति संख्या विरोधः स्यादिति यह कहने से देशाव काशिक व्रत दिग व्रत का ही विषय जानना तथा फेर भी इसी बात को पुष्ट करते हैं ॥

—पुव्वंदिसि वयग हियस्स । दिसा परि माणस्स पइ दिणं परिमाण करणं ॥ देशावगासि अंति

ऐसा मूल सूत्र है सूचन मात्र का रित्वात् सूत्रं । तथाच चूर्णि कार भी दिख लाते हैं ॥

—एवंसव्व वएसु जे पमाणा ठविया । तेपुणो२ दिवस ओ ओ सारेइ । दिवसिया ओरत्तिओसारेइ इति १

सुगम अर्थ ॥ अब यहां पर इस व्रत ऊपर दृष्टान्त दिखलाते हैं श्लोक द्वारा ॥

—आसन्न नरक वास श्चंडम ति श्चंड कौशिकः सर्पः । देशाव काशिक के नाच अष्टम कल्पं मत्वरंप्रास : ॥ १ ॥

सुगमार्थ ॥ इसका भावार्थ कथा से जानना । कोई एक क्षपक मुनि एक मास उपवास के पारणें के दिन शिष्य सहित आहार के वास्ते गया रस्ते में तिन के पांव के नीचे मेंडकी की विराधना हो गई तब शिष्य बोला हे स्वामी तुमने इस मेंडकी को मर्दन कर डाली इस वास्ते मिथ्या दुष्कृत देना चाहिये तब तिस के वचन से उत्पन्न भया कषाय वो क्षपक साधु लोकों से मर्दन होके मर गई अब मेंडकी उस को दिखलाके बोला अरे दुष्टात्मा या मरी भई थी इस को मैंने नहीं मारी तब शिष्य गुरु को क्रोध सहित जान करके मौन अंगीकार किया तथा संध्या की वक्त आलोचना अवसर में तिस मुनि प्रते उस मेंडकी की याद फेर दिलवाई तब विशेष करके क्रोध उत्पन्न भया सो क्षपक साधु रजो हरण ऊंचा करके शिष्य को मारने के लिये दौड़ा बीच में खंभे की लगने से सिर फूट करके अकस्मात मर करके ज्योतिषियों में देवता भया वहां से चव करके कनक खल नामा वनमें चंड कौशिक नामें तापस भया वहां

भी प्राक्तन संस्कार सेती कषाय बहुत था एक दिन आश्रम सेती फल ग्रहण करने वाला राज कुमार प्रतें मारने के वास्ते हाथ में फरशु लेके भगा बीच में पांव चूकने से कोई एक गर्त्ता में पड़ गया तब मर करके तिसी आश्रम में दृष्टि विष सर्प भया तिसी वन में प्राग् भव के अभ्यास सेती अत्यंत मूर्च्छित होके मनुष्यादिक का संचार मिटा दिया एक दिन के वक्त छद्मस्थ अवस्था में श्री वीर स्वामी विहार करके गोपो ने मना करे मगर लाभ जान करके तिस विल के पास में प्रतिमा में रहे तब वो सर्प जल्दी विल से निकल करके भगवंत को देख करके जाति उत्कट कषाय करके डशा तब वज्र खंभ की परें अचल तथा भगवान के सरीर सेती निकला सपेद दूध जैसा रुधिर देख करके आश्चर्य पाके प्रभु का स्वरूप दिल में विचार करके ईहा पो करने से जाती स्मरण ज्ञान से अपना पूर्व भव देखा तब निर्विष होके वो नाग भक्ति करके प्रभु कों प्रदक्षिणा देके नमस्कार करा प्रभू के सामने सर्व अपने जीव हिंसादिक अकृत्य को आलोच करके अन शण ग्रहण करा तथा मेरी दृष्टि से प्राणियों को भय नहीं होना ऐसा विचार करके देशा व काशिक व्रत ग्रहण करके विलमें मुख डाल करके रहा तब या हकीकत सुन करके गोप भी नवनीत से अर्चा करते भये तिस की गंध से आई चीटियां का समुदाय शरीर में लग करके छिद्र कर दिया तो भी चंड़ कौशिक सर्प काया मन करके निश्चल रहा अन शन उत्तम पाल करके सहस्रार देव लोक में महर्द्धिक देवता भया इये दशमें व्रत के ऊपर चंड़ कौशिक का दृष्टान्त कहा ॥ इस तरह से और भी भव्य जीव संसार से डरने वाले इस व्रत को आदर करके पालना ॥ अब इस व्रत की भावना दिखलाते है ॥

—सव्वेपसव्वसंगेहिं। वज्जिए साहुणो नमं सिज्झा ॥
सव्वेहिं जेहिं सव्वं। सा वज्जं सव्वहा चत्तं ॥

इस माफिक भावित करा दूसरा शिक्षा व्रत ॥ १० ॥ अब तीसरा शिक्षा व्रत पोषध व्रत निरूपण करते है ॥ धर्म को पुष्ट करने वाला उस को पोषध व्रत कहते है पर्व दिनो के विषै अनुष्ठान करने योग्य व्यापार तिस रूप जो व्रत तिसको पौषध व्रत कहते है सो चार प्रकार का है सो इस माफिक गाथा द्वारा दिखलाते है ॥

गाथा—आहार देह सकार। गेह वावार विरइ बंभेहिं ॥

पव्वदिणाणु ट्ठाणं । तइय पोस हव यंच उहा ॥ ६६ ॥

व्याख्या—आहार १ सरीर सत्कार २ गृह व्यापार निवृति ३ तथा, ब्रह्मचर्य ४ भेद से चार प्रकार का होता है जो पर्व दिन में अनुष्ठान करना उसको तीसरा पौषध व्रत कहते हैं ॥ तहां पर निवृत्ति याने दूर होने का है प्रत्येक शब्द में लगाना तथा आहार निवृति अशना दिक का त्याग ॥ १ ॥ तथा देह सत्कार निवृत्ति । याने स्नान है उद्वर्त्तन है विले पनादि परि त्याग करना ॥ २ ॥ गृह व्यापार से निवृत्ति करना गोया घर कार्य निवृत्ति ॥ ३ ॥ तथा ब्रह्मचर्य स्त्री सेवा प्रतिषेधः ॥ ४ ॥ अब यहां पर फेर आहार निवृत्ति रूपपोषा दो प्रकार का है ॥ एक तो देशे ॥ १ ॥ और दूसरा सर्वे तथा देश करके तीन प्रकार के आहार के प्रत्याख्यान करना ॥ १ ॥ और सर्व करके चार प्रकार के आहार का प्रत्याख्यान करना ॥ २ ॥ और बाकी भेद सर्वे हैं सो फेर भी दिखलाते हैं ॥

—करे मिभंतेपो सहं । आहार पोसहं । देस ओसव्व ओवा । सरीर सक्कार पोसहं । सव्वओ । अव्वा वार पोसहं सव्वओ । चउव्विहे पोसहं । सावज्जं जोगं पच्चखामि । जावदि वसं अहोरत्तिं वा पज्जुवा सामि । दुविहं । तिविहेणं । इत्यादिक

इत्यादिक अर्थसु गम है । यहां पर फेर भी इतर अर्थ कहा है यह चार प्रकार के भी दो भेद हैं देस करके । सर्व करके तहां पर आहार पोषा देश सेती विकृत्यादि त्याग करना । ओरस कृत् । तथा द्विर्वा भोजन करना । तथा सर्व करके चतुर्विध आहार का त्याग करना ॥ १ ॥ तथा देह सत्कार । गृह व्यापार । और पौषध ३ देश करके कस्य चिद्देह सत्कार विशेषस्य गेह व्यापारस्य त्याग करणं ॥ १ ॥ तथा सर्व तस्तु सर्व स्यतस्या करणं । तथा ब्रह्म पौषध देश करके मैथुन का प्रमाण करणा तथा सर्व से ब्रह्मचर्य को पालन करना ॥ ४ ॥ अत्रेयं सामाचारी ॥ ४ ॥

—जो देस पोसहं कुणई सो सामाइ यंकरेई वानवा । जो सव्वपोसहं करेइ सो निय मासा माइयं करेइ जइ न करेइ तो वंचिज्जइ ।

पोषा कहां करे सो दिखलाते हैं ॥

—चेइहरे । साहु मूले हरेवा । पोषह साला एवा
उम्मुक्क मणि सुवन्नो । पढंतो पुत्थ गंवा । वायंतो
सुणंतो । धम्मझाणं झिया इत्ति । सुगमार्थः

यहां पर प्राक् दिखलाया पोषध पर्व दिन में अनुष्टान करने योग्य व्यापार तहां पर्व दिखलाते हैं श्लोक द्वारा ॥

—चतुर्द श्यष्टमी दर्श । पौर्ण मासी पुपर्वसु । पाप
व्यापार निर्मुक्तः । कुरुते पौषधं कृती ॥ ६५ ॥

सुगमार्थः ॥ यहां पर शिष्य प्रश्न करता है श्रावक जो है सो पर्व तिथी में ही पोषा करे और दिन में नहीं करे अब उत्तर देते हैं गुरु महाराज कितनेक श्रावक को पोषा सर्व तिथीयों में करना यहां पर तत्वतो सर्व विद्व वेध है तथा सर्व परित्याग करने में मोटे लाभ का कारण है इस वास्ते अवश्य सर्व था आहार का त्याग करना चाहिये तथा श्रावक के कर्त्तव्य योग्य क्रिया निरूपण करते हैं ॥ आर्या ॥

—नृपति गृह रोगादिषु । नहि अशनाद्यं नधर्म मपि ।
लभसे । तत्किंप्रमाद्य सित्वं । ध्रुव धर्म पोषधे
भव्य ॥ ६ ॥

व्याख्या—राजा का रोष तथा रोग तथा प्रमाद आदि [illegible] में दुर्भिक्षादि इन ठिकानों के विषै राजा के और दैवका पराधीनता है इस वास्ते तुम को अशनादिक नहीं मिलेगा तथा विरति परिणाम के अभाव सेती धर्म भी नहीं मिलेगा तिस वास्ते हे चेतन इस माफिक पर आधीनता से दोनों भव में भ्रष्ट हो जायगा ऐसा विलोकन करके शुभ पर्व के विषै स्वतन्त्र धर्म साधना में किस वास्ते प्रमाद करता है इस में प्रमाद करना लाजिम नहीं तथा सर्व तिथियों में पोसह करने की शक्ति न होवे तो पर्व तिथी में तो नियमा करना चाहिये इस वास्ते पर्व [illegible] कृत्यादिक में स्पष्टतरी के दिखलाया है कि पोसह [illegible] भारत में आती है इन चारिक तिथियों में करना इस वास्ते [illegible]

श्रावक के वहरार पोषा वतलाया है अब पोषध व्रत के ऊपर दृष्टान्त बतलाते हैं
॥ श्लोक द्वारा ॥

श्लोक—यःपौष धारच्यः सुतरां सुरेण। पिशाचना गोर गदुष्ट रूपैः। विक्षोभि तोपि चुभितो न किंचित्। सकाम देवो नहि कस्य वर्ण्य ॥ ६७ ॥

व्याख्या—जो पोषध में रहा हुवा था तिसकों देवता पिशाच गज सर्पादिक दुष्ट रूपों करके अत्यंत चोभायमान किया मगर कुछ भी चोभायमान नहीं भया वो कामदेव नामें श्री चरम प्रभू का श्रावक किस उत्तम पुरुष के वर्णव करने के योग्य नहीं अपितु सर्वों के वर्णव करने योग्य है इस का दृष्टान्त आगूं कहेंगे। अब इस व्रत की भावना दिखलाते हैं ॥

—उग्गं तप्पंतितवं। जेणएसिं नमोसु साहूणं। निस्सं गायसरी रेवि। सावगो चिंतएइमं ॥ १ ॥ सुगमार्थः। इस माफिकभावित किया तीसरा शिक्षाव्रत ॥ ११ ॥

अब चौथा अतिथि संविभाग शिक्षा व्रत दिखलाते हैं तहां पर तिथि पर्वादिकलौक व्यवहार रहित होवे उनको अतिथि कहते हैं ऐसे कौन गोया साधू महाराज तिनों का संवि भाग याने शुद्ध आहारादिक का देना उत्तम प्रकार के भोजन याने आहार तिस रूप व्रत को अतिथिसंविभाग व्रत कहते हैं तथा कितनेक ऐसा भी कहते है संविभाग भी कहा करते है तहां पर यथा प्रवृत्तस्य याने स्वभाव निष्पन्न आहार वगैरे साधूका विभाग करना यथा प्रवृत्तस्य स्वभाव निष्पन्न स्याहारादिः सम्यक साधु भ्योवि भजन मितिव्युत्तिः। तथा गृहस्थ जो है सो पोषध के पारणे में परम विनय करके साधुमुनी कों जो शुद्ध आहार देना तिस को को चौथा शिक्षा व्रत कहते हैं। सोई दिखलाते हैं ॥

—जंचग्गेही सुविसुद्धं। मुणिणो असणाइदेइपारणएपरमविणएण एयं। तुरिय मतिहि संविभाग वयँ ॥ १ ॥

उक्त अर्थः—अब यहां पर उपयोगी पणा करके कुछ चर्णि लिखते हैं ॥

—पोऽहं पारंतेण साहूणं अदाउं नवट्टइपारेउं। पुव्वं साहूणं दाउं। पच्छापारि अव्वँ। काहे विहीए दायव्वं। जाहे देस का लोनाहे अप्पणो सव्वशरीर स्सविभूसणं काउणं। साहू पडिस्सयंग ओनिमंतेइ। भिक्खं गिराहवत्ति साहूणं का पडि वत्ति। ताहे अन्नो पडलगं। अन्नोभायणंपडि लेहेइ। माअंत राइय दोसाय वियगाइ दोसाय भविस्संति। सोजइ पढमाइपोर सीए निमंतेइ। अत्थिय नमो काइत्ता। ताहे घिप्पइ। जइनत्थि ताहेन घिप्पई। तंघरि यव्वयं होहि। इस्रो घणं लग्गिज्जा ताहे घिप्पइ। संचिक्खा विज्जइ। जोवा उग्घाड़ पोर सीए पारे इपारण गइत्तो। अन्नो वातस्स विसजिज्जइ। तेण सावएण सह गम्मइ संघाड़ ओ वच्चइ। एगोन वच्चइ साहू पुर ओ। सावगोपत्थ ओघरं ने ऊण आस णेण निमंतिज्जा। जइ विन निविट्ठो विण ओ पउत्तो। ताहे भत्तपाणं सयं देइ। अहवा भायणं धरेइभज्जा देइ। अह वाठि ओ अत्थइ। जावदिणं सावसे संगिराहइ अव्वं। पच्छा कम्माइ परि हरणट्ठा। दाऊणं वंदित्ता विसज्जेइ अणु गच्छइय। पच्चासयं भुज्जइ। जंच किरसाहूणं नदिन्नं। तंसा वएण नभुत्तव्वं। जहिंपुण साहूणत्थि। तत्थ देस काल वेला एदि सालो ओकायव्वो। विसुद्धेणं भावेणं। जइ साहू

णो हुंती तोनिच्छरि ओहोंतोत्ति ॥ सुगमार्थः ॥

कहने का मतलब यह है कि उत्तम श्रावक को चाहिये कि साधू महाराज को अन्न देना मगर अतिथि संविभाग व्रत का उच्चार तो पर्व के पारणें में होता है सोई आवश्यक वृत्ति में लिक्खा है सो दिखलाते हैं पोषध अतिथि संविभाग व्रत तो प्रति नियत दिन में अनुष्ठान करना लाजिम है मगर प्रति दिवस में नहीं होता तथा फेर भी दिखलाते हैं श्रावक जो है सो साधू को एषणीय आहार देवे मगर अनेषणीय आहार कभी नहीं देवे कारण एषणीय आहार देने में बड़ा लाभ का कारण है तथा अनेषणीय देने में अल्प आयु बंध का कारण है अब यहां पर शिष्य प्रश्न करता है कि कुपात्र को एषणीय आहार देनेमें तिस माफिक गुण का कारण है या नहीं अब गुरू कहते हैं कि हे सदानंद शिष्य कुपात्र को एषणीय आहार दिया भया आहार भी केवल पाप का कारण है मगर निर्ज्जरा का कारण नहीं सोई श्री भद्विवाह अंगे ॥

—समणो वा सगस्सणंभंते तहारूवं असंजय । अविरय अप्पडिहय पच्चक्खाय पावकम्मंफासु एणवा अफासु एण वाए सणिज्जेणवा । अणेसणिज्जेणवा । असण पाण खाइम साइ मेणं पडि लाभेमाणस्स । किं कज्जइ । गोयमा । एगंत सो से पावकम्मे कज्जइ । नत्थियसे काविनिज्जरा ॥ पंचमशतके ॥ सुगमार्थः ॥

अगर इस माफिक दोष का कारण हेतो श्रावक को साधु महाराज को वा और किसी को दान देना न चाहिये ॥ अब गुरू महाराज कहते हैं कि हे सदानंद शिष्य सुन आगम में अनुकंपादान की मनाई नहीं है सोई पूर्व सूरि कहते हैं ॥

—जंमुक्ख हादाणं । तंप इएसो विही समक्खाओ ।
अनुकंपा दाणं पुण । जिणेहिं नकया विपडि सिद्धं ॥ १ ॥

व्याख्या—मोक्ष के वास्ते जो दान देते हैं तिस को अंगीकार करके यह कुपात्र दान देने की विधि निषेध कही है मगर कर्म निर्ज्जरा अचिन्त्य करके केवल कृपा करके ही जिस को देवे तिस को अनुकंपा दान कहते हैं फेर तीर्थंकर परम कृपालुवों ने कभी मनाई नहीं करी सोई बात राज प्रश्नीयो पांगे लिक्खी है ॥

—अतएव साणं तुमं पएसी । पुव्वंर मणिज्जे भवित्ता पच्छा अरमणिज्जे भविज्जासित्ती ॥

यहां पर श्री केशीगणधर के उपदेश से प्रदेशी राजाने अपने राज्यका चार विभाग कर लिया जिस में एक विभाग तो दीन अनाथ के वास्ते निरन्तर दान शाला में प्रवर्त्तन करावे दान त्याग करने से जिन मत की निंदा हो जावे इस वास्ते दान त्याग नहीं किया अगर जो जगत्र के गुरु श्रावकों को सर्वत्र दान आज्ञा न देते तो तुंगी या नगरी निवासी श्रावक वर्णन अधिकार में ऐसा लिखा है ॥

—विच्छड्डियपउर भत्तपाणा ।

ऐसा विशेषण उपादान नहीं करना केवल साधू के देने वास्ते प्रचुर अन्नच्छर्दन अभावात् तिस वास्ते कर्म निर्ज्जरा के वास्ते जो दान देते है वो तो साधू को ही देना चाहिये इस वास्ते अनुकंपा दान तो सर्व को देना चाहिये अब फेर भी पात्र दान की विशेषता दिखलाते है श्लोक द्वारा ॥

श्लोक—भये नलो भेन परीक्षयावा । कारुण्यतो अमर्प वशेन लोके । स्वकीर्त्ति प्रश्नार्थित याचदानं । नार्हति शुद्धा मुनयः कदापि ॥ ६६ ॥

व्याख्या—अगर इनों का सत्कार नहीं करा तो शापादिक देवेगा और लोकीक में मेरी विरूपता करेंगे ऐसा भय लाके ॥ १ ॥ तथा दान करके तिसी जन्म में वा पर जन्म में रिद्धिआदिक प्रार्थना उसको लोभ करके कहते है ॥ २ ॥ सुनने में आया है कि यह लोभ रहित होते है इस वास्ते अगर हम देंगे तो लेवेंगे या नहीं ऐसी परीक्षा करके ॥ ३ ॥ तथा मेरे दिये बिगर इस कंगाल का निर्वाह कैसे होगा इस को कारुण्य ता कहते हैं ॥ ४ ॥ तथा अमुकने भी दिया क्या मैं इस से हीन हूं सो नहीं देऊं । इस को अमर्ष कहते है ॥ ५ ॥ अगर यहां ग्रहण करेगा तो लोगों में तारीफ होगी इस वास्ते अपनी कीर्त्ति के वास्ते ॥ ६ ॥ अगर जो दान करके इन का सत्कार करूंगा तो मेरे पूछने से ज्योतिष वगैरे कहेंगे इस को प्रश्न अर्थि कहते है ॥ इन सात प्रकार करके मुनिराज महाराज कभी दान लेंगे नहीं और देने वाले को भी देना योग्य नहीं । तथा अपने निस्तार बुद्धि करके भक्ति सहित दान देना चाहिये तथा सुपात्र को दान

देती दफै गृहस्थ ने पांच दूषण सर्वथा त्याग करना और पांच भूषण धारण करना। अब प्रथम पांच दूषण बतलाते हैं ॥ अनादरो १ विलंबश्च २ वैमुख्यं ३ विप्रियं वचः ४ पश्चात्तापश्च पंचामी ५ सद्दानं दूष यंत्य हो। ७०। अब भूषण पांच दिखलाते हैं ॥ आनंदाश्रूणि। १। रोमांचो। २। बहुमानः। ३। प्रियंवचः। ४। पात्रे नुमोदना। ५।

चैवदान भूषण पंचकं। २। श्लोक द्वयं स्पष्ट अर्थः ॥

तथा फेर पात्र दान प्रस्ताव में भव्य जीवों को प्रवर्द्धमान परिणाम रखना चाहिये मगर वंचक सेठ की तरह से हीय मान परिणाम कभी रखना नहीं अब यहां पर वंचक सेठ का वृत्तांत कहते हैं ॥ कोल्लर गाम में वंचक नामें व्यवहारी के घर में एक कोई ज्ञानवान मुनी आहार के वास्ते आया तब उल्लास भाव करके तिस सेठ ने अखंड धारा करके घृत देने लगा तब कुछ कमती पात्र भरा तब मुनी महाराज भी तिस के मन का परिणाम शुद्धि करके महा लाभ जान करके इसका परिणाम भंग मत हुवो ऐसी बुद्धि करके तिस सेठ को मना नहीं करा। तितने में तो मनके चंचलता से परिणाम गिरने में सेठ विचारने लगा अहो लोभी यह मुनी है जिससे अकेले हैं तो इतने घृत करके क्या करेंगे तथा इस चिंता करके सम का लेहि तिस के हाथ से ती घृत की धारा मंद २ पड़ने लगी तब ज्ञानी महाराज तिसके मन का परिणाम जान करके बोले मत गिर मत गिर ऐसा सेठ ने सुना स्वामी मैं तो चित्त स्थिर करके रहा हूं मन करके भी गिरता नहीं आप झूठ क्यूं फरमाते हो तब मुनि महाराज बोले तैं द्रव्य से गिरता नहीं मगर भाव करके तो गिर गया बहुत क्या कहें बार में देवलोक जाने के योग्य परणामों करके गिर के प्रथम देवलोक जाने योग्य अध्यवसायों में रह गया ऐसा मुनि का वचन सुन करके सेठ अत्यंत पश्चात्ताप करने लगा ऐसा मुनी महाराज स्वस्थान गया। यह परिणाम ऊपर वंचक सेठ का दृष्टान्त कहा अब फेर भी दान कर्म के ऊपर दृष्टान्त सहित भाव का प्रधानता दिखलाते हैं मगर द्रव्य करके नहीं ॥

—नोद्रव्यतः केवल भाव शुध्या। दानंद दानो जिन
दत्त संज्ञः। श्रेष्टी महालाभ मवाप भावं। विनान
चैवं किल पूरणाख्यः ॥ ७२ ॥

व्याख्या—किल इति आगम में सुनने में आता है जिन दत्त नामें सेठ प्रभु का

संयोग पाके द्रव्य करके दान नही दिया केवल भाव शुद्धि करके दान देने से महा लाभ पाकरके तथा पूरन नामें सेठ द्रव्य करके दान दिया मगर भाव रहित इनवास्ते जिनदत्त सेठ की तरह से महा लाभ नहीं मिला अर्थात् द्रव्य प्राप्ति रूप अल्प ही लाभ का भागी भया—इति श्लोकार्थः ॥ इस का विशेष भावार्थ कथा से दिखलाते है एक दिन के वक्त में छद्मस्थ अवस्था में श्री वीर स्वामी विशाला नगरी में बलदेव के मंदिर में चार मास तक चार प्रकार के आहार का प्रत्या ख्यान करके कायोत्सर्ग में रहे तिस नगर में परम जिन धर्म का रागी जिन दत्तनामें जीर्ण सेठ रहता था वो सेठ तिस देव घर में श्री वीर स्वामी को विराज मान देख करके वंदना पूर्वक वहुत काल तक सेवा करके अपने दिल में विचार करा आज स्वामी ने उपवास करा है मगर सवेरे अवश्य ही स्वामी पारणा करेगे तव में अपने हाथ करके स्वामी प्रते प्रतिलाभन करूंगा ऐसा हमेसा विचार करे पक्षमास की गणना करे वो सेठ विशुद्ध अध्य वसायों करके चार मास व्यतीतकरा तव चौमासे वाद पारणें के दिन शुद्धाहार सामग्री इकट्ठी करके मध्यान्ह समय में घर के दरवाजे पर बैठ करके प्रभो के आने का रस्ता देखता भया विचार कर रहा है आज श्री वीर स्वामी अगर यहां पधारे गे तो में मस्तक में अंजलि बांध करके स्वामी के सामने जा करके तीन प्रदक्षिणा दे करके वंदना करके घर लाउंगा तहां पर प्रधान भक्ति करके प्रासुक एषयणी अन्न पाना दिक करके स्वामी प्रते पारणा कर वाऊंगा तिस वाद फेर नमस्कार करके सात आठ कदम तक पहुंचाके तिस वाद अपनी आत्मा को धन्य मान करके वाकी अव शेष रहेगा उस को मैं भोजन करूंगा अब जिन दत्त भी इस माफिक मनोर्थ की श्रेणि कर रहा है तितने में तो श्री वीर स्वामी भिक्षा के वास्ते जा रहे थे तव पूरन सेठ के घर मे प्रवेश करा वो मिथ्यात्वी था उसने दासी के हाथ सेती उडद का वाकला दिरवाया तव सुपात्र दान के प्रभाव सेती देवता ने पांच दिव्य प्रगट करा राजादिक लोक सर्व तिसके घर में मिले सेठ की अत्यंत प्रशंसा करी श्री वीर स्वामी भी उडदों के वाकुला करके पारणा करके और ठिकाने विहार किया अव तिस वक्त में जिनदत्त सेठ भी देव दुंदुभी सुन करके विचारने लगा धिक्कार हुवो मुझ निर्भागी कूं अधन्य हूं अभी स्वामी मेरे घर पधारे नही और कहां पर पारणा कर लिया मैंने जो २ मनोर्थ करा वे सर्व वृथा गया अब तिसी दिन में तिस नगरी में पार्श्वनाथ स्वामी के संतानी कोई केवल ज्ञानी मुनीश्वर समवसरे तव राजा भी नगर के लोगों के साथ,जा करके वंदना करके ज्ञानी से पूछा हे स्वामी इस नगर में कौन पुन्यवान जी रहै तव केवलि वोले यहां पर जिनदत्त सेठ के बराबर कोई भी नहीं पुन्यवान है तव राजा वोला हे स्वामी इसने तो वीर स्वामी को पारणा नहीं कराया

पूरन सेठ ने करवाया इस वास्ते वो पुन्यवान कैसे तव केवली भगवान मूल येनी मर्म इसके भावना का स्वरूप जान करके कहने लगे भो राजा द्रव्य करके दान दिया जिसने मगर भाव करके इस सेठ ने परमेश्वर को पडिलाभे जिस में भाव समाधि धारण करके इस ने चार में देवलोक जाने के योग्य कर्म पैदा करा तव जिस वक्त में अगर यह सेठ देव दुंदुभि नहीं सुनता तो तिसी वक्त में केवल ज्ञान हो जाता तथा पूरन सेठ भाव शून्यपणा सेती सुपात्रदान के प्रभाव करके स्वर्ण की वरसात रूप फल मिला अधिक कुछ भी नहीं तव इस माफिक ज्ञानी का वचन सुन करके वे सर्व लोग जिनदत्त की तारीफ करके अपने ठिकाने गया और जिनदत्त सेठ भी वहुत काल तक शुद्ध श्रावक धर्म आराधन करके अच्युत देवलोक में गया यह दान विषयके ऊपर भाव शुद्धि पूर्वक जीर्ण सेठ का वृत्तान्त कहा ॥ इस तरह से और भी भव्य जीव दान क्रिया के विषे शुद्ध भाव धारण करना जिस करके सर्व समृद्धि की वृद्धि प्रसिद्धयः स्वयमेवसमुल्लसंतु । अब यहां पर अतिथि संविभाग चौथा शिक्षाव्रत की भावना दिखलाते हैं ॥

गाथा—धन्ना ते सप्पुरिसा । जेमण सुद्धीइ सुद्ध पत्ते सु ।
सुद्धासणा इदाणं । दिंति सया सिद्धि गइ हे उं ॥ १ ॥

सुगमार्थः ॥ अव सर्व धर्म के विषे दान की गौणता कहने वालों के मत को निरा करण करने के वास्ते आगमानुसार करके दान की प्राधान्यता दिखलाते हैं ॥

—सर्व तीर्थ करैः पूर्व । दानंदत्वाआदृतं वृतं । तेनेदं
सर्व धर्माणा । माद्यंमुख्यत योच्यते ॥ ७२ ॥

स्पष्ट अर्थः । अव तीर्थ करके दान की विधि वतलाते हैं प्रथम इन्द्र की आज्ञा से के धनद लोक पाल आठ क्षण में वणावे प्रत्येकें सोले मासे का प्रमाण से तीर्थंकर पिता का नाम सहित संवत्सरी दान के योग्य सौ नैया करके जिनेन्द्रों के भंडार पूर्ण करे तव तीर्थंकर लोक में दान की प्रवृत्ति के वास्ते सूर्योदय से लेके दो पैर तक निरन्तर एक कोडि आठ लाख ऊपर इतने सौ नैया दान में देते हैं सोई आवश्यक में कहा है ॥

गाथा—एगाहिरन्न कोडी । अट्ठेव अणूणगा सयसहस्सा ।

सूरोदय माईयं । दिज्जइ पाय रासी ओ ॥ १ ॥
तिन्नि वय कोडि सया। अट्ठासीयंच हुंति कोडी ओ।
असीयंचसयसहस्सा । एवंसंवच्छरि दिन्नं ॥ २ ॥
सुगमार्थः ॥

अब दान देने के वक्त उत्पन्न होता है वो छैः अतिशय दिखलाते हैं जब सौ नैयों की मुट्ठी भर करके प्रभू दान देवे तब सौधर्मेंद्र भगवान के दहिणें हाथ में महा शक्ति प्रतें स्थापन करे तिस में बिलकुल खेद उत्पत्ति होवे नही ॥ अब यहां सदा नंदाभिधान याने सत् आनंद नामे शिष्य प्रश्न करता है हे महाराज भगवान तो अनंतवीर्य सहित है उनके हाथ में इन्द्र की शक्ति स्थापन करनी अयुक्त अब गुरु महाराज उत्तर देते हैं हे सदानंद शिष्य हे सत् आनंद शिष्य तेरी संका का उत्तर देते हैं भगवान अनन्त बलवान है तो भी इन्द्र अगर नही करे तो चिरंतन भक्ती के भंग होने का प्रसंग सेती तिस वास्ते अनादि स्थिति पालन करने के वास्ते तथा अपनी भक्ती दिखलाने के वास्ते इन्द्र को शक्ति स्थापन करना लाजिम है। अलं प्रपंचेन ॥१॥ तथाईसानेन्द्र सोने मई लकड़ी ग्रहण करके बीच में ग्रहण करने वाले सामान्य देवनों को मनाई करे जिसको दान मिले नहीं तिस को भगवान के हाथ सेती दिलावे हे प्रभू मुझ को देवो एसा लोगों से शब्द कर वावे ॥ २ ॥ तथा चमरेन्द्र और बलेन्द्र मनुष्यों के लाभ के अनुसार सेती प्रभू की दान मुट्ठियों पूरण करे वा हिनावे ॥ ३ ॥ तथा भवनपति देवता दान प्रतें ग्रहण करने के वास्ते भरत क्षेत्र के मनुष्यों प्रते तहां पर लावे ॥ ४ ॥ तथा व्यंतर देवता तिन मनुष्य को अपने ठिकाने भेजे ॥ ५ ॥ तथा ज्योतिषी देवता विद्या धरों प्रतें दान ग्रहण करवावे ॥ ६ ॥ फिर ज्यादा क्या कहे इन्द्र भी दान को ग्रहण करे जिस वास्ते तिस दान के प्रभाव सेती तिनों के देवलोक के विषे बारा वरस तक उपद्रव नहीं होवे तथा चक्रवर्ती आदि राजा भी अपने भंडार के अक्षय के लिये तिस दान प्रतें ग्रहण करते हैं ॥ तथा सेठ लोक भी अपनी यश कीर्ति के वास्ते गोया यश वृद्धि होने के वास्ते तिस दान को ग्रहण करते हैं तथा रोगी पुरुष भी मूल रोग हानि के वास्ते फिर बारा वर्ष तक नवीन रोग उत्पत्ति दूर करने के वास्ते तिस दान प्रतें ग्रहण करे बहुत क्या कहें सर्व भव्य जीव अपनी २ योगताई पूर्वक तथा वांछित सिद्धी के वास्ते श्री जिनेंद्र के हाथ सेती तिस दान प्रतें ग्रहण करे तथा अभव्य को तो वो दान मिलना नहीं शास्त्र में तिनो

के तीर्थ करके दान को आदि लेके कितनेक भाव की प्राप्ति का अभाव है ऐसा लिखते हैं ॥

—जह अभ विय जीवे हिं । नफासिया एव माइ या भावा । इंदत्त मनुत्तर सुर । सिलायनरनार यत्तं ॥ १ ॥ केवलिगण हर हत्थे । पव्वज्जा तित्थ वच्छरं दाणं । पवयण सुरी सुरत्तं । लोगं तिय देव सामित्तं । २ । तायत्तीसखु रत्तं । परमा हम्मिय जुयलमणु अत्तं ॥ संभिन्न सो यतह पुव्व धरा हारय पुलाय वत्तं । ३ । मइ नाणा इसु लद्धी । सुपत्त दाणं समा हिम रणत्तं । चारणदुग महु सिप्पयया खीरा सव खीण ठा णत्तं । ४ । तित्थयर तित्थ पड़िमा । तणुपरि भोगाइ कारणे विपुणो । पुढवाइय भावं मिवि । अभव्व जीवे हिं नो पत्तं । ५ । चउद सर यणत्तं विय पत्तं न पुणो विमाण सामित्तं । सम्मत्तं नाण संजम । तवाई भावान भावदुगे । ६ । भव अणु जुत्ता भत्ती । जिणाण साहम्मि याण वच्छलं । नसावेइ अभव्वो । संविगात्तं नखुपक्खं । ७ । जिण जणय जणणि जाया । जिण पक्खोद्दी वगा । युगप्प हाणा । आयरिय पयाइ दसगं । परमत्थ गुणड्ढ मप्पत्तं । ८ । अणु वंध हेउसुरुवा तथा । अहिंसा तिविहा जि णु दिट्ठा । दव्वेण यभा वेणय । दुहा वितेहिं न संपत्ता ॥ ९ ॥

व्याख्या—अभव्य जीव के इतना भाव उदय में नहीं आता है ॥ इंद्र पणा १

अनुत्तर देवता २ त्रेसठ शला का ३ पुरप और नारद पणा ४ केवली तथा गणधर के हाथ से दीक्षा ५ तथा वरसी दान ६ शासन देव देवी ७ लोकांतिक देवता तथा स्वामी ८ त्राय त्रिंशक देवता। ९। परमा धामी देवता। १०। तथा संभिन्न श्रोत लब्धि। तथा पूर्व धारी। ११। और आहारक लब्धि। १२। पुलाक लब्धि। १३। तथा मति ज्ञानादिक लब्धि। सुपात्र दान औरसमाधि मरण। जंघा चारण विद्या चारण। मधुशि मलब्धि। तथा क्षीरा श्रवलब्धि। ४। तीर्थ कर और प्रतिमा। शरीर के परि भोगादिक कारण फेर पृथ्वी आदि भाव भी अभव्य जीव को प्राप्त होता नहीं। ५। तथा चउदा रत्न। फेर विमान का का मालिक। तथा सम्यक्त। ज्ञान उर संयम नथा अनु भव युक्त भक्ति तथा तीर्थंकर का साधर्मी वात्सल्य तथा संवेग पणा और शुक्लपक्ष पणा जिनों के कुछ कमती अर्द्ध पुदगल परा वर्त्त संसार है उनको शुक्ल पक्षी जीव कहते है और उससे अधिक तर संसार वाकी है उनको कृष्ण पक्षी जीव कहते है। इत्यभ व्यकुल कं। तथा प्रभू के दान देने के वक्त में अपना माता पिता भाई तीन दान शाला कर-वाके तहां पर अन्न पानी। १। तथा वस्त्र। २। तथा अलकार। ३। देवै दान में इतने करके भावित करा प्रसंग सहित चौथा शिक्षा व्रत ॥ १२ ॥ अव निगमनं ॥

इत्थं व्रत द्वादश कंद धाति। गृही प्रमोदेन प्रति व्रतं हि। पंचा ति चारान्यरि वर्ज्य यंश्च। ध्रुवं यथा श त्क्य पिभंग षट्के ॥ ७४ ॥

व्याख्या—गृहस्थ जो है सो पूर्वोक्त वारे व्रत को हर्ष करके छव भंगों करके यथा शक्ति धारण करे अपना निर्वाह विचार करके एक वा दोयवा तीन वा सर्व व्रत अंगीकार करे क्या करता हुवा व्रत २ के निश्चय करके पांच २ अती चार को त्यागन करके तथा अतीचार तो ग्रन्थ विस्तार के भय सेती यहां पर दिखलाया नहीं ग्रन्थान्तर से जानना यहां पर अतीचार पांच की संख्या वाहु ल्यता अंगीकार करके कहीं निग कारण करके भोगोपभोग व्रत में तो वीस अतीचार जानना अव पूर्वोक्त छव भांगा इस माफिक हैं एक विध एक विध जैसे हिंसादिक नहीं करे नहीं करावे मन एक वचन दो काया करके। १ अव एक विध १ और दो विध दो जैसे नहीं करे और नहीं करावे मन वचन। मन काया करके वचन काया करके। दो। अव एक विध और त्रिविध जैसे नहीं करे एक नहीं करावे दो मन वचन काया करके तीन दोविध

और एक विध जैसे नहीं करे एक नहीं कर आवें दो मन एक वचन दो मन एक काया दो तथा वचन एक काया दो करके पांच तथा दोय भेद और तीन भेद और नहीं करे एक नहीं करवावें दो मन वचन काया करके छै इस माफिक इक वीस भंग सहित षड् भंगी जानना तथा श्रावकों के भार्ये आज्ञा की मानाई नहीं है तिस से भांगा भी दिखलाया नहीं अब वारे व्रतों को अंगीकार करके भंगक भेद की विवक्षा में अंगीकार करने वाला कर्म क्षयोपशम विचित्रता करके बहुत भेद उत्पन्न होता है सो दिखलाते हैं ॥

—तेरस कोड़ी सयाइं । चुलसीइ जुयायवार सय लक्खा । सत्तासी इसहस्सा । दोयस यात हय दुरगाय ॥ १ ॥

व्याख्या—तेरे से कोडि सो चोरासी कोड और बारे लाख सत्यासी हजार दोयसे ऊपर इतने श्रावकों के अभिग्रह नियम भेद की संख्या सर्वज्ञों ने दिखलाई है यह भांगे पर दिखलाये है ॥ प्रवचन सारोद्धार के दो सें छत्तीस में द्वार के भीतर दिखलाया है वहां से जानना तथा वारे व्रत के बीच में आदि के आठ व्रत एक दफे अंगीकार करा भया जावज्जीव रहता है इस वास्ते इनको यावत् कथिक कहते हैं तथा शिक्षा व्रत चार मुहुर्त्तादिक अवधी वाले वारम्वार अंगीकार करना होता है अल्प काल तक रहने वाला इस वास्ते इनों को ईत्वर कहते हैं तथा इन व्रतों में आदि का व्रत पांच धर्म रूप वृक्ष के मूल भूत हैं इस वास्ते इनों को मूल गुण कहते हैं वाकी सात व्रत धर्म रूप वृक्ष की साखा के बतौर अणु याने छोटे हैं इस वास्ते इन को अणुव्रत कहते हैं मूल गुणों के गुण कारी इसवास्ते इनोंको उत्तर गुण कहते हैं अब पहिली एक व्रत को अंगीकार करके दृष्टान्त दिखलाया ॥ अब समुच्चय करके वारे व्रत को अंगीकार करके श्री वीर शासन के विषे सर्व श्रावकों से बड़े श्रावक गुणों करके वृद्ध उपाशक दशा अंग में दस श्रावकों का दृष्टान्त बतलाया है सो क्रम करके दिखलाते हैं तथा दस श्रावकों के दस नाम दिखलाते हैं ॥ आनंद एक कामदेव दो चुलनी पिता तीन सुरदेव चार चुल्लशतक पांच कुंड कोलिक छै सद्दाल पुत्र सात महाशतक आठ नंदनी पिता नौ तेतली पिता दस तहां पर आनंद श्रावक का दृष्टान्त कहते हैं वाणिज्य ग्रामनगर में बारे कोड सोनइया का मालिक आनंद नामा गाथा पती वस ताथा तिस के चार कोड सोनइया निधान में गडे भये थे तथा इतने

प्रमाणें सौनैया वृद्धि के रक्खे भये थे तथा इतने प्रमाणें घर के उप गरण वगैरे का विस्तार पणें में नियुक्त करा भया था तथा दस हजार गायां जिस में रही ऐसे चार गोकुल थे फेर तिस आनंद के परम शील सौभाग्यादिक गुण के धारने वाली शिवा नंदा नामें स्त्री थी तथा वाणिज्य ग्राम के वाहिर ईशान कोंण में कोल्ला गसन्नि वेश में तिस आनंद के वहुत मित्रज्ञा-ती सगा स्वजन परिजन वसते थे अव एक दिन के वक्त में वाणिज्य ग्राम के नजदीक वर्त्ति दूति पलास नामें चैत्यवन खंड था तहां पर श्री वीर स्वामी समवसरे पर्पदामिली तव स्वामीके आने की वार्त्ता सुनकरकेआनंदगाथा पति स्नान पूर्वक शुद्ध वस्त्र पहिन कर के वहुत जन सहित तहां पर जाके वंदना करके योग्य स्थान में वैठा तव स्वामी ने देशना दीवी तव आनंद भी धर्म सुन करके शुद्ध श्रद्धा पा करके स्वामी प्रतें वोला हे भगवान आप का फरमाया भया धर्म मुझ को रुचा तिस वास्ते में आप के पास वारे व्रत ग्रहण करने चाहता हूं तव स्वामी वोले तैसे सुख होवे हे देवानु प्रिय इसमें प्रतिवन्ध मत कर तव आनन्द ने स्वामी के पास वारे व्रत ग्रहण करा तिस का विशेष विचार तो उपाशक दशा अंग सें जानना तथा व्रत ग्रहण करे वाद आनन्द श्रावक भगवान प्रतें नमस्कार करके ऐसा कहा हे स्वामी आज पीछे अन्य यूथिक प्रतें १ तथा अन्य यूथिक देव प्रतें २ तथा अन्य यूथिकों ने स्वदेवपणें में ग्रहण करी अर्हत्प्रतिमा लक्षण स्वदेवप्रतें॥ ३ ॥ में नहीं वन्दना करूंगा नहीं नमस्कार करूंगा फिर उनके साथ पेश्तर भी संभापण नहीं था मगर अव तो विलकुल संभापण करूंगा नहीं फिर तिनों को धर्म बुद्धि करके आहारादिक दूंगा नही मगर राजा-भियोगादिक छव आगारों करके सहित और मुझे नियम है फिर आज पीछे श्रमण निग्रन्थों प्रतें प्रासुक एपणीय आहारादिक करके प्रतिलाभना कर तो विचरूंगा ऐसा अभिग्रह ग्रहण करके स्वामी प्रतें तीन प्रदक्षिणा देके वन्दना करके वो आनन्द श्रावक अपने ठिकाने गया तव तिस की स्त्री भी शिवा नन्दा पति के मुख सेती ऐसी प्रवृत्ति सुन करके आप भगवान के पास जा करके निर्मी नगर से द्वादस व्रत ग्रहण करा तव आनंद श्रावक प्रवर्द्ध मान भाव के पोपध उपवासादि धर्म कृत्य करके अपनी आत्मा प्रतें भावित करके चौदे वर्ष व्यतीत किये तथा पन्दरमा वर्ष वर्तमान था एक दिन आनंद करके आनंद श्रावक इग्यारे प्रतिमा धारण करने के वास्ते

अपना मित्र ज्ञाती स्वजनादिक [illegible] करके [illegible]
अपने बड़े पुत्र को कुटुंब में स्थापन करके [illegible]
कोल्लागसन्निवेस के [illegible] पौषध शाला में आ करके [illegible]
उच्चार प्रस्रवण भूमी को प्रति लेखना करके [illegible] करके [illegible]
उपाशिक प्रतिमा अंगीकार सूत्रोक्त विधी पूर्वक करी [illegible] आराधन करके
इग्यारमी प्रतिमा आराधन करी तब तिन तप करके शरीर शोषन हो गया
श्रावक के विशुद्ध अध्य वसायों करके कर्म नाश उपशम होनेसे अवधि ज्ञान उ-
गया तिसके बाद एक दिनके वक्त वाणिज्य ग्राम के बाहिर श्री वीर स्वामी सम-
तब स्वामी प्रतें पूछ करके इन्द्र भूति अनगार तीसरी पोरसी में वाणिज्य ग्राम में
रुचि आहार ग्रहण करके ग्राम के बाहर निकल करके कोल्लाकसन्निवेश के नहीं [illegible]
नजदीक जा रहे थे तहां लोगों के मुख सेती आनंद के तप तथा अवधि ज्ञानादिक
सुन करके आप आनंद प्रतें देखने के लिये कोल्लाकसन्निवेस में पोषध शाला में [illegible]
आनंद भगवान गौतम प्रतें आते भये देख करके खुश होके वंदना करके ऐसा
स्वामी तप करके नाड़ी अस्थि मात्र शरीर रह गया मेरा इस वास्ते में आप के [illegible]
सक्ता नहीं इस वास्ते आप कृपा करके यहां पर पधारो तब गौतम स्वामी जहां
था तहां आये तब आनंद गौतम स्वामी कों तीन प्रदक्षिणा देके मस्तक करके
सहित ऐसा पूछा स्वमी गृहस्थ कों घर में रहते हुए अवधि ज्ञान होता है तब
बोला हां होता है तब आनंद बोला कि मुझ को भी अवधि ज्ञान उत्पन्न हुआ है
करके पूर्व दिशा में दक्षिण दिशा में पश्चिम दिशा में प्रत्येकें लवण समुद्र के विषे
सैं जोजन प्रमाणें क्षेत्र प्रतें जानता हूं देखता हूं तथा उत्तर दिशा में हिमवंत व-
पर्वत पर्यंत तक जानता हूं और देखता हूं तथा ऊंचा सौ धर्म देवलोक तक और
रत्न प्रभा पृथ्वी का लोलुचुय नामें नरका वास तक जानता हूं देखता हूं तब
प्रतें गौतम स्वामी बोला भो आनंद गृहस्थ कों अवधि ज्ञान तो होता है मगर इतना
नहीं होता तिस वास्ते तिस स्थान की आलोचना निंदादि करो तब आनंद गौत[म]
ऐसा कहा हे स्वामी जिन प्रवचन में सत्यार्थि कों आलोचनादिक होती है क्या
भगवान गौतम बोले कि नही होती तब आनंद बोला जो इस माफिक है तो

ही आलोचनादि करना चाहिये तब गौतम भगवान आनंद का वचन सुन करके शंकातुर होके जल्दी से आनंद के पास सेती निकल करके दूति वलास चैत्य श्री वीर स्वामी के पास आके गमना गमन पूर्वक आलोचना करके स्वामी प्रतें नमस्कार करके सर्व वृत्तान्त कहा और भी पूछा हे स्वामी तिस स्थान की आलोचना आनंद लेवे ओमें लेऊं तब भगवान बोले हे गौतम तूं ही इस ठिकाने की आलोचनादिक ले और आनंद प्रतें इस वारे में खमाव गौतम भी भगवान का वचन विनय पूर्वक प्रमाण करके आप तिस ठिकाने की आलोचनादिक ग्रहण करके आनंद श्रावक प्रतें खामणा करी तब आनन्द श्रावक भी बहुत शील व्रतादिक धर्म कर्त्तव्यों करके आत्मा को भावन करके वीस बरस तक श्रावक पर्याय पाल करके आखिर में एक मास की संलेखना करके समाधि पूर्वक काल करके सौधर्म देव लोक में अरुणाभ विमान में चार पल्योपम की स्थिति पणें में देवतापणें उत्पन्न भया तहांसे चव करके महा विदेह क्षेत्रमे मोक्ष जावेगा॥ इति आनंद श्रावक वृत्तान्त कहा ॥ १ ॥

अब कामदेव का वृत्तान्त कहते हैं चंपा नगरी में कामदेव नामें गाथा पती रहता था तिस के भद्रा नामें स्त्री थी तथा अट्ठारे क्रोड सौनैयों का द्रव्य था तहां पर छ क्रोड सौनैया निधान में रक्खे हुये थे इतने प्रमाणें व्याज वृद्धि के वास्ते रहे थे तथा इतने प्रमाणें ही विस्तार में डाले भये थे तथा प्रत्येक गोकुल दस हज्जार गाईयों का होता है ऐसे छब गोकुल थे तथा एक दिन के वक्त नगर के पास पूरण भद्र नामें चैत्य याने वन खंड के विषे श्री वीर स्वामी सम व सरे तब आनंद श्रावक की परें कामदेव ने भी बारे व्रत ग्रहण किया तब अनुक्रम करके कामदेव भी आनंद की तरह से अपने बड़े पुत्र प्रतें कुटंब के विषे स्थाप करके आप पोषध शाला में आकर के पोषा करके रहा तब आधी रात की वक्त हैं तिस कामदेव के पास में एक मायी और मिथ्यात्वी देवता प्रगट होके नाना तरह का भयानक अवाच्य विकराल पिशाच का स्वरूप रचन करके हाथ में तीक्ष्ण खडग उठा करके कामदेव प्रतें ऐसा कहता भया हं हो कामदेव श्रमण उपासक अप्रार्थ्य प्रार्थक है और धी ह्री श्री वर्जित है धर्म पुन्य से स्वर्ग मोक्ष की वांछा करता है तथा यह शील व्रतादिक तथा पोषध उपवासादिक धर्म तून अभी त्याग कर नहि तब इस तीक्ष्ण खडग करके तेरा टुकड़ा २ कर डालूंगा जिस करके तूं दुःखार्त

जब तक हाथ फैलाने लगा तितने में तो वो देवता आकाश में उड़ गया तिस के हाथ में संभा आ गया तब तिस श्रावक ने बड़े शब्द सेती कोला हल करा तब भद्रा सार्थ वाहिनी तिस पुत्र के वचन के शब्द सुन करके चुल्लनी पिता के पास आ करके कोला हल का कारण पूछा तब तिसने भी अनुभूत सर्व हकीकत माता से निवेदन करी तब माता बोली हे पुत्र कोई भी पुत्र मरा नहीं यह कोई पुरुष तेरे कों उपसर्ग करने वाला जानना तूं इस वक्त भंग व्रत होके और पोषधभी भंग हो गया तिस वास्ते हे पुत्र इस स्थान की आलोचनादिक ग्रहण कर तब वो चुल्लनी पिता श्रावक माता का वचना दिक ग्रहण करके पीछे आनंद की तरह सें अनुक्रम करके इग्यारे प्रतिमा का आराधन करके आखिर में समाधि पूर्वक काल कर के अरुणाभ विमान में देवता पणे उत्पन्न भया महा विदेह में मोक्ष जावेगा ॥ इति चुल्लनी पिता वृत्तान्त कहा ॥ ३ ॥

अब सुरादेव का वृत्तान्त कहते हैं ॥ वाराणसी नगरी में सूर देव नामें गाथा पति रहता था तिसके धन्या नामें स्त्री तथा काम देव की तरह से द्रव्य संपदा और गोकुल होते भया आगुं व्रत उपसर्गा दिक स्वरूप तो सर्व तीसरे श्रावक की तरह से जानना इतना विशेष है तीन पुत्र हतन रूप उपसर्गा करे बाद तिस सूर देव प्रतें अक्षु भित जान करके देवता बोला जोतें इस धर्म प्रतें नही त्यागेगा तो इस वक्त में मैं तेरे शरीरमें षोडश मोटे रोग प्रक्षेप करके अकालमें तुझकों प्राण विमुक्त करूंगा इत्यादिक कोला हल करे बाद भद्रा के ठिकाने धन्या स्त्री जानना बाकी अधिकार उसीमाफिक जानना कहां तक सौ धम देव लोक में अरुण कांत विमान में देव पणें उत्पन्न हुवा महा विदेह में मोक्ष जावेगा ॥ यह सूरा देव का वृत्तान्त कहा ॥ ४ ॥

अब चुल्ल शतक का वृत्तान्त दिखलाते हैं ॥ आलंभिका नामें नगरी में चुल्ल शतक नामें गाथापती रहता था तिस के बहुला नामें स्त्री तथा कामदेव की परें द्रव्य संपदा और गोकुल भी तिसी परें होता भया आगुं व्रतादिक का स्वरूप तीसरे श्रावक की परें जानना सिर्फ इतना विशेष है तिस चुल्ल शतक कों पुत्रों की कदर्थना करके नहीं क्षुभित जान करके देवता बोला कि अगर जो तूं यह धर्म नहीं छोड़ेगा वो अभी तेर अठारे क्रोड सौनैयों को तेरे घर से निकाल करके इस नगरी में तीन चार मार्ग में विखेर दूंगा जिस करके तूं आर्त्तरौद्र ध्यान उपयोग सहित अकाल में

भी प्रसन्न होके स्वामी प्रतें वंदना करके अपने ठिकाने आया तथा पीछे आनंद की त
से अनुक्रम करके इग्यारे उपाशक प्रतिमा उत्तम विधी सहित आराधन कर के वीस व
श्रावक पर्याय पाल करके एक मास की संलेखना सहित काल करके सौ धर्म देव लो
में अरुणाभ विमान में देवता पणों उत्पन्न भया और महा विदेह में मोक्ष जावेगा।
इति काम देव वृत्तान्तः ॥ २ ॥ अब चुल्लनी पिता का वृत्तान्त दिखलाते हैं ॥ औ
वाराणसी नगरी में चुल्लनीपिता नामें गाथा पति वसता था तिस की स्यामा स्त्री त
चौवीस कोटि सौनेया को द्रव्य था आठ आठ कोटि द्रव्य प्रायुक्तनीत्या तस्यापि नि
तादि प्रयुक्त मासीत् । तथा प्रत्येकें दस हज्जार गायका आठ गो कुल याने आठ गोकुल
में असी हजार गाय तव तिसने भी आनंद की तरह से वीर स्वामी के पास बारे व्र
अंगीकार करके अवसर में बड़े पुत्र प्रतें कुटंब में स्थापन करके आप पोषध शाला में
पोषो करके रहा तब आधी रात के वक्त में एक देवता प्रगट हो करके हाथ में खड्ग
ग्रहण करके तिस प्रतें ऐसा कहा अरे चुल्लवी पिता तूं इस धर्म को छोड़ नहीं तब तें
ज्येष्ठ आदि पुत्रों प्रते इस खड्ग करके मारुंगा ऐसा कहने से भी वो जब क्षोभायमान
नहीं भया तब अति कोपायमान होके वो देवता अनुक्रम करके जेष्ठ मध्यम और कनि
तिन के पुत्रों प्रतें लाके तिस के अगाड़ी मार करके तप्त कटाह में प्रक्षेप करके मांस
रुधिर करके तिस श्रावक के शरीर प्रतें शींचा तो भी क्षोभायमान भया नहीं तब वो
देवता चौथी दफै तिस श्रावक प्रतें ऐसा कहा हं हो चुल्लनी पिता तूं जो मेरा कहा हुवा
नहीं मानेगा तो आज में तेरी माता भद्रा सार्थ वाहिनी प्रतें यहां पर लाके तेरे आगे मार
करके तप्त कडाह में प्रक्षेप करके तिस के मांस रुधिर करके तेरे शरीर प्रतें सींचन
करुंगा जिस करके तूं दुःखार्त्त सन् अकाल में मर करके दुक्ख पावेगा ऐसे एक वे
कहा हुवा सुन के क्षोभायमान नहीं भया जान करके दूसरी दफै तीसरी दफे फेर भी
ऐसा कहा तब तिस श्रावक के मनमें ऐसा विचार उत्पन्न हुवा अहो यह कोई भी
अनार्य पुरुष दिखता है और अनार्य के योग्य पाप कर्म आचीर्ण करने वाला दिखता
है जो इसने मेरे तीनों ही पुत्रों को तिस कदर्थना करके मारा अब इस वक्त फेर मेरी
माता प्रतें तिसी माफिक मारने चाहता है अब में इस पुरुष प्रतें जो जल्दी ग्रहण करुं
तो अच्छा है ऐसा विचार करके वो जल्दी से उठ करकै तिस को ग्रहण करने के वास्ते

जब तक हाथ फैलाने लगा तितने में तो वो देवता आकाश में उड़ गया तिस के हाथ में खंभा आ गया तब तिस श्रावक ने वड़े शब्द सेती कोला हल करा तब भद्रा सार्थ वाहिनी तिस पुत्र के वचन के शब्द सुन करके चुल्लनी पिता के पास आ करके कोला हल का कारण पूछा तब तिसने भी अनुभूत सर्व हकीकत माता से निवेदन करी तब माता वोली हे पुत्र कोई भी पुत्र मरा नहीं यह कोई पुरुष तेरे कों उपसर्ग करने वाला जानना तूं इस वक्त भंग व्रत होके और पोषधभी भंग हो गया तिस वास्ते हे पुत्र इस स्थान की आलोचनादिक ग्रहण कर तब वो चुल्लनी पिता श्रावक माता का वचना दिक ग्रहण करके पीछे आनंद की तरह सें अनुक्रम करके इग्यारे प्रतिमा का आराधन करके आखिर में समाधि पूर्वक काल कर के अरुणाभ विमान में देवता पणें उत्पन्न भया महा विदेह में मोक्ष जावेगा ॥ इति चुल्लनी पिता वृत्तान्त कहा ॥ ३ ॥

—प्रत्याख्याना वरण । कषाय चतुष्क क्षयोपशम भवनात् । लभते मानवएतां । देश विरतिमान् विर तोवा ॥ १ ॥

व्याख्या—देश विरति मान गोया पंचम गुण स्थान वर्त्ति [illegible] प्रथम गुण स्थान वर्त्ति वा चतुर्थ गुण स्थान वर्त्ति मनुष्य [illegible] तीसरा कषाय और चौथा कषाय रूप उदय न होनेसे इन सर्व विरति [illegible] भांगे करके सर्व सावद्य योग सेती दूर होना [illegible] सर्व विरति [illegible] नार की तथा विधभव स्वभाव [illegible] सर्व विरती नहीं [illegible] प्राप्त करता है फेर भी यहां बतावे हैं [illegible]

समय उस में कर्म स्थिति के भीतर सेती संख्याता सागरोपम क्षय करने से प्राप्त होता है इसकी स्थिति विस्तारपूर्वक पेस्तर दिखलाई है तथा स्थितिमान तो इसका भी देश विरती के परें जघन्य तो अंतर्मुहुर्त्त और उत्कृष्ट देशें कम पूर्व कोटि वरष जानना इस माफिक सर्व विरती जिनो के विषै वर्त्तै हैं तिस कूं सर्व सर्व विरति याने साधु मुनीराज कूं कहा करते हैं वे दो प्रकार के कहा, एक तो छद्मस्थ और केवली। तहां पर छद्मस्थ तो छट्ठे गुण स्थान से लेके बार में गुण स्थान वर्ति मुनी तथा केवली महाराज तो तेरमें चौदमें गुण स्थान दोय वर्त्ति जीव केवली कहना तहां पर इस प्रकाश में छद्मस्थों का ही अधिकार रहा है तथा केवली महाराज परमात्मा का रूप है इस वास्ते तिनों का स्वरूप ता चौथे प्रकाश में कहेंगे अब यहां पर आदी में सर्व विरती अंगीकार करने वाले पुरुष १ स्त्री २ नपुंसक ३ इन तीनों में योग्य अयोग्य का विचार दिखलाते हैं॥

—अट्ठारस पुरसेसु। वीसं इत्थिसु दसनपुंसेसु। पव्वा
वणा अणरिहा। इय अणला आहि या सुत्ते॥ १॥

व्याख्या—अट्ठारे तरह का पुरष और वीस प्रकार की स्त्री और दश प्रकार का नपुंशक दीक्षा के अयोग्य कहा तब तहां पर दीक्षा के अयोग्य अट्ठारे प्रकार का पुरष दीक्षा के अयोग्य कहते हैं॥ बाले वुड्ढे २ नपुंसेय ३ कीवे ४ जड्डेय ५ वाहिए ६ तेणे ७ रायावगारीय ८ उम्मत्तेय ९ अदंशणे १०॥ । ३ । दासे। ११। दुट्ठेय। १२। मूढेय। १३। अम्मत्ते। १४। जुंगिएइय। १५। उव्वद्धएय। १६। भयए। १७। सेह निप्फेडियाइय॥ १८॥ ४॥

व्याख्या—जन्म से लेके सात आठ वरस तक बालक कहते हैं वो भी जिस तिस कूं पराभव का कारण है तथा चारित्र के परिणाम नहीं होता इस वास्ते दीक्षा के योग्य नहीं तथा बालक को दीक्षा देने में संयम विराधनादिक दोष उत्पन्न होता है तथा फेर [illegible]नियां भी इस माफिक कह देवै कि यह साधू वड़े निर्दयी हैं जिससे बालकूं कूं कों भी [illegible]ल करके दीक्षा रूप कारागार में डालते हैं तिनों की स्वाधीनता मतें उच्छेदन करते हैं [illegible]सी निंदा हो जावे तथा फेर माताके योग्य तिस की परिचय करणें सेती स्वाध्याय भंग [illegible]ता है अब यहां पर सद्। और आनंदाख्य शिष्य प्रश्न करता है कि हे गुरु महाराज

छत्र वर्ष का अइमत्तो कुमर कूं दीक्षा की प्रत्ति कैसे सुनने में आती है यह प्रश्न है अब सरोजोदय गुरु प्रत्युत्तर देते हैं कि हे शिष्य तिस अति मुत्तक कुमर प्रतें तीन काल के जानने वाले भगवान खुद दीक्षा दीवी इस वास्ते दोष नहीं कारण ज्ञानी लाभा लाभ के जानने वालों को स्वाधीन है इस वास्ते दोष नहीं अब यहां पर बाल दीक्षा ऊपर अति मुक्तक कुमर का दृष्टान्त दिखलाते हैं अंत कृद्दशां गाथानुसार करके कहते हैं॥

पोलास पुर नगर में विजय नाम राजा तिस के श्री देवी पट्ट रानी तिसके अति मुक्तक नामें लड़का वो बहुत यत्न कर के वढ़ता भया क्रम करके छै वर्ष का भया तिस अवसर में शहर के बाहिर श्री वीर स्वामी समवसरे तब गौतम स्वामी भगवान से पूछ करके भिक्षा के वास्ते सहर में गया तब बालकूं के साथ खेल रहा था अति मुक्तक कुमर गौतम स्वामी प्रतें देख करके ऐसा वचन कहा आप कौन हो और किस वास्ते घूमते हो तब गौतम स्वामी बोले हम साधू और भिक्षा के वास्ते फिरते हैं तब तो पूज्य आईये आप कूं भिक्षा दिलाउं ऐसा कह करके वो कुमर गौतम स्वामी की अंगुली पकड़ करके अपने घर ले गया तब तो श्री देवी भी हृष्ट होके भक्ति पूर्वक गौतम प्रतें नमस्कार करके प्रति लाभन किया याने आहार वैराया तब अति मुक्तक कुमर फेर बोला कि आप कहां रहते हो जब गौतम स्वामी बोले हे भद्र जिस उद्यान में हमारे धर्मा चार्य श्री वर्द्धमान स्वामी वसते हैं तहां पर में भी रहता हूं तब तो कुमर बोला हे स्वामी में भी आऊं आप के साथ में वीर स्वामी जी प्रतें वंदना करने के लिये तब गौतम स्वामी बोले यथा सुखंदेवानु प्रिय तब तो कुमर गौतम स्वामी के साथ जाके भगवान प्रतें वंदना करी तब भगवान ने धर्मोपदेश दिया तिस प्रतें सुन करके प्रतिबोध प्रतें प्राप्त हुवा अति मुक्तक कुमर दीक्षा ग्रहण करने की इच्छा मगर पिता माता की आज्ञा के वास्ते घर आ करके पिता प्रतें ऐसा कहा हे माता पिता जी में आज श्री वीर स्वामी के पास धर्म सुना वो धर्म मुझको रुचा तब माता पिता बोले हे पुत्र तूं धन्य है और कृतपुन्य है और कृतार्थ है जो तैंने वीर स्वामी के पास धर्म सुना वो धर्म रुचा तब तो वो कुमर फेर बोला हे पिता माता जी मैं तिस धर्म कूं सुन करके संसार भय सेती डरा तथा जन्म मरण से भी डरा तिस वास्ते आप की आज्ञा हो तो श्री वीर स्वामी के पास दीक्षा ग्रहण करने की इच्छा है तब तो

माता अनिष्ट अकांत अप्रिय अश्रुत पूर्व ऐसा वचन सुन करके जल्दी शोक में प्राप्त हो गयी दीन और उदास वदन होके मूर्छा पाके अंगणतल में धसमस करके सर्वांग सहित पड़ गई तब तो दासी जल्दी से सोने के कलस लाके तिस के मुख सेती निकल रही है जलधारा तिस करके रानी के ऊपर जल सींचा तथा हवा करी गोया ठंडे उपचार करने सेती सावधान होके विलाप करती पुत्र मतें ऐसा वचन कहा हे जाया तूं एक ही पुत्र है हमारे इष्ट है कांत है प्रिय है आभरण करंडीये समान अमूल्य रत्न समान हृदय कूं आनंद के देने वाला ऊंवर के फूल की तरह से दुर्लभ है इस वास्ते क्षण मात्र भी तेरा विजोग सह सक्ते नहीं तिस वास्ते हे जाया जब तक हम जीते हैं तब तक ठहरो पीछे सुखें करके दीक्षा ग्रहण करणा तब तो कुमर बोला हे माता आपने सत्य कहा मगर यह मनुष्य भव अनेक जन्म जरा मरण स्वरूप है तथा शरीर मन सम्बंधी अत्यंत दुक्ख वेदनादिक उपद्रवादिक करके पीड़ित होके यह संसार अध्रुव है अशाश्वतो है संध्या भ्रराग सरीखा जलके बुद बुदे समान विद्युल्लता की परें चंचल शडन पड़न विध्वंस धर्म पैली और पीछे अवश्य ही त्याग हो जायगा अब कौन जानता है अपने अंदर कौन पहिली परलोक जावेगा कौन पीछे जावेगा तिस वास्ते तुम्हारी इजाजत हो तो अभी दीक्षा ग्रहण करने चाहता हूं तब तो फेर भी माता पिता कहने लगे हे पुत्र यह तेरा शरीर विशिष्ट रूप लक्षण व्यंजन गुण सहित विविध व्याधि रहित ससौभाग्य निरूप तो दात्त कांत पंचेंद्रियों पसोभित अनेक उत्तम गुण सहित तूं रहा है तिस वास्ते पेस्तर अपने शरीर का सौभाग्यादिक गुण मते भोग करके पीछे परिणत ऊमर होके पीछे दीक्षा ग्रहण करना तब तो कुमर फेर कहने लगा हे माता पिता जो तुमने शरीर का स्वरूप वत लाया सोतो मनुष्य का शरीर निश्चै करके दुःख का ही घर है विविध व्याधि याने नाना प्रकार की सैकड़ों व्यांधि का निकेतन है हाड़ काठ का ऊठा भया सिर नशें वगैरे जाल करके वींटा हुवा है मट्टी के वरतन की परें दुर्वल अशुचिका पुदगल करके संक्लिष्ट शटन पतन विध्वंसन धर्म शरीर का है इस वास्ते पेस्तर और पीछे अवस्य त्याग करना पड़ेगा इस वास्ते कौन इस शरीर के ऊपर राजी रहे तब तो माता पिता फेर भी बोले हे पुत्र यह तेरे पिता मह तथा प्रपिता मह करके आया विपुल धन कनक रत्न मणि मौक्तिक शंख प्रवाल वगैरः आदि लेके अपणें आधीनता का द्रव्य वर्त्ते हैं जो सात पुरष परंपरा गोया सात पीढी

तक अत्यर्थ करके दीनादिक भणी दान देवो तथा आप खावो भोगन करो तो भी क्षय नहीं होवे तिस वास्ते इस माफिक यह द्रव्य अपनी इच्छा करके अच्छी तरह से भोग करके अपने समान रूप लावण्यादिक गुण शालिनी स्वमनो नुगामिनी ऐसी वहुत राज कन्या परणीज करके तिनों के साथ अद्भुत संसारीक काम भोग सुख भोग करके पीछे दीक्षा ग्रहण करणा तव कुमर फेर वोला भो माता पिता तुमने द्रव्यादिक का स्वरूप कहा तहां पर द्रव्य कूं तो अग्नि जल चौर दायेंदार आदि लेके वहुत लोगों का साधारण भाग है अध्रुव है असास्वता है पहिली और पीछे अवश्य त्याग हो जायगा तथा मनुष्य संवंधी काम भोग यह भी अशुची है अशाश्वता है वातपित्त कफ शुक्र शोणित आश्रित है अमनोज्ञ है विरूप मुत्र पूरीष करके पूर्ण है तथा दुर्गंध उत्स्वास निश्वास आता है अबुध जनों के सेवन करने लायक अनंत संसार के वढ़ाने वाले कटुक फल विपाक रहा है इस वास्ते कौन अपना जीवित निर्फल करे तव माता पिता इस माफिक विषयों में अनु लोम वहुत वचन करके तिस कुमर प्रतें लोभाणें कूं असमर्थ भये तथा विषय के प्रति लोम वचनों करके इस माफिक कहने लगे हे पुत्र निग्रन्थ प्रवचन सत्य है अनुत्तर है शुद्ध है शल्प कूं कर्त्तन करणें वाला है तथा मुक्ति का मार्ग सर्व दुःख का नाश करने वाला है इस संयम में रह के जीव मुक्ति जाते है मगर यह संयम लोहमयी चणक चर्वण इव अति दुष्कर है वालुक कवलइव स्वाद रहित तथा भुजा करके समुद्र कूं तिरणा दुस्तर है फेर यह प्रवचन रूप तीक्ष्ण खडगादिक धारा पर चलना पड़ता है इस माफिक जानना तथा रस्सी से वंधी भई महा शिलादिक कूं हाथ करके धारण करना तथा तरवार की धाराकी तरह से व्रत कूं उठाना पड़ेगा तथा फेर साधुवों को आधा कर्मि और उद्देशिकादिक आहार भोजन करना कल्पै नहीं है पुत्र तूं तो सर्वदा सुक्ख में पैदा भया कभी दुक्ख देखा नहीं इस वास्ते तूं शीत उष्ण क्षुधा पिपासा दांस मच्छर आदिक विविध रोगादिक परीषह उपसर्ग प्रतें सहन करनेकूं समर्थ नहीं होगा तिस वास्ते अभी तो तुझकूं दीक्षाके आज्ञा देनेकी इच्छा नहीं करते तब कुमर बोला हे माता पिता जो तुम ने संयम की दुष्करता दिखलाई सो निश्चय करके क्लीब हीन तथा कातर पुरुषों कूं है तथा इस लोक में प्रति बद्ध और परलोक सेती पराङ्मुख विषय तृष्णा वाले जीवों कूं दुष्कर है मगर धीर पुरुषों को नहीं है तथा संसार सेती नहीं डरने

वालों कूं मुशकिल है तिस वास्ते तुमारी आज्ञा हो तो अभी दिक्षा लेने की इच्छा करता हूं तब तो माता पिता फेर भी बोले हे बालक इतना हठ मत कर तूं क्या जानता है तब तो अति मुक्तक कुमर बोला हे माता पिता जो जानता हूं तिसकूं मैं नहीं जानता हूं तथा फेर जो नहीं जानता तिसकूं ही जानता हूं तब तो माता पिता फेर बोले हे पुत्र यह बात कैसे कही तब तो अति मुक्तक कुमर बोला हे पिताजी यह जानता हूं जो जन्मा है वो अवश्य ही मरेगा मगर यह नहीं जानता हूं कब किस तरह कितने काल से कौन घड़ी कबन पल तथा नही जानता हूं कौन कर्म करके जीवादिक नरकादिक के विषै जाता है तथा उत्पन्न होता है तथा यह भी जानता हूं अपने कर्म करके जीव नरक में उत्पन्न होता है तब तो माता पिता तिस कुमर का संयम में चित्त स्थिर जान करके बड़े आडंबर करके निष्क्रमण महोत्सव किया तब अति मुक्तक कुमार स्नान विलेपन वस्त्र आभरणादि करके विभूषित शरीर करा है माता पिता कूं आदि लेके बहुत परिवार सहित बड़ी पालखी ऊपर बैठ कर के नाना प्रकार की वाजित्र ध्वनि हो रही है इस माफिक बड़े धूम से जब शहर के भीतर निकला तब बहुत लोक द्रव्यार्थि भट्टादिक जन मनोज्ञ वाणी करके इस माफिक आर्शीर्वाद देने लगे हे राज कुमार तुम धर्म करके तप करके कर्म रूप शत्रुओं का पराजय करो फेर हे जगत्र में आनंद करने वाला तुझ प्रतें कल्याण हुवो तथा फेर तुम उत्तम ज्ञान दर्शन चारित्र करके पेस्तर नहीं जीतने में आई इस माफिक इन्द्रियों कूं जीतो तथा जय करके साधु धर्म अच्छी तरह से पालन करो फेर तुम निर्विघ्न करके सिद्धि स्थानक प्राप्त हुवो तब अति मुक्तक कुमार की याचक जन स्तवना करते जाते हैं और शहर के नर नारी कूं आदर सहित देख करके अर्थि जनों कूं ईप्सितार्थ दान देता भया शहर के बाहिर निकल करके जहां पर श्री वीर स्वामी का समव शरण रहा है तहां पर आ करके पालखी से उतर करके तब माता पिता कुमार प्रतें अगाड़ी करके श्री वीर स्वामी के पास आके वंदनादिक व्यवहार पूर्वक इस माफिक कहने लगे हे स्वामी यह अति मुक्तक कुमार हमारे इष्ट है मनोहर एक पुत्र है मगर जैसे कमल पंक में पैदा होता है और जल के विषै बढ़ता है मगर पंक जल में लिप्त नहीं होता तिसी तरह से यह पुत्र भी शब्द रूपादिक में उत्पन्न भया तथा गंध रश स्पर्श लक्षण भोग के विषै बढ़ा मगर फेर काम भोग है मित्र ज्ञाति स्वजन संबंधियों के विषै लिप्त

नहीं होवे तथा फेर संसार के भय सेती डर करके आप के पास दीक्षा ग्रहण करने की इच्छा करता है तिस वास्ते हम आप कूं शिष्य रूप भिक्षा देते हैं आप भी कृपा पूर्वक ग्रहण करो तब स्वामी ने फरमाया कि यथा सुखं देवानुप्रिय मा प्रतिबंधं कुरु तब तो अति मुक्तक कुमार भगवान का वचन सुन करके नमस्कार करके उत्तर पूर्व दिशा को आक्रमण करके खुद आप ही आभरण माला अलंकार प्रतें छोड़ते गया तब माता हंस लक्षण पटशाटक करके आभरणादिक ग्रहण करके आंखों में आंसू डालती भई अति मुक्तक कुमार प्रतें ऐसा वचन कहा हे पुत्र प्राप्त हो गया ऐसासंयम योगों के विषै तैं दल करना और अप्राप्त संयम योग कों प्राप्त होने के वास्ते घटना करणा तथा फेर दीक्षा पालने के विषय अपना पुरषा कार सफल करना तथा प्रमाद नहीं करणा तब माता पिता भगवान प्रतें नमस्कार करके परिवार सहित अपने ठिकाने गया तब अति मुक्तक कुमार स्वामी के पास जा करके वंदनादिक करके दिक्षा लीवी तब स्वामी भी पंच महा व्रत ग्रहण करवानें पूर्वक क्रिया कलापादिक सीखने के वास्ते गीतार्थ स्थ विरों के पास सुप्रत करा तब प्रकृति भद्रक तथा विनय वान् अति मुक्तक कुमार श्रमण एक दिन के वक्त में महा वर सात पड़ने से काख में ग्रहण करा भया था पात्रा और रजो हरण ले करके बाहिर प्रदेश में गया तहां पर जल का प्रवाह चलता भया देख के बाल अवस्था के वश सेती मट्टी करके पाल बांधी नाव चलाने के बतौर हो गया तब यह भी पातरे कूं नाव की तरह से कल्पना करके तिस जल में तिरा करके खेलने लगा तब स्थ-विर लोक इस कुमार की अत्यंत अनुचित चेष्टा देख करके तिस की हांसी की तरह से करके भगवान के पास जा करके भगवंत प्रतें ऐसा पूछा हे स्वामी आप का अंते वासी शिष्य अति मुक्तक नामें कुमार श्रमण कितना भव ग्रहण करके मुक्ति जावेगा तब भगवान ने फरमाया कि हे आर्य तुम लोक अति मुक्तक कुमार श्रमण प्रतें मत हीलना करो मत निंदा करो गर्हा करो अपमान मत करो अहो देवानु प्रिय तुम लोक विगर खेद करके ग्रहण करो तथा उन की भात पाणी विनय करके इसकी वैया वच्च करो इलाके नर इसी तो भव अंत करने वाला है और चरम शरीरी है तब तो वे स्थविर भगवान वीर स्वामी का ऐसा वचन सुन करके प्रभू कूं वंदना करके भगवान का वचन विनय पूर्वक [illegible] करके [illegible]

मुक्तक कुमार प्रतैं अखेद करके ग्रहण करा यावत् कैथा वध करने लगे तब अति मुक्तक मुनी भी तिस पापके ठिकाने की आलोचना लेके विविध तप करके संयम आराधन कर के अखीर में अंतकृत्केवली होके मुक्ति गया यह संबंध अंत कृद्दशा विवाह प्रज्ञप्त्याद नुसारैं निरूपण करा । यह बाल दीक्षा के ऊपर अतिमुक्तक मुनी का वृत्तान्त कहा ॥१॥ तथा साठ और सित्तर वरष से आगूं तक वृद्ध कहते हैं तिसका भी समाधान करना मुसकिल है इस वास्ते वृद्ध कूं भी दीक्षा देनी नहीं सोई दिखलाते हैं ॥

—उच्चासणं समीहइ । विणयंन करेइ गव्व मुवव्हइ ॥
बुढ्ढो नदिक्खि अव्वो । जइ जाओ वास देवेण ॥ १ ॥

सुगमार्थः ॥ यह ऊमर सौ वरस के आयु बल की अपेक्षा जानना नहीं तब तो जिस काल में जितना उत्कृष्ट आयु तिसेका दस हिस्सा करके आठमें नवमें भाग मोजूद में वृद्ध पणा समझणा ॥ २ ॥ तथा स्त्री पुरप दोनों की इच्छा करने वाला पुरषाकृति नपुंशक उन कूं पुरप नपुंसक कहना ॥ ३ ॥ तथा जो स्त्री करके निमंत्रित असंवृत स्त्री प्रतैं देख करके काम की अभिलाषा होके वे दो दय सहन नहीं हो सक्ता वो पुरष क्लीब है यह दोनों उत्कृष्ट वेद करकै अकस्मात् उड्डाह पातादिक कारण हो जावे इस वास्ते दीक्षाके योग्य नहीं ॥ ४ ॥ तथा जन्मनपुंशक तीन प्रकारका भाषा करके । शरीर करके क्रिया करके । तहां पर भाषा जड़ तीन प्रकार का ॥ जिस में एक तो जल मूंक १ मन्मन्मूंक २ एलमूंक । ३ । तत्र नाम तहां पर जलमग्न की परें बुड बुडाव मान बोले उस कूं जलमूंक कहते हैं तथा जिसके बोलते भये खच्यमान की तरह से वचन स्खलित होजावे उसकूं मन्मन्मूंक कहते हैं तथा जो फेर एलककी तरहसे मूंक पणा करके अव्यक्त शब्द बोले तिस कूं एलक मूंक कहते हैं । ३ । तथा जो अत्यंत स्थूलपणा करके पंथमें भिक्षाटन के विषै तथा वंदनादिक में अशक्त होवे उसकूं शरीर जड़ कहते है तथा क्रिया प्रति उपेक्षणादिक वारंवार उपदेश करने सेभी जड़पणा करके जो ग्रहण नहीं कर सक्ता उस कूं क्रिया जड़ कहते हैं तहां पर भाषा जड़ ज्ञान ग्रहण करने में असमर्थ होवे तथा शरीर जड़ मार्ग गमनादिक में अशक्त होवे तथा क्रिया जड़ क्रिया ग्रहण कर सक्ता नहीं इस वास्ते दीक्षा होने के योग्य नहीं । ५ । तथा कुष्ट भगंदरादिक अतिसार रोग ग्रस्त

व्याधि सहिने कारण उसकी चिकित्सा करने में छव काय की विराधना होती है इस वास्ते स्वाधायादिक में हानी पहुंचे इस वास्ते दीक्षाके योग्य नहीं। ६। तथा खात खणाने वाला मार्ग पटकने वाला चोरी करने वाला वो भी गच्छ के अन्दर बध बंधनादिक बहुत अनर्थ का कारण सेती दीक्षा के योग्य नही। ७। तथा श्री गृहांतपुर नृप शरीरादि का द्रोह कारक राजा के अपकारी वो भी दीक्षा के योग्य नहीं। ८। तथा यक्षादिक करके महा मोहनीय में विकल दशा में उन्मत्त होगया वो भी दीक्षा देने के योग्य नहीं। ९। तथा नही है दर्शन नेत्र वा सम्यक्त इन दोनों करके रहित याने अंधा स्त्यानर्द्धि में प्रवेश हुवा भया गृहस्थ और साधुवों कूं मारणादिक उपद्रव करे इस वास्ते दीक्षा के योग्य नहीं। १०। तथा घरका दास याने गोला एक तो गोया घर की दासी से पैदा भया या द्रव्य से खरीद करके लाया भया वाद्रव्यादिक में अडाने रक्खा भया हो इन सब कूं दास कहना चाहिये वो भी दीक्षा के योग्य नहीं जिस कारण से तिस कूं दीक्षा देने में तिस का मालिक दीक्षा त्याग करने का उपद्रव करे इस वास्ते योग्य नहीं। ११। तथा दुष्ट दो प्रकार का कषाय दुष्ट १ और विषय दुष्ट। २। तिस में उत्कट कषाय वाला भी अयोग्य तथा विषय दुष्ट अतीव पर स्त्रीयों के ऊपर गृद्ध हो जावा वो भी दीक्षा के अयोग्य है कारण अति संक्लिष्ट अध्य वसाय सेतो। १२। तथा स्नेह अज्ञानादिक वश सेती तत्व ज्ञान शून्य मूर्ख वो कृत्याकृत्य विवेक विकल तथा अर्हत की दीक्षा में गोया मूल विवेक ही है अगर तिस करके रहित होने से दीक्षा के योग्य नहीं। १३। तथा जिस के शिर पर देणा हो वो रिणार्त्त तिस कूं दीक्षा देने में दोष प्रतीत रहा है। १४। तथा जाति कर्म और शरीरादि करके दूषित तहां मातंग हैं कोली छीपा धीवर पुलिंदादिक मोची वगैरे अफर्शी तथा जाति जुंगित अगर फर्श करे तो भी स्त्री मयूर कुर्कट शुकादि पोषक जाति जुंगित तथा वांस वरत के ऊपर चढ़ना नख प्रख्यालन सौकरिक वा गुरिक कों आदि लेके निंदित कर्म कारी कर्म जुंगित तथा कर चरणादिक वर्जित तथा पंगु कुब्ज वामन एकाक्षि आदि लेके शरीर जुंगित इत्यादिक पूर्वोक्त दीक्षा देने के योग्य नहीं लोकीकर्म अवर्णवादादिक दोषान्तर होजाता है। १५। तथा द्रव्य ग्रहण पूर्वक विद्या निमित्त इतना दिन तुम्हारे पास रहूंगा जिसने अपनी पराधीनता कर दिया हो उस कूं अवधि करते हैं तिस के कलहादिक दोष [illegible]

दीक्षा के योग्य नहीं । १६ । तथा भृत्य रुपयों के वास्ते मालिक के आदेश करणे वास्ते प्रवर्त्त भया उस कूं भृतक कहते हैं वो भी दीक्षा के अजोग्य है कारण तिस दीक्षा देने में जिसके यहां नोकरी करता था वो गृहस्थ बड़ी अप्रीति धारण करे । १७ तथा शैक्षस्य दीक्षि तुमिष्ट स्पनिस्फेटिका अपहरणशैक्षानि स्फेटिका उपलक्षण सेती मात पिता की आज्ञा विगर दीक्षा देना तिस कूं शैक्षनिष्फेटिका कहते हैं यह भी दीक्षा अयोग्य है अदत्तादानादिक दोष का प्रसंग होता है । १८ । यह पूर्वोक्त अढारे तरह पुरुष दीक्षा के अयोग्य है तथा फेर बतलाते हैं गाथा द्वारा ॥

गाथा—जे अट्ठारस भेया । पुरिसस्सतहित्थियाइ तेचेव ।
गुव्विणी । १ । सवाल वच्छा । २ । दुन्निइ मे हुंति
अन्नेवि ॥ ५ ॥

व्याख्या—जो अट्ठारे भेद पुरषों का बतलाया दीक्षा के अयोग्य वोई अढारे प्रकार स्त्रियों का जान लेना मगर दो भेद दूसरा दिखलाते हैं जिसमें एक तो गुव्विणी । तथा वालवत्सा बालक कूं स्तन पिलाने वाली यह दो भेद मिलाने से वीस प्रकार की स्त्री दीक्षा के योग्य नहीं तथा दोष भी पूर्ववत् जान लेना । ५ । तथा नपुंसक के सोले भेद आगम में दिखलाया है तिन में दस भेद वाले तो सर्वथा दीक्षा के अयोग्य हैं अति संक्लिष्ट अध्य वसाय सेती अब भेद दिखलाते हैं गाथा द्वारा ॥

गाथा—पंडए वाइए कीवे । कुंभीई सालएइअ ॥ सउणी
तक्कम्म सेवीय पक्खिया पक्खि एइय ॥ ६ ॥
सोगंधिएय आसत्ते । दसएए नपुंसगा ॥ संकिलट्ठ
त्तिसाहूणं । पव्वावेउं अकप्पिया ॥ ७ ॥

व्याख्या—पंडक । १ । वातिक । २ । क्लीव । ३ । कुंभी । ४ । ईर्ष्यालु । ५ । शकुनि । ६ । स्तत्कर्म सेवी । ७ । पाक्षिक अपाक्षिक । ८ । सौगंधिक । ९ । आशक्तश्च । १० । यह दश प्रकार के नपुंसक संक्लिष्ट चित्त वाले इस वास्ते साधुवों के दीक्षा देने अयोग्य कहा है संक्लिष्ट प्रणाम तो इन सबों का अगर विशेषता नहीं है तो भी महा नगर दाह समान

कामाध्य बसाय युक्त है स्त्री पुरष दोनों की सेवा कूं अंगीकार करके गोया दोनों की इच्छा उतपन्न होती है मगर अकिंचित्कर है तथा विशेष इनों का स्वरूप निशीथ भाष्य और प्रवचन सारोद्धार से जानना । अत्र यहां पर सत् । और आनंदभिध शिष्य प्रश्न करता है पुरष के भेद में यहां पर पुरषों के भेद में यहां पर नपुंसक दिखलाया तहां पर विशेषता क्या बतलाई सो कहिये । अत्र उत्तर हे शिष्य तहां पर पुरषाकृति वाले नपुंसक ग्रहण किये यहां पर नपुंसक का कृती वालों का ग्रहण भया गोया नपुंसक दो प्रकार का होता है एक तो पुरष आकृति वाले । और नपुंसक आकृति वाले यह दो तरह का नपुंसक जानना भेद समझ लेना इसी तरह से स्त्री का भेद भी जान लेना ॥ अत्र सोलै भेदों के विषै रहे बाकी छै भेद वाले नपुंसक दीक्षा के योग्य दिखलाया सो कहते हैं गाथा द्वारा ॥

गाथा—वद्धिए ।१। चिप्पिए ।२। चेव मंतओ ।३। सहिउ
वहए ।४। इस सत्ते ।५। तेवसत्तेय ।६। पव्वावे
ज्जनपुंसए ।८।

व्याख्या—आयतर्य गोया के रणवास में राणियों की रक्षा के लिये बाल्यावस्था में छेद करके जिसके वृषण मर्दन कर दिये उस कूं वद्धिक कहते हैं ॥ तथा जिन के जन्म होते ही वृषण अंगुष्ट करके मर्द करके दबा देवे उस कूं चिप्पित कहते हैं [illegible] करके यह दोनूं नपुंसक उदय में होगया तथा किसी के विपि के लगर [illegible] तथा किसी के देव सराप सेती नपुंसक उदय हो जावे तथा किसी के मंत्र [illegible] तथा [illegible] माफिक औषधी प्रभाव सेती स्त्री वेद पुरष वेद समुपातन करने [illegible] नपुंसक [illegible] उदय होवे पर छव प्रकार के नपुंसक दीक्षा के योग्य जानना [illegible] सोलह भेद इनों से व्यतिरिक्त भेद भी बतलाते हैं [illegible] अंगीकार करने वाले हैं सो दिखलाते हैं श्लोक द्वारा ॥

श्लोक—अमंद वैराग्य निमग्न [illegible] । [illegible]
वैरिणः ॥ [illegible] भावा सुविनीत [illegible] । [illegible]

भव्या मुनि धर्म मुत्तमं ॥ ६ ॥

व्याख्या—अमंद अविनश्वर जो वैराग्य तिसमें निमग्न याने लीन भयी बुद्धि
की इस वास्ते क्रोध कों दुर्बल कर दिया हीन बल कर दिया समस्त कषाय रूप वै
तथा रिजु स्वभाव होगया तथा सरल प्रकृति वाले इस वास्ते सुविनीत मन जिनों क
माफिक भव्य जीव उत्तम मुनि धर्म सर्व विरती लक्षण प्रतें भजै प्राप्त करे यहां पर
के पद में वैराग्य की अमंदता ऐसा विशेषण बतलाया रोगादि जन्य क्षण मात्र स
उस वैराग्य से कुछ भी सिद्धि नही है सोई पुष्ट करते हैं गाथा द्वारा ॥

गाथा—रोगेणव सोगेणव । दुक्खेणव जंजडाणउल्लसइ ॥
मग्गंति न वैरग्गं । तं विवुहा अप्प कालंति ॥ १ ॥
सुहि अस्सव दुहि अस्सव । जंवेरग्गं भवेविवेएण ॥
पायं अपच्च वायं तंसियचारित्त तरुवीयं ॥२॥ अनयोः

व्याख्या—जड़ा याने निर्वेक वान् तथा काश श्वासादि रोग करके पीड़ित
पुत्र वियोगार्त्ति जन्य शोक करके तथा वध बंधनादि दुःख करके धिक्कार हुवो
सोगमयी कष्ट बहुत है इस संसार प्रतें ऐसा विचारना रूप जो वैराग्य उल्लसित होवे
वैराग्य प्रतें पंडित जन नहीं चाहते हैं याने इस माफिक वैराग्य वाला सर्व विरत
अजोग्य है तदनर्हत्वं कस्मादित्याह अल्प का लावस्थापित्वं च । अतएव नैतत्सुधिय
हणीय मि त्यादिक अल्प काल का वैराग्य पंडित जन नहीं चाहते हैं रोगादिक नि
भये बाद वैराग्यकी भी निवृत्ति होजावे इस वास्ते पंडित जन नहीं चाहते अत्र यहां
सत् । और आनंदाभिध याने सत्चित् आनंद नामें शिप्य प्रश्न करता है हे महा
सर्व विरतीके योग्य कौनसा वैराग्य है यह पूर्व पक्ष तब सरोजोदय परम गुरु महा
कहते हैं कि हे शिप्य सुहि अस्से त्यादि सुखी ही वा दुखीहो इस माफिक जीवके वि
करके जो वैराग्य होता है तिस वैराग्य की गरज है वो वैराग्य अप्रत्यवाय है ग
अविनश्वर है विवेक मूल करके अगर दुक्ख की निवृत्ति हो जावे तो भी वैराग्य
छोड़े नहीं इस वास्ते चारित्र रूप तरु कूं उत्पादन करने में बीज की पर्रें विवेक रह

यहां पर चारित्रस्य तरूपमातु सम्यक्त मूल विवेक मूल करके तथा प्रथम व्रत स्कंध रूप जानना बाकी व्रत शाखा पणें में तथा सकल क्रिया कलाप जो है सो प्रवालपणें में तथा लब्धि कुसुमपणें में तथा मोक्ष फल पणें में जानना यहां पर प्राये करके ग्रहण करना नंदिषेणादिक के बारे में दृढ़ करते हैं तथा नंदिषेण का जीव वसुदेव भया सो पूर्व भवमें नंदिषेण कुरूप वाला था और उस का स्त्रियों ने अनादर कर दिया था और मनमें अति दुखित होके अविवेक करके भी अविनश्वर वैराग्य पाया इति गाथार्थः॥ अब अवसर से सबंध आया दश विधयती धर्म का सो निरूपण करते है॥

—खंती। १। मद्दव। २। अज्जव। ३। मुत्ती। ४।
तव। ५। संयमेय। ६। बोधव्वे सच्चं। ७। सोयं
। ८। अकिंचणंच। ९। वंभंच।१०। जइधम्मो १०

व्याख्या—क्षांति। याने क्षमा सर्वथा क्रोध का त्याग। १। मार्दव नाम मृदुता सर्वथा मान त्याग। २। आर्जव याने सरलता सर्वथा लोभ माया परि त्याग। ३। मुक्ति निर्लोभता सर्वथा लोभ का त्याग। ४। इस का कहने का प्रयोजन यह है कि मुनियों ने प्रथम चार कषाय का जय करणा ऐसा कहा कारण कषाय जो है सो दोनूं लोक में प्राणियों का स्वार्थध्वंस करने वाला सो फेर भी पुष्ट करते है॥

—को हो पी इं पणा सेइ। माणो विणय-नासणो॥
माया मित्ताणि ना सेइ। लो हो सव्वविणासओ॥ १॥

व्याख्या—क्रोध प्रीति का नाश करता है मान विनय का नाश करता है माया मित्र का नाश करती है तथा लोभ सर्व गुण का नाश करता है॥ १॥

—कोहो नाम मणु सस्स। देहा ओ जायए रिऊ॥
जेणच्च यंति मित्तांइं। धम्मो चपरि भस्सई॥ २॥

व्याख्या—क्रोध एक मनुष्य नाम मात्र के शरीर में उत्पन्न भया याने रिपु है जिस करके मित्र का त्याग हो जाता है और धर्म मेरा भ्रष्ट हो जाता है॥ २॥

—नासिय गुरूवएसं। विज्ञा अहलत्त कारण मसेयं॥
कुग्गह गय आ लाणं। को से वइ सुव्व ओ
मं ३णा ॥॥

व्याख्या—गुरु उपदेशं नासयति। तथा अविद्या रूप ग्रथिलेव करणा बशेसं। कुग्र हएव गज तस्या ला नं वंधन स्थानं। कःसेवते सुव्रती मानं ॥ ३ ॥

—कुडिल गई कूर मई। होइसवा चरण वज्जि ओ
मलिणे। माया इनरो भुयगुव्व। दिठ्ठ मित्तो विभय
जणा ओ ॥ ४ ॥

व्याख्या—कुटिल गती क्रूर मती स्वतः भवति चरण वर्ज्जि तो मलिनःमायादिवान नर भुजंगइव मित्रं दृष्टे मात्रे पिभय जनकः ॥ ४ ॥

—किच्चा किच्च विवेयं। हणइयसा जो विडंणा हेंऊ॥
तंकिरलोह पिसायं। कोधीमंसेवए लोए ॥ ५ ॥

व्याख्या—कृत्या कृत्य विवेकंच। हणति स्वतः विठंवणा हेतू। तस्मात् लोभ पिशाचं कः धर्मानी सेवते लोके ॥ ५ ॥

तथा अन्यत्र भी कहा है सर्व मोक्षांग में कषाय त्यागन करना वही मुख्य मोक्षांग त्वं विद्यतेतं विना इतर क्रियाभिः कदापि मुक्ति की अप्राप्ति मगर प्राप्ती नहीं सोई बात फेर दृढ़ करते हैं ॥

—कड किरिया हिदेहं। दमंति किंते जडा निरवराहं॥
मूलं सव्व दुहाणं। जेहिं कसायाःन निग्ग हिया ॥ १ ॥

व्याख्या—किड़किड़िभूत शरीर कर लिया तथा दमन कर रहे हैं वे जड़ निर अपराधी मतें मगर सर्व दुःखों का मूल कारण येषां पुरषाणां कषायान निर्ज्जिता। जिन पुरुषों ने कषाय दूर नहीं करा नव सर्व वृथा है

—सव्वेसंपितवेसु । कषाय निग्गह समंत वोनत्थि ॥
जंतेण नाग दत्तो । सिद्धो सोवि भुंजंतो ॥ २ ॥

व्याख्या—सर्वेपु अपित पंपु । कषाय निग्रह समंत पोनास्ति । यत् तेन नागद त्तेन सिद्धि गतो वहु सोपि भोजनं विद धतो ॥

नाग दत्त का ना नाम दूसरा कूर गडूक साधुवो निश्चय करके प्रति दिवस तीन दफै भोजन करता था मगर भोजन करते भी केवल कषाय निग्रह के वल सेती केवल रूप श्री पाई यह दृष्टान्त प्रसिद्ध है इस वास्ते यहां पर दिखलाया नही अब अपवाद मार्गा श्रित्य अत्रैव विशेषोदर्श्यते श्लोक लिख्यते ॥

—यःशासनोड्डाह निवारणादि । सद्धर्म्म कार्याय
समुद्यतः सन् । तनोति मायां निरवद्यचेताः ॥
प्रोक्तः सचा राधक एवसुज्ञैः ॥ ११ ॥

व्याख्या—जो मुनि जिन शासन संवंधि उड्डाह निवारणादिक सम्यग् धर्म कृत्य कार्य करनेमें समुद्यतवान है तथा निरवद्य अति संक्लिष्ट अध्यवसाय वर्जित निर्दोषहै चित्त जिनों का इस माफिक हो के शासन की हीलणा मिटाने के वास्ते अगर माया प्रते आचरण करे तो वो मुनी सुज्ञ हैं शोभन ग्यान वंत है उस मुनी कूं ज्ञानियों ने आरा धक वतलाया मगर आज्ञा का विराधक नही कहा कारण शासन संवंधि रूप भावना निवारण सेती तथा खुद ने अंगीकार करी माया तथा लेश मात्र कषाय तिस की आलोचना दिक करके शुद्धी हो जावै इसी वास्ते सिद्धान्त के विषै नव में गुण स्थान तक संज्वलनी माया का उदय कहा है अत्रार्थे दृष्टांतो यथा एक नगर में कोई महा मिथ्या त्वी राजा राज्य करता था तिस राजा के राणी परम जिन धर्मानु रागिणी थी तिनों में परस्पर अत्यंत अनुरक्त पणा था मगर धर्म चिंता के वारे में हमेसा विवाद रहता था तब राजा ने विचार किया जो कोई प्रकार करके इस रानी के धर्म गुरू का [illegible] प्रगट करके दिखलाऊं तब या मौन पकड़े रहेगी और [illegible] में नहीं रहेगी ऐसा विचार करके एक दिन पाया है उपाव तिस राजा ने [illegible] [illegible] [illegible] मंदिर के पूजारे कूं बुला करके एकान्त में कहा कि [illegible] कोई [illegible] [illegible]

मंदिर में रात्रि में निवास करे तवतूं कोई भी गणि का मतें भीतर डाल देना जल्दी कपाट बंध कर के वा हकीकत मुझ मतें कहना तब वो भी राजा की प्रमाण करके अपने ठिकाने जाके कितने दिन बाद तिसी माफिक तिस कार्य मतें राजा से निवेदन किया तब राजा बोला सबेरे की वक्त में जब आऊं तब तैं दर वाजा उघाड़ना तब वो भी राजा का वचन प्रमाण करके अपने ठिकाने गया तिस अवसर में साधुने विचार किया किसी मिथ्यात्वी ने द्वेष बुद्धि धारण करके यह मुझ कूं उपसर्ग करा भया दिखता है अब में भी इस उपसर्गां मतें सम्यक् सहन करूंगा लेकिन सवेरे के वक्त यहां लोक आके देखेगा तब लोकूं में मेरे निमित्त का जिन मताप भाजना पैदा हो जावेगी अब तिस कूं निवारण करणें के वास्ते कुछ इलाज करणा चाहिये ऐसा विचार करके जल्दी उत्पन्न भई है बुद्धि तिस करके तिस मुनी ने तिस मंदिर के मध्य भागमें रहा था दीपक तिस करके अपना वस्त्र उप करणादिक समूह मतें जला करके तिस भस्म करके अपना शरीर लिपन करा तथा रजो हरण की लकड़ी ग्रहण करके वेश्या बैठी भई थी तिस कोने से मंदिर के दूसरे कोने जा करके निश्चंत होके र तब वेश्या तिस साधू का तिस माफिक भयानक स्वरूप देख करके मन में बहुत कम्प भयातुर होके मौन करके एकान्त में रही अब सवेरे के वक्त राजा है सो रानी मतें म का अनाचार दिखलाने की इच्छा है अत्यंत आग्रह करके अपने साथ में ग्रहण कर बहुत नगर में मुख्य जनों के साथमें तहां पर जाकर के पुजारी से कहा कि जल्दी कपा उघाड़ जैसें माता का दर्शन करें तब तिस पुजारीने राजाके हुक्म सेती दरवाजा उघा खिले में तो मुनी भी हाथ में लकड़ी ले करके नग्न स्वरूप हो करके जल्दी से अलख ऐसा शब्द उच्चारण करता भया तहां से निकल करके सर्व मनुष्योंमें होके और ठिकाने गया तथा तिन के पिछाड़ी वेश्या भी निकली तब राजा तो अपने गुरू का ही दुःस्वरूप देख करके अत्यंत लज्जित होके नीचा मुख करके रहा तब रानी बोली क्या तुम में वि करते हो मिथ्यात्व के उदय सेती प्राणियों कूं क्या २ विटंबना नहीं होती है तब राजा जल्दी से उठ करके अपने ठिकाने आके पुजेरी पर क्रोध करके तिस का स्वरूप पूछा तब वो बोला स्वामी मैंने तो आप के कहने के अनुसार ही काम किया था। वक्त में फेर विपरीत होगया वो मैं नहि जानता तब राजा तिस वेश्या मतें बुलवा कर

तिस का स्वरूप पूछा तब वेश्या ने सर्व हकीकत कह के मुनी के मन का धैर्यपणा वर्णन करा तब राजा तिस वृत्तान्त कों सुन करके रानी के वचन सेती प्रति बोध कूं प्राप्त भया और सम्यक्ती श्रावक होगया तथा मुनी महाराज फेर साधू के वेष लेके कषाय स्थान की आलोचना लेके शुद्ध संयम आराधन करके आखिर में उत्तम गती गया यह शासनो ड्डाह निवारण निमित्त माया विधायिमुनि वृत्तान्त कहा अब क्रम से आया तपका स्वरूप कुछ दिखलाते हैं ॥ तपदोप्रकार का बाह्य । अभ्यंतर । तिसका फेर प्रत्येक का छे २ भेद रहा है तहां पर बाह्य भेद दिखाते हैं ॥

—अण सण मूणो यरिया । वित्ती संखे वणं रसच्चा
ओ ॥ काय किले सो संलीणयाय । बझ्झोयतवो
होई ॥ १२ ॥

व्याख्या—तहां पर अनशन आहार का त्याग करणा दो प्रकार का होता है ईत्वर । यावत्कथिक । तहां पर ईत्वर कहते हैं वीर तीर्थ के विषै नमस्कार सहित छ: मास तक होता है और प्रथम भगवान के तीर्थ में वर्ष पर्यंत होता है बाकी तीर्थ करों के आठ मास पर्यंत होता है यह ईत्वर दिखाया अब यावत्कथिक कहते हैं यावत्कथिक पादोपगमन ॥ १ ॥ ईंगिनी ॥ २ ॥ भक्त परिज्ञा ॥ ३ ॥ भेद करके तीन प्रकार का होता है तहां पर भक्त परिज्ञा के विषै त्रिविध चतुर्विध आहारका प्रत्याख्यान शरीर परिकर्म तो स्वप्रतें भी और दूसरे सेती भी कर वावे ॥ १ ॥ तथा ईंगिनी मरण में नो नियमा करके चतुर्विध आहार का त्याग और दूसरे से शरीर शु श्रूषा करने का त्याग आप ईंगित देश में उद्वर्त्त नादि गोया मर्दना दिक शु श्रूषा तो करे ॥ २ ॥ तथा पादप उप गमन के विषै तो अपना शरीर तथा अंगो पांग सम विषम देश में जैसे पड़ा है तिसी तरह से धारण करके निश्चल हो के रहै ॥ तथा ऊनो दरी बत्तीस दर्व का आहार होता है उस में कमती करणा सो दिखाते हैं ॥

—बत्तीसं किर कवला । आहारो कुच्छिपूर ओ भणि
ओ ॥ पुरिसस्स महि लियाए । अट्ठा वीसं भवे
कवला ॥ १ ॥

व्याख्या—इस माफिक अपने आहार का प्रमाण हैं संक्षेप रूप जानना तथा भिक्षा चर्या का संक्षेप याने कमती करना द्रव्य क्षेत्रादि अभिग्रह विशेष करके करना उस कूं वृत्ति संक्षेप कहते हैं तथा रस दही दूध कों आदि लेके तिस का परि करणा उस कूं रस त्याग कहते है तथा काया करके आसण बांध के बैठना तथा लोंचा दिक कष्ट करणा तिस कूं काय क्लेश कहते हैं तथा संलीनता गुप्तना याने गोपन करणा इन्द्री । १ । कषाय । २ । योग । ३ । रोकना । ४ । इस तप कूं करने से लोक भी जाने कुछ कुतीर्थि भी करा करते हैं ॥ इति बाह्यतप ॥ १ ॥ अब अभ्यंतर तप कहते हैं ॥

—पायच्छित्तं विण ओ । वेयावच्चं तहे वसज्झाओ ॥
झाणं उस्स ग्गो विय । अभ्पिंतरओ तवो होइ ॥ १२ ॥

व्याख्या—तहां पर प्राय श्चित्त दश प्रकार का दिखलाते है ॥

—आलोयण । १ । पडि क्कमणे । २ । मीस । ३ ।
विवेगे । ४ । तहा विउसग्गे । ५ । तव । ६ ।
छेय । ७ । मूल । ८ । अण वट्ठ पाय । ९ ।
पारंचियं । १० । चेव । १ ।

व्याख्या —तहां पर आलोचना गुरू के आगूं अपने दुष्कृत कर्मों का प्रकाश करणा तथा प्रति क्रमण याने दोष सेती निवर्त्तन होना फेर करणा नहीं मिथ्या दुष्कृत का देना तथा शुद्धि के वास्ते आलोचना और प्रति क्रमण दोनूं करणा उनकूं मिश्र कहते हैं तथा जो नही ग्रहण करने लायक आधा कर्मादिक आहार ग्रहण करने कूं आदि लेके त्याग करणा तथा ग्रहण कर लिया हो तो उस को त्याग करना तब ही शुद्धि होती है और प्रकार करके नहीं तिस शुद्धि के वास्ते जो आहारादिक का परि त्याग करना उस कूं विवेक कहते हैं तथा व्युत्सर्ग याने काउसग्ग खराब स्वप्न से उत्पन्न भया जो दोष तिस की शुद्धि के वास्ते दोनूं बातें हैं याने प्रथम तो काउसग्ग ध्यान है तथा दूसरा काय चेष्टा का निरोध ॥ ५ ॥ तथा तप पेश्तर बतलाया उस उपाय करके अगर शुद्धि न होवे तो दुष्कृत शुद्धि के वास्ते यथा योग्य विवेकस हित छव मास तक तप करे ॥ ६ ॥ तथा

तथा सूत्र की तरह से अर्थ का चिंत वन करणा उसकूं अनुप्रेक्षा कहते हैं ॥ ४ ॥ तथा अभ्यास कर चुका सूत्र अर्थ दोनूं का और दूसरे कूं उपदेश देना उस कूं धर्म कथा कहते हैं ॥ ५ ॥

अब यहां पर सूत्र दो प्रकार का दिखलाते हैं एक तो अंग प्रविष्ट । १ । और दूसरा अनंग प्रविष्ट । २ । प्रथम अंग प्रविष्ट बतलाते हैं तहां पर ॥

——पायदुग ॥ २ ॥ जंघो ॥ ४ ॥ रू ॥ ५ ॥ गायदुग
द्धंतु ॥ ८ ॥ दोय वाहू आ ॥ १० ॥ गीवा ॥ ११ ॥
सिरंच ॥ १२ ॥ पुरिसो ॥ वारस अंगो सुअवि
सिट्ठो ॥ १ ॥

व्याख्या—इस माफिक प्रवचन रूप पुरुषके अंगमें रहा वो अंग प्रविष्ट बारे प्रकार का रहा है सो दिखलाते हैं । प्रवचन पुरुष के पांव दो आचारांग १ सूत्र कृतांग ॥ २ ॥ तथा जांघ ॥ २ ॥ स्थानांग ॥ ३ ॥ समवायांग ॥ ४ ॥ तथा छाती के दोनूं तरफ वक्ष स्थल दो उस कूं उरू दो कोण से २ विवाह पन्नत्ती ॥ १ ॥ ज्ञाता धर्म कथा ॥ २ ॥ तथा गात्र दो पृष्ट भाग का और उदर रूप यह दो कौन से हैं ॥ उपासक दशा ॥ १ ॥ अंत कृद्दशा ॥ २ ॥ वाहु दोय वे दोय कोन से हैं । अनुत्तरोप पातिक दशा । और प्रश्न व्याकरण ॥ २ ॥ यह दोय । तथा ग्रीवा के तुल्य विपाक श्रुत ॥ ११ ॥ तथा दृष्टि वाद ॥ १२ ॥ शिर की जगें जानना यह अंग प्रविष्ट सूत्र बतलाया अब अंग वाहिर सूत्र बतलाते हैं ॥ आवश्य को पांग प्रकीर्णादिक भेद करके अनेक भेद जानना अब कहते हैं कि दीक्षा ग्रहण करे बाद जितने वरष में जिस सूत्र की वाचना ग्रहण करणा तिसका स्वरूप व्यवहार भाष्य कर के दिखलाते हैं सो गाथा इस माफिक लिखते हैं ॥

गाथा——काल क्कमेण पत्तं । शंवच्छर माइणा उजंजंमि ॥
तंतंमि चेव धीरो । वाएज्जा सोय कालोय ॥ १४ ॥

व्याख्या—काल क्रम करके प्राप्त भया संवत्सर कूं आदि लेके तिस २ वरष में धैर्य वान मुनी वाचै वो काल जानना चाहिय ॥ १४ ॥

—तिवरस्सपरियागस्सउ । आयार पकप्प नाम मभ्झ यणं ॥ चउ वरिसस्सयसम्मं । सूयगडं नाम अंगंति ॥ १५ ॥

व्याख्या—दीक्षा लिये बाद तीन वरस जाने से आचार प्रकल्प नाम अध्ययन करणा तथा चार वरष बाद अच्छी तरह से सूत्र कृतांग अध्ययन करना ॥ १५ ॥ अत्र यहां पर कहते हैं कि आचार प्रकल्पक नाम निशीथ अध्ययन का है तथा फेर भी लिखते हैं ॥

—दस कप्प व्ववहारा । संवच्छर पण गदिक्खियस्सेव ॥ ठाणं समवाओ त्तिय । अंगंते अट्ठवासस्स ॥१६॥

व्याख्या—दशा कल्प व्यवहार तीन प्रकार का है सो दीक्षा लिये बाद पांच वरष जाने से अध्ययन करना कहा ॥

—तथा ठाणांग । १ । समवायांग । २ ।

आठ वरष गये बाद अध्ययन करना चाहिये ॥

—दस वासस्स विवाह । इक रस वासियस्स इमोओ ॥ खुड्डिय विमाण माई । अभ्भझयणा पंच नायव्वा ॥ १७ ॥

व्याख्या—दीक्षा लिये बाद दस वरस गये बाद विवाह प्रज्ञप्ति [illegible] करना तथा इग्यारे वरषगयेबाद खुड्डियविमाणकूं आदिलेके पांच अध्ययनका [illegible] ॥ १७ ॥

—बारस वासस्स तहा । अरुणववायाइं पंच [illegible] ॥ तेरस वासस्स तहा । उट्ठाण सुयाइया [illegible] ॥ १८ ॥

व्याख्या—दीक्षा लिये बाद बारे [illegible] का अध्ययन करणा तथा तेरे वरष गये [illegible] ॥ १८ ॥

था सूत्र की तरह से अर्थ का चिंत वन करणा उसकूं अनुप्रेक्षा कहते हैं ॥ ४ ॥ तथा
भ्यास कर चुका सूत्र अर्थ दोनूं का और दूसरे कूं उपदेश देना उस कुं धर्म कथा कहते
॥ ५ ॥

अब यहां पर सूत्र दो प्रकार का दिखलाते हैं एक तो अंग प्रविष्ट । १ । और
सरा अनंग प्रविष्ट । २ । प्रथम अंग प्रविष्ट बतलाते हैं तहां पर ॥

——पायदुग ॥ २ ॥ जंघो ॥ ४ ॥ रू ॥ ५ ॥ गायदुग
द्धंतु ॥ ८ ॥ दोय बाहू आ ॥ १० ॥ गीवा ॥ ११ ॥
सिरंच ॥ १२ ॥ पुरिसो ॥ बारस अंगो सुअवि
सिट्ठो ॥ १ ॥

व्याख्या—इस माफिक प्रवचन रूप पुरुषके अंगमें रहा वो अंग प्रविष्ट बारे प्रकार
ा रहा है सो दिखलाते है । प्रवचन पुरुष के पांव दो आचारांग १ सूत्र कृतांग ॥ २ ॥
था जांघ ॥ २ ॥ स्थानांग ॥ ३ ॥ समवायांग ॥ ४ ॥ तथा छाती के दोनूं तरफ वक्ष
थल दो उस कूं उरू दो कोण से २ विवाह पन्नत्ती ॥ १ ॥ ज्ञाता धर्म कथा ॥ २ ॥
था गात्र दो पृष्ट भाग का और उदर रूप यह दो कौन से है ॥ उपासक दशा ॥ १ ॥
ंत कृद्दशा ॥ २ ॥ बाहु दोय वे दोय कोन से है । अनुत्तरोप पातिक दशा । और
श्न व्याकरण ॥ २ ॥ यह दोय । तथा ग्रीवा के तुल्य विपाक श्रुत ॥ ११ ॥ तथा
ृष्टि वाद ॥ १२ ॥ शिर की जगें जानना यह अंग प्रविष्ट सूत्र बतलाया अब अंग
ाहिर सूत्र बतलाते हैं ॥ आवश्य को पांग प्रकीर्णादिक भेद करके अनेक भेद जानना
अब कहते है कि दीक्षा ग्रहण करे बाद जितने वरष में जिस सूत्र की वाचना ग्रहण
करणा तिसका स्वरूप व्यवहार भाष्य कर के दिखलाते है सो गाथा इसमाफिक
लिखते हैं ॥

गाथा——काल क्कमेण पत्तं । शंवच्छर माइणा उजंजंमि ॥
तंतंमि चेव धीरो । वाएज्जा सोय कालोय ॥ १४ ॥

व्याख्या—काल क्रम करके प्राप्त भया संवत्सर कूं आदि लेके तिस २ वरष में
धैर्य वान मुनी वाचै वो काल जानना चाहिय ॥ १४ ॥

अतिचारों का स्वरूप विशेष सेती आवस्यादिक ग्रन्थों में कहा है वहां से जान
इन अतीचारों को त्याग करके स्वाध्याय मुनी करते हैं उन कों महा लाभ
है अगर नहीं करे तो विद्याधर की तरह से विद्या निर्फल को आदि लेके महा
न होने का संभव होता है तहां हीना क्षरत्वदोष पणें में विद्याधर का दृष्टान्त
क दिन के वक्त में राज गृही नगरी के पास के उद्यान में श्री महावीर स्वामी
त्र स्वामी के आने की वार्त्ता सुन करके खुश होके श्रेणिक राजा अभय
सहित तहां आकरके तीन प्रदक्षिणा देके नमस्कार करके तहां पर प्रधान सुर
गाधर मनुष्य समुदाय करके विराजमान सभा के विषै अपने योग्य स्थान में
र्म सुन करके पर्षदा के लोक चले गये तब एक कोई विद्याधर आकाश में
रस्ते उड़ने लगे तब फेर पड़ जावे जमीन पर तब श्रेणिक राजा तिस का यह
करके विस्मय होके स्वामी प्रतें तिसके उड़ने और गिरने का कारण पूछा
बोले इस के आकाश गामिनी विद्या मांय से एक अक्षर भ्रष्ट हो गया है तिस
ऊंचा जाणें कूं समर्थ नहीं है तब राजा के पास बैठा था अभय कुमार ने
का ऐसा वचन सुन करके जल्दी तहां जा करके विद्याधर प्रतें ऐसा कहा जो
मांह से एक अक्षर भ्रष्ट हो गया है वो मैं तुझ कूं देऊं जो तुम मने [illegible]
देवे तो तब तिस ने भी प्रमाण करके अभय कुमार हीन अक्षर था सो उस कूं
सिद्ध कराई तब विद्याधर ने भी तिस विद्या प्रतें अभय कुमार कूं दीनी [illegible]
घर आया विद्याधर भी पूर्ण विद्यावान् होके आकाशमें उड़ा [illegible]
गा इस लेश मात्र दृष्टान्त प्रते सुन करके मुनी को भी [illegible]
ना इति हीनाक्षरे विद्याधर दृष्टान्तः तथा स्वाध्याय करने कराने वाले [illegible]
सोले वचन अवश्य जानना सोई अनुयोग द्वारादि [illegible] । [illegible]
। वयण तियं । ३ । कालतियं । ३ । तह्य परोक्ख ।१०। [illegible] ।[illegible]। [illegible]
उकं । १५ । अभ्भत्थं । १६ । चेवसोल समं ॥८३॥
ख्या— ईयंस्त्री । १ । अयंपुमान् । २ । इदं कुलं । ३ । [illegible]
। नपुंसक लिंग । ३ । यह तीन लिंग जानना [illegible]
। एक वचन । १ । द्विवचन । २ । बहु वचन । ३ । [illegible]

—चउदस वरिसस्स तहा । आसि विस भावणं जिणा विंति ॥ पन्नरस वासिगस्सय । दिट्ठिविस भावणं तहय ॥ १६ ॥

व्याख्या—दीक्षा लिये बाद चौदे वरष बाद आशीविष भावणाका अध्ययन करणा जिन कहते हैं तथा पनरे वरष गये बाद दृष्टी विष भावना का अध्ययन करना ॥ १६ ॥

—सोलस वासाई सुय । एगोत्तर वुढ्ढिए सुजह संखं ॥ चारण भावण महसुविण । भावणा तेयगनिसग्गा ॥ २० ॥

व्याख्या—दीक्षा लिये बाद सोले वरस कूं आदि लेएकेक वरस बढ़ाते जाना याने सोले वरस से चारण भावणा । महा सुमणि भावणा तथा तेय गनिसग्ग भावना का अध्ययन करना ॥ २० ॥

—एगुण वीसगस्सय । दिट्ठी वाओ दुवालसम मंगं ॥ संपुन्न वीस वरसो । मणु वाई सव्वसुत्तस्स ॥ २१ ॥

व्याख्या—दीक्षा लिये बाद उगणीस वरस गये बाद दृष्टि वाद बारमा अंग पढ़ै तथा सम्पूर्ण वीस वरस गये बाद तो समग्र अध्यन करने का हुकम है ॥ २१ ॥ तथा फेर भी विशेषता दिखलाते हैं ॥ व्याविद्धत्व विपरीत पणा नहीं । १ । व्युत्याम्रेड़ि तत्वात् अन्योन्य आलावा मिलाना नहीं । २ । तथा हीनाक्षरता नहीं करणा । ३ । तथा अति अक्षरता नहीं करे । ४ । तथा पद हीनता नहीं करे ॥ ५ ॥ तथा विनय हीनता नहीं करे । ६ । तथा उदात्तादि सद्घोष हीन नहीं करे । ७ । तथा योग हीनपणा नहीं करे । ८ । तथा अकृत योग उपचारता तथा सुष्टुदान अल्प श्रुत के लायक पात्र है मगर गुरु महाराज अधिक देवे तो अतीचार । ९ । तथा दुष्टु की वांछा कलुष हृदय करके ग्रहण करके करावे तो अतीचार ।१०। तथा अकालमें स्वाध्याय करे तो अतीचार ।११। नहीं है स्वाध्याय की टैम उस में स्वाध्याय करे तो अतीचार । १२ । तथा काल में नहीं करे तो अतीचार ।१३। तथा स्वाध्याय होजाने से नहीं स्वाध्याय करे तो अतीचार ।१४

का स्वरूप विशेष सेती आवस्यादिक ग्रन्थों में कहा है वहां से जान
ोचारों को त्याग करके स्वाध्याय मुनी करते हैं उन कों महा लाभ
नहीं करे तो विद्याधर की तरह से विद्या निर्फल को आदि लेके महा
ा संभव होता है तहां हीना क्षरत्वदोष पणें में विद्याधर का दृष्टान्त
के वक्त में राज गृही नगरी के पास के उद्यान में श्री महावीर स्वामी
। के आने की वार्त्ता सुन करके खुश होके श्रेणिक राजा अभय
ां आकरके तीन प्रदक्षिणा देके नमस्कार करके तहां पर प्रधान सुर
ष्य समुदाय करके विराजमान सभा के विषै अपने योग्य स्थान में
करके पर्षदा के लोक चले गये तब एक कोई विद्याधर आकाश में
ो लगे तब फेर पड़ जावे जमीन पर तब श्रेणिक राजा तिस का यह
विस्मय होके स्वामी प्रतें तिसके उड़ने और गिरने का कारण पूछा
त के आकाश गामिनी विद्या मांय से एक अक्षर भ्रष्ट हो गया है तिस
ाणें कूं समर्थ नहीं है तब राजा के पास बैठा था अभय कुमार ने
वचन सुन करके जल्दी तहां जा करके विद्याधर प्रतें ऐसा कहा जो
एक अक्षर भ्रष्ट हो गया है वो मैं तुझ कूं देऊं जो मुझ प्रते इस
व तिस ने भी प्रमाण करके अभय कुमार हीन अक्षर था सो उस कूं
राई तब विद्याधर ने भी तिस विद्या प्रतें अभय कुमार कूं दीनी दिया
या विद्याधर भी पूर्ण विद्यावान् होके आकाशमें उड़ा क्रम करके अपने
ेश मात्र दृष्टान्त प्रतें सुन करके मुनी को भी [illegible] दोष त्याग करने
हीनाक्षरे विद्याधर दृष्टान्तः तथा स्वाध्याय करने [illegible] वाले मुनियों
न अवश्य जानना सोई अनुयोग द्वारादि [illegible] । [illegible]
तेयं । ३ । कालतियं । ३ । [illegible] परीसह ।१०। [illegible] ।११। [illegible]
५ । अभक्खं । १६ । [illegible] ॥८३॥

तथा अकरोत् । १ । यह काम करता भया । १ । करोति । २ । नाम करता है । २ करीष्यति । आगूं करेगा । ३ । इत्यादिक अतीत । १ । अनागत । २ । वर्तमान । ३ यह तीन काल जानना तथा स ऐसा परोक्ष वचन तथा अयंइति प्रत्यक्ष वचनं । त उपनय अपनय वचन चार प्रकार का है तहां पर उपनय वचन प्रसंशा वचन जैसे रू वती या स्त्री है तथा अपनय वचन निंदा वचन कुरूपा या स्त्री है तथा उपनय अपन वचन प्रशंषा करके निंदा करणा जैसे रूपवती या स्त्री है परन्तु दुशीला है तथा अपन उपनय वचन । निंदा करके प्रसंशा करे जैसे या कुरूपा है परन्तु सुशीला है तथा चि में कुछ और विचारा है परन्तु ठगने की बुद्धि करके जो कुछ कहने की इच्छा है परन सहसात्करके जो चित्त में था वो बात कह देना तिस कूं अध्यात्म वचन सोलमा कहते जो पुरुष इन सोले वचनों का अज्ञात है और सूत्र बाचनें में प्रवर्त्तन होता है वे मूर जिन वचन उल्लंघन करने वाले जिनाज्ञा के विराधक परन्तु आराधक नहीं इस वास्ते साधुवों कूं इसके ज्ञान पूर्वक प्रागुक्त विधि करके सूत्रार्थ स्वाध्याय करना । ४ । तथा ध्यानं । अंतर्मुहुर्त मात्र काल एकाग्र चित्त अध्यवसाव रखना उस कूं ध्यान कहते है तिस का चार भेद है । आर्त्त । १ । रौद्र । २ । धर्म । ३ । शुक्ल । ४ । भेद सेती तहां पर रित याने दुःख से पीड़ित प्राणियों का मन होना तिस कूं आर्त्त कहते हैं तथा इष्ट वियोग । १ । अनिष्ट संयोग । २ । रोग चिंता । ३ । अग्र शोच विषय । ४ । तहां पर इष्ट शब्द रूप रस गंध स्पर्श लक्षण विषयोंका वियोग कभी भी मुझे मत हुवो इत्यादिक चिंतन इष्ट वियोग विषय । १ । तथा अनिष्ट शब्दादिक विषय के संयोग की अप्रार्थना वो अनिष्ट संयोग विषय । २ । तथा रोग की उत्पत्ति होने से बहुत चिंता करणा उस कूं रोग चिंता विषय कहते हैं । ३ । तथा देवपणा चक्रवर्त्ति पणें की रिद्धि की प्रार्थनादिक अनागत काल विषयिक कार्य शोचना उसकूं अग्र शोच विषय कहते हैं । ४ । यह ध्यान तो शोक आक्रंदन स्वदेह ताड़नादि लक्षण लक्ष्य तीर्यचगती जाने का कारण जानना इस ध्यान का होना छट्ठे गुण स्थान तक जानना तथा रुलावे दुर्बल प्राणी प्रतें उस कूं रौद्र कहते है तथा प्राणी प्रतें मारणें की आत्मा में परणति पैदा होना तिसका यह रूप उसकूं रौद्र कहते हैं तिस रौद्र का चार भेद है हिंसानु बंधि । १ । मृषानु बंधि । २ । चौर्यानु बंधि । ३ । परिग्रह रक्षणानुबंधि । ४ । अब उसके प्रत्येक भेद बतलाते हैं तहां पर आदी

णियों कूं मारणा शस्त्रादि करके बंधन करणा रज्वादि, करके तथा दहन करणा
दि करके तथा अंकन याने दांभ लगाना मारणादि चिंतन करना। १। तथा
ता पणा याने चुगली पणा तथा असभ्य वचन याने विगर विचारा वचन तथा
वचन तथा घातादिक वचन विचारणा। २। तथा तीव्र कोप लोभाकुल माण्युप
त्पर परलोक भय निरपेक्ष पर द्रव्य अपहरण चिंतवन करना। ३। तथा सर्व से
रहे तथा पर घात में उत्कृष्ट विषय सुखका साधक द्रव्यकी रक्षा करना इत्यादिक
ना। ४। यह ध्यान कैसा है प्राणी वधादि लखण लक्ष्य नरकगती में जाने का
जानना इस ध्यान का संभव तो पंचम गुण स्थान वर्त्ति तक जानना कितने
र्य छट्ठे गुण स्थान तक कहते है तथा धर्म क्षमा कूं आदि लेके दस प्रकार का
तिस धर्म के चार भेद हैं। आज्ञा विचय। १। अपाय विचय। २। विपाक
। ३। संस्थान विचय। ४। भेद करके चार प्रकार का जानना तहां पर आदि में
सर्वज्ञ पुरषों की आज्ञा का चिंतवन करना। १। तथा राग द्वेष कषाय इन्द्रिय
के वश वर्त्ति जीव रहा है इस माफिक संसारीक अपाय चिंतवन करना। २। तथा
वरणी आदि लेके शुभाशुभ कर्म का विपाक स्मरण करणा। ३। तथा भू वलय
समुद्र आदि लेके वस्तुवों का संस्थानादिक धर्मा लोच नात्मक। ४। यह ध्यान
क्त तत्व श्रद्धानादि चिन्ह गम्य देव गत्यादिक फल का साधक जानना इस का
तो चतुर्थ सें पंचम सें लेके सप्तम अष्टम गुण स्थान तक जानना तथा शोधन करे
प्रकार कर्म मल प्रतें उस कूं शुक्ल कहते हैं अब उसके चार भेद दिखलाते हैं पृथक्
तर्कसम विचार। १। एकत्व वितर्कऽप्रवीचार। २। सूक्ष्म क्रिया अप्रतिपाती। ३।
च्छिन्न क्रिया अनिवृत्ति। ४। भेद करके चार प्रकार का जाणना॥

व्याख्या—जिस ध्यान में भाव श्रुतानुसार करके अंतरंग ध्वनि रूप विचार अर्थ
सरा अर्थ विचार करणा उसकूं अर्थांतर कहते हैं॥ तथा एक शब्द सेती दूसरा
भया उसकूं शब्दांतर कहते हैं तथा एक योग में दूसरे योग में मन का संक्रमण
उसकूं योगांतर कहते है तथा फेर अपना शुद्ध आत्म द्रव्य है उसकूं दूसरे द्रव्य में
ना उसकूं द्रव्यान्तर कहते हैं तथा एक गुणसे दूसरे गुण में जाना उसकूं गुणान्तर
हैं तथा एक पर्याय से दूसरे पर्याय में जाना उसकूं पर्यायान्तर कहते हैं यह प्रथम

ध्यान का पाया याने शुक्ल ध्यान का प्रथम पाया यह कहां तक पाता है आठ में गुण स्थान से लेके इग्यारे तक होता है ॥ १ ॥ तथा जो फेर निश्चल एक द्रव्य और एक पर्याय एक गुण शब्द से शब्दांतर रहित भाव श्रुत का अवलंबन करके विचार करना यह दूसरा पाया यह पाया बार में गुण स्थान के विषै होता है तथा तेरमें तो ध्यानंतरिका होवे । २ । तथा जहां पर केवली भगवान अचिंत्य आत्म शक्ति करके बादर काय योग के विषै स्वभाव सेती स्थिति करके बादर बचन तथा मनो योग दोनूं कूं सूक्ष्म करे तथा सूक्ष्म वचन मन की स्थिति करके बादर काय योग प्रतें सूक्ष्म पणें प्रप्त करे फेर सूक्ष्म काय योग के विषै फैर क्षण मात्र स्थिति करके जल्दी से सूक्ष्म वचन चित्त का सर्वथा निग्रह करे तब फेर सूक्ष्म काय योग में स्थिति करके सूक्ष्म क्रिया चिद्रूप अपनी आतमा प्रतें स्वेच्छा पूर्वक भोग वै यह तीसरा । ३ । यह तेरे में गुण स्थान के अंत तक होता है । ३ । तथा तहां पर सूक्ष्म क्रिया का समुच्छेद होता है वो चौथा पाया है यह पावै तो चौदमें गुण स्थान में जरूर होता है तब जीव मोक्ष जाता है । ४ । यह ध्यान बाधा रहित लिंगा दिक में मोह करे नहीं तब मोक्ष फल का साधक जानना चाहिये यह धर्म १ और शुक्लध्यान दोनों निर्जरा का कारण है इस वास्ते इन कूं अभ्यंतर में माना है तथा आर्त्त १ और रौद्र । २ । यह दोनो कर्म बंधका कारण जानना इस वास्ते सुदृष्टियों के त्याग करने योग है अगर त्याग नहीं करे तो नंदन मणि यारे की तरह से वा कंडरीक जी की तरह सें महा दुक्ख की प्राप्ति होती है तथा फेर चित्त की चंचलता सेती खोठा ध्यान आभी जावे तो भी धीरे २ प्रसन्न चन्द राज रिषी की तरह से तिसकूं दूर करने का इलाज करणा और बल वीर्य फोरणा तथा सत् ध्यान के विषै अन्वय व्यव च्छेद करके अभ्यास करना । ५ । तथा उत्सर्ग त्याग करने योग्य वस्तु उस का परि त्याग दो प्रकार का होता है ॥ बाह्य । अभ्यंतर । तहां पर बाह्य बतलाते हैं गण समुदाय तथा शरीर उपधि आहार इनका त्याग करना चाहिये तथा दूसरा अभ्यंतर क्रोधादि कषाय त्याग । अब यहां पर सत् । और । आनंद । तथा सत् । चित् । आनंद अभि धानाख्य शिष्य प्रश्न करता है कि हे महाराज उत्सर्ग कूं तो पेस्तर प्रायश्चित के अंदर कह दिया था फेर कहने से क्या जरूरी है तब गुरु महाराज गणाव च्छेद कादि कजोदय कहते हैं कि हे शिष्य प्रश्न ठीक है परन्तु

ार अतीचार शुद्धि के वास्ते दिख लाया था यहां पर तो सामान्य सेती निर्जरा के ते दिखलाया इस वास्ते पुन रुक्ति नहीं। ६। इस माफिक छव प्रकार का कुतीर्थिक ाभि लक्षित अभ्यंतर तप दिखलाया इतने करके तपका स्वरूप पूर्ण भया।१। अब अनु । वसरा यात संयम का स्वरूप कुछ दिखलाते हैं संसामस्त्प प्रकार २ कर के यमनं ाथ योग सेती दूर होना उस कूं संयम कहते हैं उसका भेद सतरे प्रकार से खलाते है॥

—पंचाश्रवा द्विरमणं। पंचेंद्रिय निग्रहः कषाय जयः॥ दंड त्रय विरति श्चेति। संयमः सप्त दश भेदः॥ २४॥

व्याख्या—पांच आश्रव प्राणाति पातादि लक्षण तिस सें दूर होना याने पांच महा धारण करणा अब तिन व्रतों का स्वरूप दिखलाते हैं साधु महाराज त्रश और र सर्व जीव प्रतें मन वचन काया करके आप हणें नहीं। १। । तथा दूसरे से हणवावे नहीं। २। और जो हणता हो उस कूं अच्छा समझै नहीं जीव मारने की आज्ञा भी नहीं देवे। ३। तीन करण तीन जोग सें नव भांगा १। तथा राग द्वेष क्रोध मान माया लोभ हास्य भय कलह वगेरे करके प्राणांत हो तोभी मृषा वाद नहीं बोले। मृषा वाद का चार भेद है सो दिखलाते है। सद्भा षेध।१। असद्भावन।२। प्रर्थंतरा भिधानं।३। गर्हा वचन। ४। तहां पर प्रथम सद्भूत ध कहते हैं। यह आत्मा नहीं है ऐसा कहे तो सद्भाव निषेध कहते हैं।१। अब दूसरा अस द्भाव कहते हैं। श्यामाक तंदुल मात्र ललाटस्थो। आत्मा श्यामाक जाती का चावल र है फेर ललाट पर रहा है ऐसा कहे तो असद्भावोद्भावन कहना चाहिये। २। तीसरा अर्थंतरा भिधान कहते है। गवादिक कूं अश्वादि कहणा। ३। तथा चौथा वचन। ४। तथा कानेको कानाकरेतो गर्हा वचन कहते हैं। इत्यादिक। तथा उप योग सहित हो के त्रिविध २ भांगे करके प्रत्याख्यान करते हैं वास्ते चार प्रकार, का अदत्तान दिखलाते है तिन में। जीव अदत्त तीर्थ कर अदत्त स्वामी अदत्त तथा गुरु अदत्त तिनिमात्र भी ग्रहण करे नहीं।

तहां पर जीव अदत्त सचित्त कहते हैं तथा स्वविनास शंकित होके अपने शरीरकूं अर्प
करे और ग्रहण करने वाले कूं जीव अदत्त का दूषण लगता है वा बल करके दी
देवे तो शिष्य भी जीव अदत्त होगया। १। तथा अचित्त वस्तु ग्रहण करने की ती
करों ने आज्ञादी नहीं सुवर्णादिक वस्तु ग्रहण करे तो तीर्थ कर अदत्त कहना चाहिये।
तथा तीर्थ करों ने आज्ञा दी है परन्तु वस्त्र असनादिक वस्तु स्वामी ने नहीं दी
ग्रहण करे तो स्वामी अदत्तादान कहना।३। तथा स्वामी याने मालिकने आज्ञाभीदी मगर
ने मना कर दिया भो मुनी यह वस्तु ग्रहण करना नहीं तिसकूं लोभादि वस सेती ग्र
करे तो गुरु अदत्त जानना तथा गुर महाराज की आज्ञा विगर आहारादि करे तो
कूं गुरु अदत्त कहते हैं।४। तथा साधू अट्ठारे प्रकारका मैथुन सेवै नहीं तहां पर ऊदारि
शरीर विषय मैथुन मन करके सेवै नहीं॥ सेवावै नहीं।२। तथा सेवतें कूं भला सम
नहीं। ३। सर्व नव भेद होता है इस माफिक औदारिक करके नव भेद भया इस त
से वैक्रिय करके भी नव भेद समझना। एवं सर्व अट्ठारे भेद होता है। ४। तथा स
महाराज संयम के उपकार करने की उपधि सिवाय और सर्व परिग्रह का त्रिविध
भांगें करके परित्याग करे तथा संयम की उपकारिक उपधि दो प्रकार की जानना जि
में एक तो औधिक। और दूसरी औप ग्रहिक। २। तहां पर जो वस्तु प्रवाह कर
ग्रहण करने में आवै सो और कारण में भोगमें लावे उसकूं औधिक कहते हैं तथा व
पात्रादिक रजो हरणादि चौदे प्रकार का तथा कारण पड़ने से ग्रहण करके और कार
में इस्तमाल में लावे उसकूं औप ग्रहिक कहते हैं जैसे संथारा पाटादिक अनेक भेद
इन दोनूं पूर्वोक्त उपधि औधिक औपग्रहिक के ऊपर मुनी ममत्व धारण करे नहीं मम
करके रहित होना और संयम यात्रा के वास्ते दो प्रकार की उपधि धारण करने वा
मुनी परिग्रह रहित भया करते हैं सोई शास्त्र में दिखलाया है

—नसो परिग्ग हो वुत्तो। नाय पुत्तेण ताइणा॥
मुच्छा परिग्ग हो वुत्तो। इइवुत्तं महेसिणा॥ १॥

व्याख्या—दश वै कालिक मध्ये लिखितं परिग्रह नहीं कहा ज्ञात पुत्र याने सिद्धा
राजा का पुत्र मूर्च्छा कूं परिग्रह बतलाया है या बात महर्षियोंने कही है। १। अब क

। तथा श्रावकादिक में। तथा क्षेत्र करके ग्राम नगरादिक में।
था काल करके सरद रितू आदिक वा दिव सादिक तथा भाव
तथा क्रोधादिक। ५। तथा पांच महा व्रत के उपयोगी छट्ठा रात्रि
ों मुनियों कूं अवश्य धारण करना चाहिये। रात्रि भोजन की
ा दिन कूं ग्रहण करा और दिन कूं भोजन करना। १। दिन
त्रे कूं भोजन करे। २। तथा रात कूं ग्रहण करा दिनकूं भोजन
ं ग्रहण करा और रात कूं भोजन करना। ४। यह चार प्रकार
हा व्रतधारी का व्रत में घात करने वाला है तथा स्वमत और
ध किया है तथा रात्रि भोजन में प्रत्यक्ष दूषण रहा है कुंथ्वादिक
